- उच्च न्यायिक सेवा में पदोन्नत जजों के लिए आरक्षण देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार -12

- केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल बोले- आयातकों और निर्यातकों को नई सूचना देगा टीआईए -12



- ट्रंप पर बढ़ा यौन अपराधी एपस्टीन से संबंधित फाइलें जारी करने का दबाव -13

- रिकू के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु पर बढ़त बनाई -14


6th वार्षिकोत्सव विशेषांक
मेरा शहर-मेरी प्रेरणा

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अमावस्या 12:17 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 20 नवंबर 2025, वर्ष 4, अंक 90, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## छह साल का साथ, अटूट विश्वास

सादर प्रणाम।

आज अमृत विचार केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि सच और सकारात्मकता की उस यात्रा का प्रतीक है, जिसने आप सभी के अटूट विश्वास के सहारे अपने छह वर्ष सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर, हम आप सभी का हृदयतल से आभार व्यक्त करते हैं और कोटिश: बधाई देते हैं।

वर्ष 2019 में बरेली की पावन धरा से जब हमने अपनी यात्रा शुरू की थी, तब बाजार में अनेक चुनौतियां थीं, लेकिन हमारे पास एक संकल्प था – पत्रकारिता के उच्चतम मूल्यों को पुन: स्थापित करने का। हमने तय किया था कि हम केवल खबरें नहीं छापेंगे, बल्कि उन खबरों के पीछे का सच सामने लाएंगे, जो समाज को प्रभावित करती हैं। इन छह वर्षों में हमने निष्पक्षता को अपना धर्म बनाया। चाहे वह स्थानीय स्तर की समस्याएं हों या राष्ट्रीय मुद्दे, अमृत विचार ने हमेशा बेबाकी से अपनी बात रखी है। नियमित खबरों के साथ साथ पाठकों को अपडेट रखने के लिए सप्ताह में सातों दिन अलग -अलग विषय पर विशेष फीचर पेजों का संयोजन भी किया जा रहा है।

इस यात्रा में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन आपके समर्थन ने हमें हर चुनौती का डटकर सामना करने की शक्ति दी। आज, बरेली से शुरू हुआ यह कारवां लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद, हल्द्वानी और अयोध्या तक पहुंच चुका है, और यह विस्तार आपके भरोसे का सीधा प्रमाण है। जल्द ही हम अमृत विचार के दिल्ली, देहरादून और मेरठ संस्करण की शुरुआत की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

हमारा मानना है कि पत्रकारिता केवल समस्याओं को उजागर करने तक सीमित नहीं है। हमारा उद्देश्य समाधान-उन्मुख पत्रकारिता करना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। अमृत विचार आगे भी इसी पथ पर चलता रहेगा। हम सनसनीखेज पत्रकारिता से बचते हुए, तथ्यों पर आधारित और चिंतन पूर्ण सामग्री अपने पाठकों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा हर शब्द समाज के निर्माण में एक सकारात्मक भूमिका निभाए, यही हमारा लक्ष्य है।

इन छह वर्षों की सफलता ने हमारे हौसलों को और मजबूत किया है। इस अवसर पर, हम यह संकल्प लेते हैं कि अमृत विचार समाचार पत्र को हम पत्रकारिता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। तकनीकी रूप से उन्नत होते हुए, हम डिजिटल माध्यमों पर भी अपनी पकड़ मजबूत करेंगे, ताकि हर वर्ग के पाठक तक पहुंच बनाई जा सके।

हम एक बार फिर अपने पाठकों का, जिन्होंने हमें अपना दैनिक साथी बनाया... अपने विज्ञापनदाताओं का, जिन्होंने हमारे मूल्यों पर भरोसा किया... अपने वितरकों का, जिन्होंने घर-घर तक हमें पहुंचाया और अपने मेहनती कर्मचारियों का, जिन्होंने इस सपने को हकीकत में बदला, हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आपका विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हम आपके आभारी हैं और भविष्य में भी इसी जोश और ईमानदारी के साथ आपकी सेवा में तत्पर रहेंगे।

**डॉ. केशव अग्रवाल**
चेयरमैन

**डॉ. अशोक अग्रवाल**
प्रेसिडेंट

**डॉ. वरुण अग्रवाल**
डायरेक्टर

**डॉ. अर्जुन अग्रवाल**
डायरेक्टर

अमृत विचार समूह

## मनमोहक...

पुट्टपर्थी में दिवंगत आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साईं बाबा की जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर बाबा को नमन किया। प्रधानमंत्री मोदी भी समारोह में उपस्थित रहे, उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबा की शिक्षाएं और सेवा दुनियाभर में लाखों अनुयायियों का मार्गदर्शन करती रहेंगी।

# अल फलाह ग्रुप का अध्यक्ष 13 दिन की ईडी हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

- एजेंसी ने कहा-सिद्दीकी के पास विदेश भागने के कई कारण

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को 13 दिनों के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। वही, एजेंसी ने अदालत को बताया कि सिद्दीकी के पास भारत से भागने के कई कारण हैं क्योंकि उसके परिवार के करीबी सदस्य खाड़ी देशों में बसे हुए हैं।

सिद्दीकी को संघीय जांच एजेंसी ने मंगलवार रात फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय समूह के खिलाफ दिनभर की छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था। यह विश्वविद्यालय 10 नवंबर को लाल किले के निकट हुए विस्फोट की जांच के केंद्र में है, जिसमें 15 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। ईडी ने अदालत को बताया कि सिद्दीकी ने अपने ट्रस्ट द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों के साथ बेईमानी से 415 करोड़ रुपये की आय अर्जित की। सिद्दीकी को मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान के आवास पर पेश किया गया।

# भारत जैविक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर अग्रसर : प्रधानमंत्री

## मोदी ने किया दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

कोयंबटूर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत जैविक खेती का वैश्विक केन्द्र बनने की राह पर है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह देश की स्वदेशी और पारंपरिक पद्धति है। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की शानदार जीत के बाद मोदी ने अपने यहां आगमन पर लोगों द्वारा गमछा लहराने का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि बिहार की हवा उनसे पहले ही तमिलनाडु में आ गई हो। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला राजग अगले साल विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन से मुकाबला करेगा। विपक्षी गठबंधन एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से हटाने के लिए भरसक प्रयास कर रहा है।

दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025 और एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने नौ करोड़ किसानों को सहायता देने के लिए पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी की। इस किस्त की कुल राशि 18,000 करोड़ रुपये से अधिक है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरता में कमी आई है और जैविक खेती को पूरी तरह से समर्थन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण और जैविक खेती मृदा संबंधी समस्याओं का समाधान है।

कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि सम्मेलन का शुभारंभ करते पीएम मोदी। ● एजेंसी

- 18,000 करोड़ रुपये की पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी
- फसल विविधीकरण और जैविक खेती मृदा संबंधी समस्याओं का समाधान

### जलवायु परिवर्तन से निपटने में मददगार

प्रधानमंत्री ने कहा कि साथ ही जैविक खेती जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी मदद करती है। प्रधानमंत्री ने जब दो छात्राओं को राष्ट्र के आर्थिक परिवर्तन के लिए उनके दृष्टिकोण की सराहना करते हुए तख्तियां लहराते देखा तो उन्होंने सुरक्षाकर्मियों से इन तख्तियों को लाने को कहा और छात्राओं की सराहना की। इससे पहले प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे से कोयंबटूर जिला लघु उद्योग संघ मैदान तक लगभग दो किलोमीटर की दूरी तक रोड शो किया तथा आम नागरिक एवं पार्टी कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर खड़े थे। उनके स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये और लोगों ने प्रधानमंत्री के वाहन पर फूल बरसाए जबकि प्रधानमंत्री ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में वांछित अनमोल कोर्ट में पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के आरोपी एवं गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को बुधवार को यहां एक अदालत में पेश किया गया। एनआईए ने अमेरिका से प्रत्यर्पण के उपरांत गिरफ्तार किए गए अनमोल को शाम करीब पांच बजे पटियाला हाउस अदालत में पेश किया। संघीय एजेंसी ने अनमोल को विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा के समक्ष पेश करने के बाद उसे 15 दिन की हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। अदालत परिसर और उसके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मीडियाकर्मियों को अदालती कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति नहीं थी। राकांपा के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या, अप्रैल 2024 में बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर गोलीबारी, पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या समेत कई अन्य अपराधों में वांछित अनमोल को मंगलवार को अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया। उसे पिछले साल नवंबर में अमेरिका में हिरासत में लिया गया था।

- एनआईए ने मांगी 15 दिन की हिरासत

## न्यूज ब्रीफ

### मिशेल बैचलेट को इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार

**नई दिल्ली।** चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचलेट को बुधवार को वर्ष 2024 का इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रदान किया गया। इंदिरा गांधी स्मारक न्यास की प्रमुख सोनिया गांधी ने मिशेल को यह पुरस्कार प्रदान किया। उन्हें शांति, लैंगिक समानता, मानवाधिकार और विकास में उनके योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। इंदिरा गांधी स्मारक न्यास द्वारा इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रति वर्ष विश्व के किसी ऐसे व्यक्ति या संस्था को प्रदान किया जाता है जिसने समाज सेवा, निरस्त्रीकरण या विकास के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।

### एयरोस्पेस मेडिसिन का वार्षिक सम्मेलन आज

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह गुरुवार को इंडियन सोसाइटी ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन (आईएसएएम) के दो दिन के 64 वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन का आयोजन बेंगलुरु स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन (आईएएम) में किया जा रहा है। इसमें देश-विदेश से लगभग 300 प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रतिभागियों में डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं और इसरो के प्रमुख वैज्ञानिकों सहित संबद्ध संस्थानों के शोधकर्ता भी शामिल होंगे।

## मुकदमेबाजी से बचने को अकेली महिलाएं बनाएं अपनी वसीयत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उन सभी महिलाओं से अपील की जिनकी संतान या पति नहीं हैं, कि वे अपने माता-पिता और ससुराल वालों के बीच संभावित मुकदमेबाजी से बचने के लिए वसीयत बनाएं। शीर्ष अदालत ने हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम-1956 का हवाला देते हुए कहा कि उस समय संसद ने यह मान लिया होगा कि महिलाओं के पास स्व-अर्जित संपत्ति नहीं होगी, लेकिन इन दशकों में महिलाओं की प्रगति को कम करके नहीं आंका जा सकता।

- परिवार में संपत्ति विवाद को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की अपील

पीठ ने कहा कि इस देश में हिंदू महिलाओं सहित महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता ने उन्हें स्व-अर्जित संपत्ति बनाने के लिए प्रेरित किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि किसी हिंदू महिला की मृत्यु बिना वसीयत के और उसके पुत्र, पुत्री और पति के अभाव में हो जाती है, तो ऐसी स्व-अर्जित संपत्ति केवल उसके पति के उत्तराधिकारियों को ही मिलेगी, तो संभवतः जहां तक मायके वालों का सवाल है, यह उनके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। हम इस संबंध में भी कोई टिप्पणी नहीं करते हैं।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(1)(बी) को चुनौती देने के लिए एक महिला वकील द्वारा दायर जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए यह सुझाव दिया।

## हिडमा के बाद खूंखार नक्सली मेटरू भी ढेर

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मारेडुमिल्ली में छह माओवादियों के मारे जाने के एक दिन बाद बुधवार को आसपास के क्षेत्र में हुई एक अन्य मुठभेड़ में सात और माओवादी मारे गए हैं। जिनमें खूंखार नक्सली कमांडर मेटरू जोखा राव भी शामिल है।

- आंध्र प्रदेश में मुठभेड़ के दौरान सात माओवादी मारे गए

खुफिया एडीजी महेश चंद्र लड्ढा ने कहा कि मृतकों में तीन महिला माओवादी भी शामिल हैं, और उनकी पहचान की जा रही है। लड्ढा ने कहा कि आज की कार्रवाई मंगलवार को हुई पहली मुठभेड़ की जगह से सात किलोमीटर दूर हुई। एक की पहचान श्रीकाकुलम निवासी मेटरू जोखा राव उर्फ शंकर के रूप में हुई है, जो आंध्र ओडिशा सीमा (एओबी) का प्रभारी (एसीएम) था और तकनीकी चीजों, हथियार निर्माण, संचार में विशेषज्ञता रखता था।

# राज्यपाल से मिले नीतीश, सरकार बनाने का दावा

पटना, एजेंसी

- आज शपथ ग्रहण समारोह, 10वीं बार संभालेंगे बिहार सीएम का पद

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार ने बुधवार को राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंपा। साथ ही उन्होंने राजग के विधायकों का समर्थन पत्र देकर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

राजभवन सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नीतीश कुमार का इस्तीफा स्वीकार करते हुए नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू की और उनसे कार्यकारी मुख्यमंत्री के रूप में पद पर बने रहने का अनुरोध किया। गठबंधन नेताओं ने राज्यपाल से आग्रह किया कि राजग के पास बहुमत का समर्थन है, इसलिए उन्हें सरकार बनाने का अवसर दिया जाए। राज्यपाल ने समर्थन पत्र स्वीकार कर आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे पहले राजग विधायक दल की बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से नेता चुना गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें 75 वर्षीय नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इससे पहले राजग के प्रमुख घटक दलों ने बुधवार को अपने-अपने विधायक दल के नेताओं को चुना।

### सम्राट चुने गए भाजपा विधायक दल के नेता

भाजपा के विधायक दल की बैठक में नव-निर्वाचित विधायकों ने सम्राट चौधरी को नेता चुना। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि भाजपा के विधायकों ने सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता और विजय सिन्हा को उपनेता चुना है। बैठक में केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति सह-पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे। भाजपा के एक नेता ने बताया कि कुल 10 नवनिर्वाचित विधायकों ने सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के नाम क्रमश: नेता और उपनेता के रूप में प्रस्तावित किए, जिन्हें सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया।

# वैश्विक निवेशकों की पसंद बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एलओसी से बढ़ी विकास की रफ्तार, स्टार्टअप इकोसिस्टम भी हुआ मजबूत
- सरकार की नीतियों से तेजी से बढ़ रहे उद्योग, लाखों युवाओं को मिला रोजगार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। न केवल उद्योगों की रफ्तार बढ़ रही है बल्कि स्टार्टअप इकोसिस्टम भी मज़बूत हुआ है। दरअसल, 6.77 लाख करोड़ के एलओसी (लेटर ऑफ कंफर्ट) से भी विकास की गति तेज हुई है। इसे राज्य सरकार की ही नीतियों का प्रभाव माना जा रहा कि यूपी में तेज़ी से बढ़ रहे उद्योगों के कारण लाखों युवाओं को रोजगार भी मिला।

योगी सरकार ने निवेश बढाने के लिए 33 से अधिक क्षेत्र विशिष्ट नीतियां लागू की हैं, जो उभरते औद्योगिक क्षेत्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं।

राज्य की फ्लैगशिप, औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022, एफडीआई व एफसीआई नीति-2023 के साथ ही सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा और डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों की नीतियों ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेशकों के लिए विश्वसनीय और संभावनाओं से भरपूर गंतव्य बना दिया है। निवेश के बाद प्रोत्साहनों को सरल और तेज बनाने के लिए प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण किया गया है। वही एक उच्च-स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (एचएलईसी) से हर महीने औसतन 10 लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) भी जारी किये जा रहे है। वर्ष 2025 में ही औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत 6.77 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 70 से अधिक एलओसी स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही एफडीआई व एफसीआई नीति 2023 के अंतर्गत 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के एलओसी जारी किए जा चुके हैं।

समीक्षा

### मुख्यमंत्री ने मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन की विकास कार्ययोजना को परखा

# जनहित के लिए धन की कमी नहीं, जरूरत पर और मिलेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित के कार्यों में धन की कमी न होने की जानकारी साझा करते हुए आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बजट देने का भरोसा जताया है।

बुधवार को मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नगरों का विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो, बल्कि उनका स्वरूप ऐसा बने जिसमें स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन दिखे।

- योगी बोले, सरकार पर निर्भरता कम करें, प्रोजेक्ट बनाते वक्त आय सृजन की भी सोचें
- तीनों शहरों में 478 विकास परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार, मेरठ में बनेगा बाईपास

योगी ने निर्देश दिया कि योजनाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री ने मेरठ में प्रस्तावित बिजली बम्बा बाईपास को लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर पीपीपी मोड में विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पहले चरण की कार्ययोजना के रूप में वर्ष 2025-26 में मेरठ में 11, कानपुर में 13 और मथुरा-वृंदावन में 14 परियोजनाओं पर कार्य किया जाए। इन परियोजनाओं में यातायात सुधार, चौराहों का पुनर्विकास, मल्टीलेवल पार्किंग, हरित क्षेत्र, सड़क और पेवमेंट सुधार, बिजली लाइनों का भूमिगतकरण, जल प्रबंधन, पर्यटन सुविधाओं का उन्नयन और शहरी सौंदर्यीकरण जैसी जरूरतों को प्राथमिकता दी गई है। योगी ने अधिकारियों को रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर निजी क्षेत्र का सहयोग लेने और जहां संभव हो वहां पीपीपी मोड अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास का उद्देश्य ऐसा शहरी ढांचा तैयार करना है जो यातायात को सुगम बनाएं, पैदल यात्रियों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें, हरे-भरे शहरों की दिशा में आगे बढ़ें।

### विरासत और पर्यटन आधारित मॉडल

बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से तीनों मंडलों के मंडलायुक्तों ने कार्ययोजना से अवगत कराया। बताया गया कि अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के लिए भी विकास मॉडल अपनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से विमर्श और विभागों के बीच समन्वय कर इन शहरों में कुल 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार है। इनमें मेरठ में 111, कानपुर में 109 और मथुरा-वृंदावन में 258 परियोजनाओं का विकास प्रस्तावित है।

अमृत विचार

कानपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025



## न्यूज ब्रीफ

### भटके छात्र को होमगार्ड ने पिता से मिलाया

**गुरसहायगंज।** मां और मामा की डांट से नाराज होकर स्कूल जाने की बात कह घर से निकला छात्र भटक गया। ड्यूटी से लौट रहे होमगार्ड ने उसे पिता से मिला दिया। बुधवार को ड्यूटी से लौट रहे होमगार्ड वीरेश कुमार गुप्ता ने संदिग्ध अवस्था में दिखे छात्र वीर सिंह (8) पुत्र सुरेंद्र सिंह यादव से पूछताछ की। छात्र ने बताया कि वह फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज ग्राम लैनगांव का निवासी है। वर्तमान में मामा रविंद्र सिंह निवासी गांव बछुइया अडंगापुर कन्नौज के यहां अपनी मां नन्ही देवी के साथ रहता है। मां व मामा की मारपीट से परेशान होकर वह लक्ष्मी नारायण शिक्षा सदन स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकला और भटक गया। अपने पापा के पास जाना चाहता है। छात्र ने पापा का मोबाइल नंबर बताया। होमगार्ड फोन कर पिता को कस्बा चौकी बुलाया और आधार कार्ड का सत्यापन करने के उपरांत पुत्र सौंप दिया।

### पूर्व सांसद ने किया गांव के प्रवेश द्वार का लोकार्पण

**जलालाबाद।** भाजपा के पूर्व सांसद ने गांव के प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया। भाजपा के पूर्व सांसद ने डबल इंजन की सरकार में कराए जा रहे विकास कार्यों पर चर्चा की और एसआईआर में सरकारी कर्मचारियों का सहयोग करने की अपील की। बुधवार को ब्लॉक जलालाबाद के ग्राम पंचायत तेरारागी में गांव के बाहर बने प्रवेश द्वार का पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने लोकार्पण किया। डबल इंजन की सरकार में कराया जा रहे हैं विकास कार्यों की समीक्षा कर कार्य गिनवाये। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, अभिमन्यु सिंह, मंगलम पांडे, दिलीप पांडे, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजीत पांडे, सत्येंद्र कटियार, मलिक पांडे, अन्नू कटियार, उदय कटियार, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### युवक ने आत्महत्या का किया प्रयास

**कन्नौज।** बीमारी से तंग युवक ने फंदा लगाकर जान देने का प्रयास किया। परिजन उतार कर जिला अस्पताल लाये। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मिरगांवा निवासी हसनेन (25) पुत्र शहवाज खां काफी समय से बीमार हैं। लाभ न मिलने से उसने सुबह 9:30 बजे मकान के अंदर गले में फंदा डालकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां से रेफर कर दिया गया।

### ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में तीन घायल

**जसोदा।** बुधवार को जसोदा चौकी क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर निवासी मुन्नालाल वर्मा अपनी नातिन लक्ष्मी के साथ जसोदा दवा लेने के लिए ईरिक्शा से जा रहे थे। तभी गंगा रोड से पहले जीटी रोड पर टिकैयापुरवा निवासी अरुण बाइक से आ रहा था। ईरिक्शा व बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों ने लक्ष्मी को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जबकि मुन्नालाल को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं मोटरसाइकिल चालक भी घायल हो गया।

### कस्बा चौकी से होगी व्यापारियों की सुरक्षा

**गुरसहायगंज।** नगर पंचायत तालग्राम में कस्बा चौकी का एसपी व चेयरमैन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। एसपी ने कहा कि कस्बा चौकी की स्थापना से व्यापारियों व नागरिकों को सुरक्षा मिलेगी। नगर पंचायत तालग्राम की कस्बा चौकी का पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार व चेयरमैन मोहसिन खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उमेश कुमार, राजा ,अतुल गुप्ता, बाहार अंसारी, राजेश शर्मा, नरेंद्र शाक्य, अरशद, कादिर मंसूरी, राशिद अंसारी, राजीव गोयल, मनोज ठाकुर, अक्षय कुमार, श्री राम सैनी, कुनाल कश्यप, संजीव कुमार, पुरुषोत्तम नारायण, प्रमोद मिश्रा, बड़े बाबू दीपक सविता आदि मौजूद रहे।

### कंटेनर की टक्कर से एंबुलेंस चालक घायल

**फर्रुखाबाद।** डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में मंगलवार रात लगभग 11 बजे घायल सत्येंद्र यादव को भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जयसिंह ने उनका इलाज शुरू कर दिया है। सत्येंद्र यादव एक निजी एंबुलेंस चला रहे थे। बुधवार सुबह उनके ममेरे भाई अनमोल ने बताया कि सत्येंद्र अपनी एंबुलेंस से गांव महमदपुर गढिया से फर्रुखाबाद आ रहे थे। तभी इटावा-बरेली हाईवे पर समृद्धि कोल्ड स्टोरेज के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण सत्येंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया।

# स्लीपर बस पलटी, 37 यात्री घायल

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ठठिया थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के हुआ हादसा

संवाददाता तिर्वा (कन्नौज)

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ठठिया थाना क्षेत्र में स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में 37 यात्री घायल हो गए। सभी को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बुधवार की सुबह करीब 3:30 बजे दिल्ली से गोंडा जा रही प्राइवेट स्लीपर बस थाना ठठिया क्षेत्र के 210 किलोमीटर पर पहुंची तभी स्टेयरिंग फेल हो गया। इससे बस तीन पलटी खाते हुए नीचे जा गिरी। बताया जता है कि बस में करीब 70 सवारियां थी। हादसा होते ही चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही यूपीडा के राहत कर्मी मौके पर पहुंचे तथा पुलिस को सूचना दी। ठठिया थाना प्रभारी देवेश पाल पुलिस बल को लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। सीओ कुलवीर सिंह भदौरिया भी आ गए। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। घायल होने से बचे यात्रियों को अन्य बस से गंतव्य तक भेजा गया है। बस को अनित कुमार पुत्र मुन्नू दीक्षित निवासी भटपुरवा थाना कटरा बाजार जिला गोंडा बस चला रहा था। चालक के अनुसार अचानक बस का स्टीयरिंग फेल हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। मामले में हैदर अली पुत्र मोहम्मद यूनुस निवासी देवकली थाना जैद पुर जनपद बाराबंकी ने चालक/मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- सभी घायल मेडिकल कालेज में भर्ती, सवार थे करीब 70 लोग

क्षतिग्रस्त हुई डबलडेकर बस।

### स्लीपर बस पलटने से यह यात्री हुये घायल

- गोंडा के कटरा बाजार आसारामपुर निवासी जयदेव (69) पुत्र आसाराम, गोंडा कटरा बाजार अमेठिया निवासी रोहित कुमार (54) पुत्र माधव प्रसाद, गोंडा के कटरा बाजार चिरैया निवासी आनंद (19) पुत्र पिंटू, गोंडा अमारे कोल्वनज निवासी संगीत (10) पुत्र सुंदरलाल, यहीं का राम सारंग (60) पुत्र रामनरेश, शुभम (65) पुत्र अमीन कुमार, यहीं की रेनू (30) पुत्री लालबहादुर, देराज (35) पुत्र रामसागर, गोंडा कटरा बाजार निवासी खुशबू (32) पुत्री अमीन कुमार, गोंडा नारायणपुर पश्चिम पारसपुर निवासी खुशबू (20), रीता (18) पुत्री रामपाल, अनीता (40) पत्नी पप्पू, राकेश कुमार (54) पुत्र माधव प्रसाद निवासीगण गोंडा कटरा बाजार, बहराइच विशेश्वरगंज पंडित पुरवा निवासी अंशराज (35) पुत्र पांडेय, बहराइच सिल्हटी महोली निवासी रिवाज(36) मोहर, गोंडा जमहेकर कटरा बाजार रामसिंह(23) पुत्र गोबिंद सिंह, गोंडा कटरा बाजार निवासी आदित्य (25) पुत्र अनिल, बलरामपुर मलखानपुर निवासी नीलम (22) पुत्री रामधनी, बलरामपुर पिपरहवा निवासी कोमल (20) रमाकांत, गोंडा कटरा बाजार निवासी डोडी रेशमा (17) पुत्री अली अहमद, गोंडा कटरा बाजार डोडी निवासी खुशबू (19) पुत्री अलीलाल, गोंडा अमनगर पचासी निवासी नितिन(19) पुत्र मोनू, दिल्लीराजा बिहार निवासी यमुना प्रसाद(35) पुत्र रामबहादुर, गोंडा बिलावी नींगा निवासी मुनिर (13) पुत्र रहमतुल्ला, गोंडा कनरिया बलार असलमपुर लखकुमार (35) पुत्र रामचंद्र, गोंडा महादेवा निवासी रायसा कुमार (07) पुत्र अय्यूब कुमार, गोंडा कटरा बाजार निवासी कोमल कुमार (30) अय्यूब गोंडाकटरा बाजार चौराहा निवासी रिंका (17) पुत्री उदयवीर, बलरामपुर रमजानगंज निवासी नीति (20) पुत्री रमेश, गोंडा कटरा बाजार महादेवा निवासीसुमन (22) पुत्री शिवराम, गोंडा कटरा बाजार महादेवा निवासीसंपत (22) पुत्र रामपाल,गोंडा कटरा बाजार भोलियां निवासी गौरव सिंह आदि घायल हुए हैं।

एक्सईएन विद्युत मगन सिंह से शिकायत करते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

# विभाग की मिलीभगत से बिजली चोरी का आरोप

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की समस्याओं को लेकर भाजपा कार्यकर्ता अधिशाषी अभियंता से मिले। आरोप लगाया कि विभाग की मिलीभगत से बिजली चोरी कराई जा रही है।

भाजपाइयों ने एक्सईएन विद्युत मगन सिंह से कहा कि विभाग की मिलीभगत से 45 फीसदी बिजली की चोरी हो रही है। विभाग को भी पता है कि उनके ही कर्मचारी बिजली चोरी करा रहे हैं। कभी चेकिंग के दौरान बिजली चोरी मिलने पर खुद समझौता कर लेते हैं। इस पर एक्सईएन ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद रानी चाह मोहल्ला निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव मिश्रा ने आरोप लगाया कि वह कोई बिजली चोरी नहीं करते। इसके बाद भी एसडीओ उनके यहां भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गये। इससे उनकी छवि खराब हो रही है। एसडीओ से जानकारी लेने पर बताया गया कि वह स्मार्ट मीटर लगाने आये हैं। आरोप था कि स्मार्ट मीटर का भाजपाई विरोध नहीं कर रहे हैं पर पुलिस बल के साथ पहुंचना गलत हैं। पवन त्रिवेदी, विशाल शुक्ला, शिवेंद्र कुमार समेत कई भाजपाई मौजूद रहे।

## रेलिंग तोड़कर नदी में गिरा गन्ने से लदा ट्रक

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद की सीमा से सेट जनपद शाहजहांपुर के अल्लागंज थाना क्षेत्र की सीमा में रामगंगा पुल पर सोमवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। रूपापुर मिल के लिए गन्ना लेकर जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर जर्जर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे रामगंगा नदी में जा गिरा। हादसे के समय ट्रक चालक राजपाल पुत्र नक्शे यादव निवासी रुस्तमपुर बिलारी, जनपद मुरादाबाद, ने साहस दिखाते हुए करीब 300 मीटर तैरकर एक मंदिर तक पहुंचकर अपनी जान बचाई।

चालक राजपाल ने सुबह राहगीरों की मदद से पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना अल्लाहगंज के दरोगा राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और घायल चालक को तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। स्थानीय लोगों के अनुसार, रामगंगा पुल लंबे समय से जर्जर है, चालक राजपाल के मुताबिक, चलते समय झपकी आने के कारण ट्रक अनियंत्रित हुआ व हादसा हो गया। और कई जगह गड्ढे होने के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है।

# वजीफा को फिर मौका, 26 तक संस्थान लॉक करेंगे डाटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 11 व 12 को छोड़कर वंचित सभी वर्गों के छात्रों के लिये संशोधित समय सारिणी जारी हो गई है। इसके तहत अब संस्थान मास्टर डाटा 20 से 26 नवम्बर तक लॉक कर करेंगे।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय फीस आदि का सत्यापन 01 दिसम्बर तक करेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी 04 दिसम्बर तक सत्यापन करेंगे। छात्र-छात्राएं पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन का फाइनल प्रिन्ट संस्थान में 29 नवम्बर तक जमा कर दें। शिक्षण संस्थान में आवेदन पत्र को ऑनलाइन को सत्यापन करने का समय 03 दिसम्बर तक है। विश्वविद्यालय वास्तविक छात्रों का सत्यापन तथा अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम व संस्था को ब्लॉक करने की तिथि 04 से 09 दिसम्बर तक, त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को छात्र-छात्राओं की ओर से सही करने की तिथि 11 से 18 दिसम्बर तक है।

विद्यार्थियों की ओर से सही आवेदन पत्र को जमा करना तथा संस्थान की ओर से पुनः सत्यापित करने की तिथि 16 से 20 दिसम्बर तक है। जनपदीय समिति 16 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक डाटा लॉक करेगा। छात्र-छात्राओं के खातों में पीएमएफएस के माध्यम से धनराशि 12 जनवरी तक भेजी जाएगी।

# विशेषज्ञों ने जड़ी बूटियों के बताए लाभ

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के तहत तीसरे दिन "जड़ी-बूटी और स्वास्थ्य-प्रतिरोधी देखभाल की दिशा मंग एक मार्ग" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रोजमर्रा की रसोई में उपयोग होने वाले मसालों, सब्जियों और फलों में मौजूद पोषक तत्वों तथा उनके वैज्ञानिक स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

फार्मेसी ब्लॉक के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ शकुंतला मिश्रा नेशनल रिहैबिलिटेशन यूनिवर्सिटी, लखनऊ के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ संजय कुमार यादव ने हल्दी, धनिया, अमरूद, अदरक एवं सहजन (मोरिंगा) में पाए जाने वाले पोषक तत्वों और उनके औषधीय गुणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हल्दी में मौजूद करक्यूमिन सूजन कम करने में सहायक है, धनिया अपने एंटीऑक्सीडेंट गुणों से पाचन व रक्त शुद्धि में लाभकारी है, अमरूद विटामिन सी का उत्कृष्ट स्रोत है, जबकि अदरक का जिंजरॉल पाचन सुधारने और सामान्य संक्रमणों में राहत देने के लिए जाना जाता है।इससे पूर्व संकाय की डीन डॉ बिन्दु राठौर एवं मुख्य वक्ता डॉ संजय कुमार यादव ने माँ सरस्वती के चित्र माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ यादव ने मंगलवार को विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का भी अवलोकन किया तथा श्रेष्ठतम प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों के कौशल की सराहना की। अंत में अतिथि को डीन डॉ बिन्दु राठौर ने शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ पुष्पेन्द्र बरदिया, विवेक कुमार आर्या, सुमित कुमार, रिंकेश कुमार, जयंत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

फार्मेसी सप्ताह के अंतर्गत बनाये गए पोस्टरों का अवलोकन करते डॉ संजय यादव।

# 'कौन बनेगा लखपति' प्रतियोगिता के मांगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- फॉर्म भरने की तिथि 20 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक
- 100 शिक्षकों को विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा

**अमृत विचार।** मिशन हेल्पिंग फाउंडेशन की ओर से उत्तर प्रदेश के सात जिलों कन्नौज, आगरा, इटावा, औरैया, फिरोजाबाद, मथुरा एवं हाथरस में एक ही दिन भव्य राज्य स्तरीय कौन बनेगा लखपति" सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आवेदन करने की तिथि घोषित कर दी गई है।

ऐतिहासिक महाकुंभ का पूरा संचालन फाउंडेशन के संस्थापक राम राजपूत और उनकी पूरी टीम कर रही है। विजेता को प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये नकद, द्वितीय पुरस्कार 51,000 रुपये नकद, तृतीय पुरस्कार 21,000 रुपये नकद दिया जायेगा। मेरिट में आने वाले सैकड़ों छात्रों को सर्टिफिकेट एवं एनसीईआरटी की सिविल सर्विसेज की किताबें मुफ्त प्रदान की जायेंगी। फॉर्म भरने की तिथि 20 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक रहेगी। प्रतियोगिता में कक्ष 5 से 8तक, कक्षा 9 से 12 तक व कक्षा 12 से ऊपर के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। अधिक जानकारी 8006887711, 9565657268, मोबाइल नंबरों पर लें सकते हैं। मुख्य अतिथि अमरपाल सिंह, राजू सिंह के साथ ही कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद एवं विशिष्टजन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में 100 विद्यालयों और 100 शिक्षकों को विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा।

# ट्रेनों के ठहराव सहित 5 मांगों को ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बुधवार को फर्रुखाबाद विकास मंच ने सिटी मजिस्ट्रेट को एक पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें शहर से जुड़ी पांच प्रमुख मांगें उठाई गईं जिसमे

फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव, धरमपुर में पूर्व प्रस्तावित बाईपास को बनवाना है, मंच का कहना है कि यदि यह बाईपास फ्लाईओवर या अंडरपास के रूप में बन जाता है, तो शहर के देवरामपुर क्रॉसिंग, आईटीआई चौराहा, ठंडी सडक़, लाल गेट तिराहा और मंडी रोड पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी, जिससे लोगों को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त फर्रुखाबाद में चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने और बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करना, शहर में घूम रहे आवारा पशुओं जैसे कुत्ते और बंदरों को पकडक़र जंगलों में छोड़ने तथा फर्रुखाबाद शहर के बच्चों के लिए एक खेल का मैदान उपलब्ध कराना शामिल है।

फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि फर्रुखाबाद में चाइनीज मांझा खुलेआम बेचा जा रहा है, जिससे आए दिन लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। मांझे में फंसकर पशु-पक्षियों की भी मौत हो रही है। उन्होंने प्रशासन से इस पर तत्काल रोक लगाने और इसे बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से कुंवर सिंह यादव (महामंत्री, बार एसोसिएशन), कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष राकेश सारस्वत, राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पांडे, पूर्व महामंत्री बार एसोसिएशन नरेश यादव, राकेश सक्सेना, राम मोहन भल्ला आदि लोग रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते भईयन मिश्रा व अन्य लोग। अमृत विचार

- फर्रुखाबाद विकास मंच ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद।** जिले के भाऊपुर गांव में स्थित शक्ति ट्रेडर्स सीमेंट फैक्ट्री के पास एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राजेपुर के रजौरी निवासी 35 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र स्वर्गीय ओमपाल के रूप में हुई है।

बुधवार सुबह गांव वालों ने संतोष को आम के पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका देखा। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही आईटीआई चौकी इंचार्ज विशेष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि संतोष शराब पीने का आदी था और उस पर काफी कर्ज हो गया था। बताया गया कि वह अपनी शादी न हो पाने के कारण भी परेशान रहता था और डिप्रेशन में था। चौकी इंचार्ज विशेष कुमार ने बुधवार को बताया कि संतोष ने इन्हीं कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तत्कालीन तहसीलदार सहित 3 पर धोखाधड़ी का मुकदमा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भूमि अभिलेखों में फर्जी तरीके से नाम दर्ज कराने के आरोप में तत्कालीन तहसीलदार कर्मवीर सिंह सहित तीन लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

यह मुकदमा वादी सावित्री देवी उर्फ गुड्डी देवी के प्रार्थना पत्र पर दर्ज किया गया है। सावित्री देवी मूल रूप से महमदपुर गढिया की निवासी हैं और वर्तमान में वाजिदपुर बोलिया (एटा) में रहती हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता जोगराज सिंह का निधन 1 दिसंबर 2003 को हुआ था। मृत्यु से पहले जोगराज सिंह ने अपनी पूरी भूमि की रजिस्टर्ड वसीयत सावित्री देवी के नाम कर दी थी। सावित्री देवी का आरोप है कि गांव के रामबाबू और उनकी पत्नी मंजेश देवी ने तत्कालीन तहसीलदार कर्मवीर सिंह के साथ मिलकर भूमि अभिलेखों में हेरफेर की। आरोप है कि एक फर्जी प्रक्रिया के तहत 14 फरवरी 2025 को खतौनी में आरोपी दंपती का नाम दर्ज करवा दिया गया।

वादी के आवेदन पर जब कोई कार्यवाही नहीं हुई, तो उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद अमृतपुर पुलिस को आरोपी तहसीलदार और दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने इस आदेश का पालन करते हुए तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर लिया। कार्यवाहक थाना प्रभारी रवि सोलंकी ने बताया कि संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

## कायमगंज में निकाला गया यूनिटी मार्च

**कायमगंज।** नगर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर बुधवार को नगर में यूनिटी मार्च यात्रा निकाली गई।

हाथों में तिरंगा थामे प्रतिभागी भारत माता की जय और वंदेमातरम् के उद्घोष लगाते हुए आगे बढ़े तो पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंग गया। यात्रा एसएनएम ग्राउंड से निकलकर ट्रांसपोर्ट चैराहा, पृथ्वी दरवाजा, भूसा मंडी चैराहा, पटवन गली, चिलांका, पुल गालिब तिराहा, तहसील रोड, बजरिया, श्यामा गेट, मुख्य चैराहा होते हुए लाल कुआं रोड स्थित सभा स्थल पर पहुंची। जहां यात्रा एक विशाल जनसभा में परिवर्तित हो गई। सभा स्थल पहुंचने से पहले सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महान स्वतंत्रता सेनानी और एकीकृत भारत के शिल्पकार को नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकता को सर्वोच्च स्थान दिया था।

**आयोजन** | सामूहिक विवाह के मौके पर एक दूसरे के गले में वरमाला डाली, अतिथियों ने बरसाये फूल

# 67 जोड़ों ने एक साथ जीने-मरने की खाईं कसमें

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर में सेवाव्रत अनुष्ठान के तहत पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल और नगर पालिका परिषद की चेयरमैन वत्सला अग्रवाल ने विवाह समारोह का आयोजन किया। जिसमें 67 जोड़ों ने एक दूसरे के गले में वर माला डाली। अतिथियों ने पुष्पवर्षा कर सभी को आशीर्वाद दिया।

शहर के मोहल्ला बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित किये गये समारोह में सुबह से ही अतिथियों का आना शुरू हो गया था। शाम होते होते मेले जैसा नजारा नजर आने लगा। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व चेयरमैन वत्सला अग्रवाल, डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी, एसपी आरती सिंह, भाजपा नेता सुधांशु द्विवेदी, भास्कर दत्त द्विवेदी ने भगवान गणेश की प्रतिमा पर दीपक जलाकर समारोह का शुभारम्भ किया।

पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने कहा की वह 18 सालों से इस तरह के आयोजन कर रहे है इससे पूर्व इसी प्रकार की मेरे पिता जी शादियां घरों में करते थे। हम 18 सालों से सेवाव्रत मंच के माध्यम से कर रहे हैं। ये सब ईश्वर की कृपा से हो रहा है और हम अंतिम सांस तक सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा यह बहन बेटियां मेरी ताकत हैं। जो कुछ भी हूं वह इन्हीं कृपा से हूं। बेटी होना पिता के लिए सौभाग्य की बात होती है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि इतनी बेटियों व बहनों का कन्यादान करता हूं।दंपतियों को अलमारी, कुर्सी, पलंग, गद्दा, तकिया रजाई, मंगल सूत्र, पायल, डिनर सेट, नथनी, साड़ी, बर्तन, बक्सा समेत घरेलू सामान दिया गया।

जयमाल से पूर्व तैयार बैठे जोड़े। अमृत विचार

# 5 दिसंबर को दिल्ली कूच की बनी रणनीति

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ फर्रुखाबाद की मासिक बैठक शिक्षक भवन फतेहगढ़ में जिलाध्यक्ष अवनीश चैहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने किया।

टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आगामी 5 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में महारैली में जनपद से एक हजार शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। संघ की जिला कार्यकारिणी एवं सभी विकास खंडों के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में रणनीति बनाई गई। जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि चार दिसंबर को जिले से एक हजार शिक्षक बसों द्वारा दिल्ली कूच करेंगे। बैठक के उपरांत नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह से मुलाकात की। बीएसए ने एसआईआर पर संघ से सहयोग मांगा। उन्होंने 28 नवंबर से अर्धवार्षिक परीक्षाएं एवं दिसंबर में निपुण एसेसमेंट टेस्ट को संपन्न कराने के लिए भी निर्देशित किया। संघ ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए गत दिवस शादी विवाह आदि के समय में भी सभी प्रकार के अवकाश लेने पर रोक लगाने पर घोर आपत्ति जताई जिस पर बीएसए ने बताया कि डीएम ने एसआईआर के चलते अवकाश पर रोक लगाई है फिर भी जरूरत पड़ने पर शिक्षकों को अवकाश मिलेगा।

बैठक में मौजूद प्राथमिक शिक्षक। अमृत विचार

- एसआईआर के चलते शिक्षकों के अवकाश पर रोक लगाई गई

**आज का मौसम**

सुबह और शाम को धूंध जैसी स्थिति बनी रहने की संभावना है।

| 26.0⁰ | 17.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 34 | सूर्यास्त 05 : 18 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

**न्यूज ब्रीफ**

### अनुदानित बीज के लिए आज होगा कार्यक्रम

**कन्नौज।** उद्यान विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं के शाकभाजी उत्पादन कार्यक्रमों में जनपद के पंजीकृत चयनित कृषकों को इम्पैनेल्ड कम्पनियों से अनुदानित बीज वितरण कराने के लिए 20 नवंबर यानि आज डॉ. राम मनोहर लोहिया पर्यावरणीय उद्यान एवं पार्क, मानपुर में सुबह 11 से दोपहर 03 बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा। यह जानकारी जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने दी। उन्होंने बताया कि चयनित कृषक विभागीय पोर्टल http://dbt.uphorticulture.in से पंजीकरण की पावती व आधार कार्ड के साथ निर्धारित तिथि व समय पर आयोजन स्थल पर स्वयं उपस्थित हों।

### दंपति के झोले से सोने का हार चोरी

**छिबरामऊ।** फर्रुखाबाद जनपद थाना कम्पिल के ग्राम कटिया निवासी इखलाक़ पुत्र इलियास खान ने बताया कि वह अपनी पत्नी सोनी बेगम के साथ ग्राम कपूर स्थित अपनी ननिहाल साजिद के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। बुधवार की सुबह दंपति अपने गांव बापस जा रहे थे। ग्राम बहुरीपुर में बस से उतरने के बाद उन्होंने अपने झोले में देखा तो उनका सोने का हार गायब था। पीड़ित दंपति ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

### अद्भुत व्यक्तित्व की धनी थीं इंदिरा गांधी

**गुरसहायगंज।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कैंप कार्यालय में उनके चित्र पर कांग्रेसीजनों ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। बुधवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्र के गुरसहायगंज स्थित कैंप कार्यालय पर देश की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने कहा कि आयरन लेडी इंदिरा गांधी अद्भुत व्यक्तित्व की महिला थी।

### बंदर पकड़ने को टीम आज आएगी

**कन्नौज।** समस्या बन चुके बंदरों से निजात मिलने की उम्मीद अभी एक दिन टल गई। किन्हीं कारणों से बुधवार को टीम नहीं आ सकी जिससे अभियान शुरू नहीं हो सका। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि अभियान अब गुरुवार से चलेगा। टीम मथुरा से निकल चुकी है और जल्द ही बंदर पकड़े जाएंगे।

# 2.17 लाख किसानों के खातों में भेजे 43.51 करोड़ रुपये

## विकास भवन सभागार में कार्यक्रम, शामिल हुए कई लोग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास भवन स्थित हर्ष वर्धन सभागार में कौमी एकता दिवस (19 से 25 नवम्बर तक राष्ट्रीय अखंडता सप्ताह) एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त का हस्तांतरण कार्यक्रम हुआ। डीडी कृषि संतोष यादव ने बताया कि जनपद के 2,17,570 कृषकों के बैंक खातों में सम्मान निधि के कुल 43 करोड़ 51 लाख 40 हजार रुपये हस्तांतरित किए गए हैं।

कार्यक्रम के दौरान कोयम्बटूर, तमिलनाडु से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त के हस्तांतरण का लाइव प्रसारण देखा और सुना गया। चयनित 12 कृषकों को निःशुल्क मिनीकिट एवं 06 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी किया गया। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि कौमी एकता दिवस देश की अखंडता, भाईचारे और पारस्परिक सम्मान का संदेश देने वाला प्रेरणादायी अवसर है। उन्होंने पीएम किसान योजना को किसानों को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने वाली ऐतिहासिक पहल बताया। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने विविधता में एकता की भारतीय भावना को राष्ट्रीय अखंडता सप्ताह का मूल आधार बताते हुए कहा कि किसान हितैषी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि यह सप्ताह सामाजिक समरसता, सहयोग और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देता है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नरेंद्र राजपूत, जिला कृषि अधिकारी सन्तलाल गुप्ता, भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा, डीएचओ सीपी अवस्थी मौजूद रहे।

किसानों को बीज के पैकेट देते जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत व पूर्व सांसद सुब्रत पाठक। अमृत विचार

- राष्ट्रीय अखंडता सप्ताह के रूप में कौमी एकता दिवस की शुरुआत

### किशोरी से छेड़खानी में दोषी को तीन साल का कारावास

**कन्नौज।** किशोरी से छेड़खानी के करीब छह साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने दोषी को सजा सुनाई है। इसमें तीन साल का कारावास व 9500 रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया है। जुर्माना न देने पर दोषी को डेढ़ माह का कारावास और भुगतना होगा।

शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली में एक व्यक्ति ने 21 जनवरी 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि उसकी 18 साल की बेटी 15 जनवरी 2019 की शाम करीब साढ़े सात बजे शौत के लिए गई थी। तभी रास्ते में प्लाट के पास गांव के ही तहसीम पुत्र अलीम खां ने बेटी के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर गालीगलौज कर मारापीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचक की ओर से न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। सुनवाई पूरी होने के बाद विशेष न्यायाधीश ने सजा तथा जुर्माने से दंडित किया। कहा कि जुर्माने की राशि अदा किए जाने पर पीड़िता को मानसिक व शारीरिक क्षति के प्रतिकर के रूप में भुगतान की जाए।

चोरी के बाद खुली पड़ी अलमारी। अमृत विचार

# सौरिख में फल की आढ़त पर लाखों की चोरी

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** सौरिख नगर में देर रात चोरों ने एक फल की आढ़त को निशाना बनाया। थाने से मात्र 150 मीटर की दूरी पर चोरों ने तिजोरी तोड़कर 2.80लाख रुपये नकद चुरा लिए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालते हुए दो संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

कस्बे में नादेमऊ चौराहे के पास स्थित मोबाइल की दुकान के बेसमेंट में शादाब पुत्र फैयाज अली और पार्टनर नवाजिश अली पुत्र हाशिम अली की संयुक्त फल की आढ़त है। मंगलवार रात दोनों दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात चोर शटर उठाकर दुकान में दाखिल हुए और लोहे की रॉड से तिजोरी तोड़ी और रुपये लेकर फरार हो गए। चोरी की यह घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बुधवार सुबह करीब 6 बजे नवाजिश अपनी आढ़त पर पहुंचे तो शटर उचका और तिजोरी टूटी हुई पाई। दुकानदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे। इसमें दो नकाबपोश रा बाहर निकलते हुए दिखाई दिए। इस संबंध में थाना प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया दुकानदार ने प्रार्थना पत्र नहीं दिया है फिर भी पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे को देखकर संदिग्ध दो युवकों को हिरासत में लिया है।

### ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट शुरू करने की पहल

**कन्नौज।** डॉ. भीमराव राम जी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय तिर्वा में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट शुरू करने की पहल शुरू हो गई है।

टीम ने यूनिट के मानकों को जांचा। सभी मानक पूरे मिले तो यूनिट को लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद मरीजों को प्लेटलेट्स, आरबीसी और प्लाज्मा मेडिकल कालेज में ही उपलब्ध कराया जायेगा। कॉलेज प्रशासन की मांग पर सरकार ने लगभग छह महीने पहले 30 लाख रुपए की ब्लड कंपोनेंट मशीनें उपलब्ध कराई थीं। मशीनें आने के बाद, कॉलेज प्रशासन ने इसके संचालन के लिए लाइसेंस को आवेदन किया था। केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अनीता ओमहरे सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि केंद्रीय टीम ने बुधवार को ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। उनकी रिपोर्ट आने में 45 दिन का समय लगता है। यदि मानक सही पाए जाते हैं, तो मेडिकल कॉलेज में ब्लड सेपरेशन कंपोनेंट यूनिट शुरू हो जाएगी।

# तिर्वा सब मिशन सेंटर में बिजली व्यवस्था खराब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने कन्नौज सदर व उमर्दा के विकास खंड कार्यालयों का किया निरीक्षण
- सुपरवाइजरों एवं मास्टर ट्रेनरों को भी निर्देशित किया कि वे बीएलओ का पूर्ण सहयोग करें

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विकास खण्ड कन्नौज एवं उमर्दा के तिर्वा में संचालित गणना प्रपत्र (ईएफ) सब मिशन सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तिर्वा के सब मिशन सेंटर में बिजली व्यवस्था ठीक न पाए जाने पर एसडीएम तिर्वा को तत्काल प्रभाव से जनरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईआरओ, बीडीओ तथा बीईओ को निर्देश दिए कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत विधानसभा निर्वाचक नामावलियों से संबंधित गणना प्रपत्रों का कार्य प्रतिदिन सुबह 8 से देर शाम 8 बजे तक बिना किसी विलंब के पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्रों में शुद्ध पेयजल, बिजली आपूर्ति तथा उच्च गति इंटरनेट की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रहे। प्रत्येक कार्य बीएलओ ऐप से ही किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुपरवाइजरों एवं मास्टर ट्रेनरों को भी निर्देशित किया कि वे बीएलओ का पूर्ण सहयोग करें तथा उन्हें कार्य के प्रति प्रोत्साहित करें। प्रत्येक बीएलओ प्रतिदिन कम से कम 100 प्रपत्र गुणवत्तापूर्ण रूप से भरेंगे। यह विशेष ध्यान रखा जाए कि किसी भी प्रपत्र में गलती न हो साथ ही किसी व्यक्ति का फॉर्म दो बार न भरा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन बीएलओ ने अब तक अपेक्षित कार्य नहीं किया है, उन्हें चिन्हित कर उनका मार्गदर्शन एवं सहयोग किया जाए, ताकि प्रगति में सुधार हो सके। निरीक्षण के दौरान सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एसडीएम सदर वैशाली, बीईओ मधुलिका बाजपेयी, तिर्वा में एसडीएम राजेश कुमार, बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव व उमर्दा बीईओ विपिन कुमार उपस्थित रहे।

सदर विकास खण्ड सभागार में निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# युवक ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता तिर्वा

- पांच घंटे बाद परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव उतरवाया
- फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच को नमूने एकत्रित किए, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** एक युवक ने ससुराल में किसी बात से क्षुब्ध होकर फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के पांच घंटे बाद परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दीपक।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देव पूर्वा निवासी स्व. नंदराम की पुत्री प्रियांशी (25) की शादी दो वर्ष पूर्व औरया जिले के अयाना थाना क्षेत्र के सेहुली निवासी दीपक (30) पुत्र संतोष कुमार के साथ हुई थी। एक सप्ताह पूर्व दीपक अपनी पत्नी प्रियांशी तथा दो माह की बच्ची को लेकर ससुराल आया था। बुधवार को सुबह करीब 11 बजे उसने अपनी पत्नी को घर चलने के लिए तैयार होने को कहा। इस दौरान उसकी साली बी ए की परीक्षा देने तिर्वा चली गई। घर में दंपति ही रह गए। करीब 12 बजे प्रियांशी पुत्री को नहलाने लगी। तभी दीपक ने आराम करने की बात कही और कर कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। कुछ देर बाद जब प्रियांशी कमरे के पास आई और सीखचे से अंदर झांका तो उसकी चीख निकल गई। उसने दरवाजा पीटना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुन पड़ोसी आ गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा प्रियांशी से जानकारी ली। मृतक के परिजनों के इंतजार में करीब पांच घंटे तक शव फंदे पर लटका रहा। उनके आने के बाद पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर शव को फंदे से नीचे उतारा। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए हैं। समाचार लिखे जाने तक पंचनामा भरने की कार्यवाही की जा रही थी।

# मनु पाल ने हांगकांग क्लासिक में भारत को दिलाया कांस्य पदक

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नगर निवासी अंतरराष्ट्रीय लॉन बॉल्स खिलाड़ी मनु पाल ने हांगकांग क्लासिक विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट 2025 में भारत के लिए महिला एकल वर्ग में कांस्य पदक जीत लिया। इस उपलब्धि से पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर रोशन हुआ है।

दिल्ली के आरके पुरम में 28-31 अगस्त को आयोजित इंडिया कैंप एवं सेलेक्शन ट्रायल में मनु ने शीर्ष प्रदर्शन कर भारतीय टीम में जगह बनाई थी। हांगकांग क्लासिक में 32 देशों के 64 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और सभी मुकाबले नॉकआउट आधार पर खेले गए। प्रतियोगिता 15 नवंबर से चल रही है। 23 तक चलेगी। मनु ने प्री-क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड को 13-2, 8-5 से और क्वार्टर फाइनल में मलेशिया को 11-2, 4-8 व टाई-ब्रेकर में 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में हांगकांग की खिलाड़ी से दोनों सेट हारकर उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

यश भारती सम्मान से सम्मानित मनु कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनकी इस नई सफलता पर कन्नौज जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई है और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

जीत के बाद तिरंगे के साथ मनु पाल।

- हांगकांग क्लासिक में 32 देशों के 64 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### सड़क पार कर रहे बुजुर्ग दुर्घटना में घायल

**सौरिख।** सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र की चौकी नादेमऊ के गांव भानपुर निवासी सुरेश चंद्र पुत्र सुदामा प्रसाद (70) मंगलवार की शाम खेतों की तरफ गए थे। शाम 6 बजे वापस घर जाते समय नादेमऊ सौरिख मार्ग को पार कर रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

मदरसा अरबिया निसवा फैज आम स्कूल में ट्रैफिक नियम बताते प्रभारी निरीक्षक।

### बच्चों को ट्रैफिक नियम बताए, साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** कस्बा के सुभाष नगर स्थित मदरसा निस्वा फैज आम स्कूल में बुधवार को नई मिशन शक्ति के तहत प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ला उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह महिला हेड कांस्टेबल उर्मिला, साइबर पटल प्रभारी बृजेश कुमार ने स्कूली छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर क्राइम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ट्रैफिक नियम भी बताए। बेटी बचाओ अभियान के तहत पंफ्लेट वितरित कर जागरूक किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सहित शिक्षक मोहम्मद तौसीफ, मोहम्मद जुबेर, राशिद अली, जहीर मो वसीम, दरकशा, उजमा नसीम आरा, मोहम्मद इकबाल मौजूद रहे।

### मानदेय न मिलने पर कार्यकत्रियों का धरना

**छिबरामऊ।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को दर्जनों आशा कार्यकत्रियां और आशा संगिनियाँ एकजुट होकर धरना-प्रदर्शन करने पहुंचीं। उनका आरोप है कि चार महीनों से उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। रक्षाबंधन, करवाचौथ, दीपावली और भाईदूज जैसे प्रमुख त्योहार भी बिना पैसे के फीके गुजर गए।

आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि अधिकारी पोर्टल बंद होने का हवाला देकर भुगतान रोक रहे हैं, लेकिन पोर्टल क्यों बंद है, इसका कोई स्पष्ट जवाब नहीं देते। जब भुगतान ही नहीं हो रहा तो उनसे लगातार काम क्यों लिया जा रहा है? आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने समेत कई अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ भी उन पर डाली जा रही हैं, मगर उनका अलग से कोई भुगतान नहीं हो रहा।

भगवान कृष्ण जन्म की कथा सुनते और नाचते श्रद्धालु। अमृत विचार

# कृष्ण जन्म होते ही गूंजे जयकारे

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** सिद्ध पीठ निर्जन आश्रम पृथ्वीपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। भक्ति गीतों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया।

व्यास पीठ से आचार्य साहित्याचार्य पंडित हरिशंकर शुक्ल ने कहा, जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और वे गोकुल पहुंच गए। आचार्य ने कहा जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर नन्द के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल भजन पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां देने के साथ मिठाईयां बाटी गई। आचार्य ने इसके अलावा में श्रीराम अवतार, अयोध्या कांड, वनगमन, रावण वध के प्रसंग भी रोचक शैली में सुनाए। परीक्षित की भूमिका में श्रीचंद्र (ललुआ) तिवारी, सपना तिवारी, विश्वनाथ तिवारी एवं प्रीतिका तिवारी बाबा अजय, श्रीमती पुष्पा तिवारी, श्रीमती मुनेश तिवारी आदि भक्त मौजूद रहे।

### दुर्घटना में घायल ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**सौरिख।** सड़क दुर्घटना में पिता पुत्री के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में एक सप्ताह बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मामले की जांच की जा रही है।

नादेमऊ के गांव पंडोखर निवासी रमेश चंद्र अपनी 11 वर्षीय पुत्री ममता को साइकिल पर बिठाकर 10 नबम्बर दिन सोमवार को सौरिख बाजार करने आए थे। शाम 6 बजे घर वापस जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक टडा रायपुर नाले के पास पहुंची तभी बाइक चालक इमरान पुत्र अबरुद्दीन निवासी लाख थाना इंदरगढ़ ने टक्कर मार दी। इससे पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां से उन्हें कानपुर हैलट अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के एक सप्ताह बाद घर आने पर पीड़ित ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

**निरीक्षण** | राज्य महिला आयोग सदस्य ने औचक निरीक्षण के बाद जनसुनवाई में दी हिदायत

# अस्पताल को लूट का अड्डा न बनाएं : पुष्पा पांडेय

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने बुधवार को छिबरामऊ क्षेत्र का एक दिवसीय दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनसुनवाई के बाद सीएचसी का निरीक्षण किया जहां दवाएं बाहर से मंगाए जाने तथा इमरजेंसी में कंबल मरीजों के लाने पर नाराजगी जताई। कहा कि अस्पताल को लूट का अड्डा न बनाएं।

सदस्य ने तहसील सभागार में जनसुनवाई की, जहाँ 17 पीड़ित महिलाओं ने अपनी-अपनी शिकायतें रखीं। मौके पर ही 6 शिकायतों का निस्तारण कराया गया। श्रीमती पांडेय ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि महिलाओं से जुड़ी कोई भी शिकायत आए तो उसे तत्काल व समयबद्ध तरीके से निपटाएं। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करेगा या शिकायतों का समय से निस्तारण नहीं करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दौरे के अंतिम चरण में छिबरामऊ के दिलू के नगला स्थित सौ शैय्या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहाँ इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को घर से कंबल लाना पड़ रहा था और अधिकांश दवाइयाँ व जांचें बाहर से करानी पड़ रही थीं। इस लापरवाही पर डॉक्टरों व स्टाफ की कड़ी फटकार लगाई। सभी खामियों को तुरंत दूर करने के आदेश दिए तथा कहा कि यदि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी लापरवाही बरतेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

महिलाओं की समस्याएं सुनतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे। अमृत विचार

अमृत विचार

कानपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025



## न्यूज ब्रीफ

### तीन ट्रांसफार्मरों से चोरों ने तेल चुराया

**जसवंतनगर।** विभिन्न गांवों में चोरों ने तीन निजी नलकूपों के ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी कर लिया। कुडाखर गांव में ओमप्रकाश सिंह तोमर और जय नारायण सिंह तोमर के ट्यूबवेल ट्रांसफार्मरों का तेल मंगलवार रात चोरों ने खाली कर दिया। इसी तरह धरवार गांव के प्रधान रामब्रेश यादव के कुडाखर स्थित ट्यूबवेल ट्रांसफार्मर से भी तेल चोरी किया गया। किसानों ने बताया कि तेल चोरी के कारण ट्रांसफार्मर बंद हो गए हैं, जिससे सिंचाई कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। बलरई फीडर से सुबह 7 बजे से दोपहर 3 से 4 बजे तक सप्लाई दी जाती है। यदि रात में सप्लाई बंद रखी जाए और 11 हजार वोल्ट लाइन में दो फेस करंट बनाए रखा जाए, तो चोर करंट लगने के डर से चोरी करने से बचेंगे।

### स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील

**जसवंतनगर।** बुधवार को मंडल जसवंतनगर द्वितीय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अन्तर्गत युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष अजय यादव बिंदू ने की। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे और विशिष्ट अतिथि जिला अभियान संयोजक क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा विकास भदौरिया मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी नीति को घर-घर पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री युवा मोर्चा श्रेयस मिश्रा, विवेक गुप्ता, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अभिषेक प्रजापति, सुदीप प्रजापति, हेमंत धाकरे, नीलेश यादव आदि मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में महिला की मौत, युवक हुआ घायल

## भरथना कोतवाली क्षेत्र के ऊसराहार-भरथना मार्ग पर हुआ हादसा

संवाददाता, भरथना

**अमृत विचार।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ऊसराहार-भरथना मार्ग पर बाइकों की भिड़ंत में एक महिला की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा उसका भतीजा घायल हो गया। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

नगला भारा पुलिया के समीप बाइकों की भिड़ंत में बाइक पर पीछे बैठी पार्वती देवी 52 पत्नी होमसिंह चौहान, निवासी ग्राम मंगूपुर सड़क पर जा गिरी। पीछे से आए वाहन ने रौंद दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक वृद्धा का भतीजा अरविन्द घायल हो गया। बताया गया है कि वृद्धा पार्वती अपने भतीजे के साथ बाइक से थाना क्षेत्र बकेवर स्थित ग्राम बरीपुरा हर्राजपुरा में अपनी बहन के घर से गांव मांगूपुरा लौट रहीं थी।

बाइक चालक अरविंद ने बताया कि वह अपनी चाची पार्वती को बाइक पर बैठा कर जैसे ही ग्राम नगला भारा के निकट पहुंचा। इसी बीच सामने से आ रही एक बाइक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इसपर वह चाची समेत सड़क पर गिर गया और पीछे से अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने चाची को कुचल दिया। वहीं घटना को अंजाम देने वाले बाइक सवार भी मय बाइक के भाग निकले। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। उधर सड़क हादसे में पार्वती की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### भरथना ओवर ब्रिज के पास ऑटो पिकअप में घुसा, पांच लोग घायल

**बकेवर।** इटावा से सवारियां बैठाकर बकेवर आ रहा ऑटो हाईवे पर भरथना ओवर ब्रिज के पास बुधवार की सुबह पहले से खराब खड़ी पिकअप वाहन में पीछे से जा घुसा। इस हादसे में ऑटो चालक सहित पांच सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ऑटो। अमृत विचार

बुधवार की सुबह इटावा से ऑटो चालक सवारियां बैठाकर बकेवर आ रहा था जैसे ही ऑटो बकेवर थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाईवे भरथना ओवर ब्रिज के पास पहुंचा वहां पर पहले से खड़ी टायर फटी पिअकप वाहन में ऑटो अनियंत्रित होकर पीछे से जा घुसा जिससे आटो में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। उनकी चीखने चिल्लाने की आवाज सुन कर वहां से निकल रहे वाहन चालक और राहगीर रुक गये और घायल सवारियों को ऑटो से निकालकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और गंभीर रूप से घायल ऑटो में सवार सवारियों अस्पताल भिजवाया। इस हादसे में विजय पुत्र संदीप निवासी जनपद मुजफ्फरपुर बिहार, अनूप पुत्र राधेश्याम निवासी लखीमपुर-खीरी, महेश पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी ग्राम नगला सावत खां थाना बकेवर प्रताप पुत्र लाखन सिंह निवासी नगला सांवत खां थाना बकेवर, ऑटो चालक सत्यनारायण गुप्ता पुत्र बाबूराम निवासी खेड़ा मुहाल लखना हाल पता कस्बा इकदिल घायल हुए। पिकअप चालक कपिल पुत्र राजकुमार निवासी रसूलपुर थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़ ने बताया मैक्स गाड़ी का पहिया खराब हो गया था। तभी पीछे से आ रहा आटो उसमें जा घुसा। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। यहां मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। इधर काफी देर के लिए सड़क पर जाम लग गया।

## छीने हुए मोबाइल व पर्स के साथ आरोपी हुआ गिरफ्तार

**इटावा।** सिविल लाइन पुलिस ने छिनैती की घटना कारित करने वाले आरोपी को मुखबिर की सूचना पर रेलवे अंडर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। छीना हुआ पर्स, एक मोबाइल बरामद किया।

वादिनी सोनम चौधरी पत्नी हर्षित चौधरी निवासी पंजाबी कालोनी रेलवे लाइन फ्रेंड्स कालोनी द्वारा थाना सिविल लाइन पर लिखित तहरीर दी गयी कि 18 नवम्बर को सायं 7 बजे के करीब साईं मन्दिर के आगे ओवर ब्रिज के पास दो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा उसका पर्स छीन लिया गया है। प्रभारी थाना सिविल लाइन सुनील कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ लोहन्ना चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि दो लोग रेलवे अण्डर ब्रिज के पास बिना नम्बर प्लेट मोटर साइकिल लिये खड़े हैं। सूचना पर पुलिस ने आरोपी विकास कंजड़ उर्फ तूफान पुत्र किशन पाल कंजड़ निवासी कोकपुरा को मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि यह मोबाइल मैंने अपने साथी रमन पुत्र अशोक गिहार के साथ मिलकर लगभग 5 माह पूर्व स्टेशन बजरिया के पास कृष्णा बेकरी से छीना था।

रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते जीएम नरेश पाल सिंह। अमृत विचार

## जीएम ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर परखी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने बुधवार को रेलवे स्टेशन इटावा जंक्शन का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यों का गहनता से जायजा लिया।

महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जीएम परख स्पेशल ट्रेन से इटावा स्टेशन पहुंचे जहां रेलवे अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने प्लेटफार्मों, प्रतीक्षालयों, साफ-सफाई व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और निर्माणाधीन परियोजनाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के बाद जीएम ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पर किए जा रहे निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि स्टेशन पर साफ-सफाई की व्यवस्था संतोष जनक है और यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर लगातार काम किया जा रहा है। निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज को लेकर उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन महीनों में इसका कार्य पूरा हो जाएगा। हालांकि कुछ तकनीकी चुनौतियों के कारण कभी-कभी कार्य की गति प्रभावित हो जाती है लेकिन कोशिश है कि सभी काम समय से पहले पूरे हों। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक सहित रेलवे के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भगवान की लीलाएं तर्क से परेः शांतनु महाराज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

कथा का भक्तों को रसपान कराते शांतनु महाराज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदर्शनी पंडाल में सेवा भारती के सेवा कार्यों के सहायतार्थ हो रही श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस के प्रसंग में आचार्य शांतनु महाराज ने कहा कि इस धरा धाम पर जब जब असुरों के अत्याचार बढ़ते हैं, तब तब प्रभु अवतार लेकर भक्तों को उनके संताप से मुक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाओं को भक्ति व विश्वास से सुनना चाहिए। उनकी लीलाओं में कोई भी दोष नहीं है। इसमें तर्क का कोई स्थान नही है।

भगवान कहा भगवान की ये घोषणा है कि जो भी भक्त सब कुछ त्याग कर उनका भजन करते हैं प्रभु उनकी रक्षा उसी प्रकार करते है जैसे मां अपने बच्चे की रक्षा करती है। मनु एवं शतरूपा के प्रसंग को सुनाते हुए महाराज ने कहा कि मनु महाराज ने जीवन के अंतिम समय में सब कुछ त्याग कर हरि भजन का मार्ग चुना। हम सब का भी यही दायित्व है। देवताओं की करुण पुकार को सुनकर भगवान ने सबको आश्वासन दिया कि मैं नर रूप में धरती पर अवतरित होने वाला हूं। सभी देवता प्रभु की जयजयकार करने लगे। कहा, गोस्वामी जी ने अयोध्या की महिमा को गाया है। अयोध्यावासी भगवान की आराधना कर रहे हैं। दसरथ जी मगन होकर प्रजाजनों को न्योछावर करने लगे और पूरा वातावरण राममय हो गया। कथा के अंत में मुख्य यजमान मोहित दुबे एवं रूबी दुबे ने आरती की। इस अवसर पर कालीबाड़ी के महंत सुबोधानंद महाराज, सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री गजेन्द्र, प्रांत सह सेवा प्रमुख संतोष, संघ के विभाग प्रचारक यशवीर, मनोज विभाग प्रचारक झांसी, कार्यक्रम संयोजक डा. रमाकांत शर्मा, सह संयोजक विमल भदौरिया, डॉ. के एस भदौरिया उनकी धर्मपत्नी साथ रहे।

## 1.93 लाख किसानों के खाते में पहुंची सम्मान निधि

**इटावा।** जिले के 1 लाख 93 हजार 525 किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की रकम पहुंची है। किसान सम्मन निधि के तहत किसानों को साल भर में 6000 की रकम दी जाती है और दो दो हजार करके यह रकम किसानों के खाते में भेजी जाती है। इससे किसानों में खुशी है।

बुधवार को किसान सम्मान निधि भेजी गई है। इसमें जिले के 1 लाख 93 हजार 525 किसानों को के खाते में सम्मान निधि की रकम भेजी गई है। इससे खुश किसानों का कहना है कि खेती के कामकाज करने में इस रकम से काफी सुविधा मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार लगभग 17000 कम किसानों के खाते में सम्मान निधि की रकम पहुंची है।

# खाते से पैसे निकालने पर सिक्योरिटी गार्ड गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

पुलिस गिरफ्त में बैंक का सिक्योरिटी गार्ड। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना फ्रेंड्स कालोनी पुलिस ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी के खाते से चैक के माध्यम से धोखाधड़ी कर रुपये निकालने के आरोप में बैंक के गार्ड को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से धोखाधड़ी कर अर्जित किये गये दो लाख 73 हजार पांच सौ रुपये बरामद किये।

पीड़ित भगवान दास पुत्र बरमजीत निवासी न्यू विजय नगर थाना फ्रेंड्स कालोनी इटावा द्वारा थाना फ्रेंड्स कालोनी में तहरीर दी गयी कि उसका बैंक खाता स्टेट बैंक की रामनगर शाखा में 4 नवम्बर को उसके मोबाइल पर मैसेज प्राप्त हुआ कि वादी के बैंक खाते से चैक के माध्यम से किसी व्यक्ति द्वारा 3,20,000 रुपये निकाल लिये गये हैं जिस पर वादी द्वारा उसके द्वारा चैक बुक को चैक किया गया तो उसमें से क्रमांक- 25 का चैक निकला हुआ था। थानाध्यक्ष फ्रेंड्स कालोनी अमित मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ उक्त धोखाधड़ी के संबंध में बैंक में लगे सीसीटीवी, बैंक कर्मचारियों से पूछताछ कर रहे थे तभी सिक्योरिटी गार्ड संजीव कुमार निषाद पुत्र नाथूराम निवासी ग्राम कुनैडी थाना भरथना हाल निवासी नर्सरी वाली गली शिवपुरी शाला थाना फ्रेंड्स कालोनी इटावा की गतिविधि संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम द्वारा सिक्योरिटी गार्ड संजीव कुमार निषाद से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि 14 अक्टूबर को जब वह ड्यूटी पर था इसी दौरान भगवानदास नामक व्यक्ति चैक के माध्यम से अपने एकाउन्ट से पैसे निकालने आया तभी मैंने मौका पाकर उसकी चैक बुक से एक चैक निकाल लिया तथा उसके हस्ताक्षर का फोटो खींच लिया। जिसके उपरान्त मैंने अपने साथी अमित जाटव जो हरियाणा में काम करता है उसको अपने पास बुलाया तथा उसे पूरी घटना बताकर उससे कहा कि अगर वह भगवानदास के हस्ताक्षर बना दे तो हम लोग बड़ी रकम निकाल सकते हैं जिस पर 4 नवम्बर को अमित जाटव व मैंने भगवानदास के हस्ताक्षर बनाकर उसके खाते से 3,20,000 रुपये निकाल लिये इसके उपरान्त 2,80,000 रुपये मैंने रखे तथा 40,000 रुपये लेकर अमित जाटव हरियाणा चला गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की निशादेही के आधार पर 2,73,500 रुपये बरामद किये गये। आरोपी से पूछताछ के आधार पर अमित जाटव पुत्र राकेश जाटव निवासी ग्राम मोढी थाना भरथना का नाम प्रकाश में आया जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।

## देश के विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

कार्यालय संवाददाता, इटावा

इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आजादी के बाद देश को ऊंचाइयों पर ले जाने में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी का बहुत बड़ा योगदान रहा। हमारे देश की आने वाली पीढ़ी के लिए वह सदैव प्रेरणास्रोत रहेगीं। उक्त उद्गार जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में कही। कांग्रेस शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कहा हमारी पूर्व प्रधानमंत्री एवं देश की लौह महिला इंदिरा गांधी ने हर क्षेत्र में देश को विकास के रास्ते पर अग्रसर किया। अपने दुश्मनों के बीच भी लोकप्रिय रहीं इंदिरा गांधी जैसा दूसरा कोई नहीं हुआ।

इसके बाद कांग्रेस जनों ने नुमाइश परिसर में बनी इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात कचहरी प्रांगढ़ में जाकर इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर सभी ने अपनी अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। गोष्ठी में प्रमुख रूप से पूर्व ज़िला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष एड.पल्लव दुबे, एंड. प्रेमनारायण दोहरे, कोमल सिंह कुशवाहा, अतुल आक्रोश दुबे, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, प्रवक्ता प्रेरणा जुबैरी, शहर उपाध्यक्ष एड.विष्णु कांत मिश्रा, एड.आशुतोष दीक्षित, एड.अशोक पाण्डे, एड.गोविन्द चतुर्वेदी, एड.राकेश बिधौलिया, दीक्षा शुक्ला, राहुल तिवारी, अजय तिवारी, अमित चौरसिया, एड.जगत नारायण यादव, सरला जाटव, प्रदीप दुबे, रफीक़ खान, संजीव दुबे, अनुराग कर्ण, सतीश शाक्य, अंसार अहमद, रामभरोसे यादव आदि मौजूद रहे।

## नुमाइश 7 दिसम्बर से लगेगी

**इटावा।** उप जिलाधिकारी सदर/जनरल सेक्रेटरी प्रदर्शनी विक्रम सिंह राघव ने बताया कि जनपद प्रदर्शनी एवं पशुमेला समिति इटावा की बैठक में सर्वसम्मत से विचारोपरान्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष प्रदर्शनी द्वारा यह निर्णय लिया गया कि जनपद प्रदर्शनी का उद्घाटन 7 दिसम्बर 2025 दिन रविवार को तथा समापन 4 जनवरी 2026 दिन रविवार को किया जायेगा। प्रदर्शनी पण्डाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सूचना प्रदर्शनी समिति से विचार विमर्श कर जारी की जायेगी।

# लूट के दोषी को सात साल की सजा

- कोर्ट ने चार हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम आलोक कुमार श्रीवास्तव ने दस साल पुराने गिरोह बनाकर लूट के मामले की सुनवाई करते हुए एक अभियुक्त को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे सात साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर चार हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेगा।

विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने बताया कि वर्ष 2015 में सैफई थाने में तैनात दरोगा अवधेश कुमार अपनी टीम के साथ जब गस्त पर थे तभी उन्होंने मुखबिर की सूचना पर गैंग बनाकर लूट करने वाले गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया था। पकडे.गए लोगों के पास से तमंचा कारतूस के अलावा लूट का सामान भी बरामद हुआ। पुलिस द्वारा पकडे. गए बदमाशों में सुनील उर्फ राम कुमार, सलीत, छोटू, दीपक उर्फ दीपा, राजू शाक्य, योगेंद्र उर्फ टीटू व जितेंद्र उर्फ बब्लू निवासी रम्पुराभूटा शामिल थे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी लोगों को जेल भेज दिया। जांच के बाद पुलिस ने सभी के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। जितेंद्र उर्फ बब्लू तभी से जेल में बंद है।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र की कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने सरकार की ओर से पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने जितेंद्र उर्फ बब्लू को दोषी पाया और उसे सात साल की सजा व चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# धान की फसल बर्बाद होने से परेशान किसान ने फांसी लगाकर दे दी जान

संवाददाता, बसरेहर

किसान की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव हरनाथपुर में किसान ने अपने खेतों की धान की फसल बर्बाद होने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के अनुसार किसान प्रेमचंद 28 वर्षीय पुत्र घासीराम निवासी हरनाथपुर थाना बसरेहर ने अपने खेतों में धान की फसल बोई हुई थी बरसात के कारण धान की फसल बर्बाद हो जाने के कारण वह काफी परेशान रह रहा था। मृतक के भाई अवधेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि धान की फसल बर्बाद होने की कारण वह काफी समय से परेशान रह रहा था और उस पर कुछ बैंक का भी कर्ज था। दोपहर को परिवार के लोगों ने देखा कि प्रेमचंद कहीं नहीं दिखाई दे रहा है तो कुछ देर बाद प्रेमचंद का बड़ा बेटा रूपेंद्र 10 वर्षीय अपनी छत पर गया तो देखा कि उसके पिता फांसी के फंदे पर लटके थे। उन्हें लटका देख उसकी चीख निकल गई। आवाज सुनते ही पत्नी रचना देवी व मृतक प्रेमचंद का भाई अवधेश कुमार छत पर गया तो वह छत पर लगे पंखे की कुंडी में साड़ी से फांसी लगाकर उस पर टंगा था। ग्राम प्रधान रामनरेश दिवाकर ने बसरेहर थाना प्रभारी सौरभ सिंह को सूचना दी। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया।

## महिला ने बेटे पर लगाया मारपीट का आरोप

**इटावा।** वैदपुरा क्षेत्र के नगला राम श्री निवासी एक महिला ने अपने ही बेटे पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़िता मिथलेश कुमारी पत्नी राजेन्द्र सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका बेटा राममोहन आए दिन उनसे विवाद करता है और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देता है। 18 नवंबर की सुबह करीब 10:30 बजे आरोपी बेटे ने घरेलू विवाद के दौरान महिला के साथ जमकर मारपीट की। आरोप लगाया कि बेटे के लगातार उत्पीड़न और हिंसक व्यवहार के कारण वह भयभीत रहती हैं। उनका कहना है कि जिस तरह से स्थिति बिगड़ती जा रही है, किसी अनहोनी की आशंका से पहले उन्हें सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**बैठक** — अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

# बैंक अधिकारी सीडी अनुपात की ग्रोथ पर ध्यान दें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

बैठक में निर्देश देते सीडीओ अजय गौतम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जिला बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने बैंक के सभी अधिकारी सीडी रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि जनपद का विकास सीडी रेशियो पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में अधिक से अधिक लोन स्वीकृत करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को लोन दिया जाए। बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक का परफॉर्मेंस बहुत ही खराब पाया गया, इसका सीडी रेशियो 29.04 और 13.75 है, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सीडी रेशियो बढ़ाए जाने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। सेंट्रल बैंक का सीडी रेशियो 40.45 है, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 60 प्रतिशत तक सीडी रेशियो बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर बैंक में 60 प्रतिशत सीडी रेशियो होना चाहिए एवं 60 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाली बैंक्स को स्ट्रेटजी बनाकर काम करने एवं सीडी रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बैंकों द्वारा हर महीने कैंप आदि कार्यक्रम किए जाएं, जिससे अधिक लाभ प्राप्त हो सके एवं सीडी रेशियो का टारगेट पूरा कर सकें। उन्होंने लंबित प्रकरणों को देखा एवं जल्द निस्तारण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बैंक और लोकल इकॉनामी के ग्रोथ के लिए सीडी रेशियो बहुत ही महत्वपूर्ण इंडिकेटर है। उन्होंने पीएम सूर्य घर बिजली योजना के अंतर्गत जनपद में बैंकों द्वारा बैंक ऋण हेतु अस्वीकृत आवेदनों के कारण पर चर्चा की। उन्होंने बैंकर्स के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने हेतु निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, समाज कल्याण अधिकारी विकास प्रिया शर्मा, एलडीएम एवं सभी बैंकर्स सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

### पुण्यतिथि पर याद किए गए पंडित प्रताप नारायण त्रिपाठी



पंडित प्रताप नारायण

**बिधूना (औरैया)।** श्री राधा कृष्ण इंटर कॉलेज व राधा कृष्ण महाविद्यालय कटरा स्कूल के संस्थापक संरक्षक एवं जिला परिषद स्कूल मुरादगंज के प्रधानाचार्य रहे प्रताप नारायण त्रिपाठी की द्वितीय पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौजूद लोगों ने कहा कि पंड़ित प्रताप नारकायण त्रिपाठी समाजसेवी ही नहीं बल्कि एक अच्छे शिक्षक व मार्गदर्शक भी थे। वह हमेशा लोगों की मदद करते थे और पढ़ने पढ़ाने के लिए प्रेरित करते थे। इस अवसर पर स्वर्गीय त्रिपाठी के पुत्र एवं प्रधानाचार्य सुधीर त्रिपाठी अपने पिता के जीवन के संस्मरण सुनाते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा पिता की कमी उन्हें हमेशा खलती रहेगी। इससे पूर्व विद्यालय परिसर में हवन पूजन व भंडारे के आयोजन के साथ पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अभिनव सिंह राजावत, ईश्वर दयाल, महेंद्र दुबे पत्रकार आकृति त्रिपाठी, दिवाकर मिश्रा ,कुलदीप अवस्थी, शिव शर्मा, गिरीश दुबे, अनुराग यादव, आक्रोश चौबे आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**औरैया।** खंड शिक्षाधिकारी विजय विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार 20 नवम्बर को तिलक नगर मोहल्ले में स्थित तिलक स्टेडियन में जनपद स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें परिषदीय विद्यालयों के बच्चे प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के सभी विद्यालयों के हेड मास्टरों को निर्देशित किया है कि वह समय से अपने विद्यालयों के बच्चों को लेकर पहुंचे और कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें।

### प्रशिक्षण प्राप्त करने को एक तक आवेदन

**औरैया।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी बीरपाल ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों हेतु ओ लेवल सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए 20 नवम्बर से एक दिवम्बर तक पोर्टल खुला है। इच्छुक अभ्यर्थी 01 दिसम्बर तक कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फाइनल रूप से सबमिट करने के बाद संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन भरे गये आवेदन की हस्ताक्षरित हार्डकॉपी 2 प्रतियों में आय, जाति, आधार कार्ड, हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंकतालिका की प्रति सहित कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी में एक दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### अछल्दा में अजगर मिलने से हड़कंप

**अछल्दा (औरैया)।** ग्राम सकरावा में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने झाड़ियों के बीच लगभग 15 फीट लंबा विशाल अजगर देखा। अचानक सामने आए इस बड़े सांप को देखकर लोग दहशत में आ गए और इसकी जानकारी तुरंत वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। टीम ने बताया कि जिस स्थान पर अजगर देखा गया, वहां करीब 170 हेक्टेयर का घना जंगल क्षेत्र है। रेस्क्यू टीम ने सावधानीपूर्वक अजगर को पकड़कर जंगल के सुरक्षित और गहरे हिस्से में छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# शिकायतों के निस्तारण में न हो लापरवाही

## डीएम ने विभागीय अधिकारियों को कार्य प्रणाली में सुधार करने के दिए निर्देश

## प्रकरणों के निस्तारण में संतुष्टि प्रतिशत 70 प्रतिशत से कम न हो

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग के माध्यम से कार्यों की समीक्षा की। सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में गंभीरता बरतते हुए संतुष्टि प्रतिशत 70 प्रतिशत तक सुनिश्चित करें अन्यथा कार्य के प्रति लापरवाही मानते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए शासन को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने सीडीपीओ औरैया द्वारा जिम्मेदारी का निर्वहन न करने पर वेतन रोके जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के संचालित कार्यक्रम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों द्वारा रुचि न लेने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निष्ठा और लगन के साथ निर्वहन करते हुए गणना प्रपत्रों को एकत्रित किए जाने के लिए सतर्क रहें। मुनादी कराते हुए पंचायत भवन पर बीएलओ के साथ-साथ सहयोगी के रूप में तैनात वालंटियर इस कार्य को पूर्ण कराएं। कार्य की समीक्षा उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व खंड विकास अधिकारी सतत रूप से करते रहें। उन्होंने ग्राम पंचायत में मुनादी /डुगडुगी पिटवाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि कोई भी ग्राम पंचायत इस कार्य से छूटने न पाए जिससे शत-प्रतिशत लोग गणना प्रपत्र के साथ पंचायत घर पर पहुंचकर गणना प्रपत्र की अवशिष्ट प्रविष्टियां पूर्ण करते हुए जमा करें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन विभागों के वालंटियर सहयोगी के रूप में बूथवार तैनात किए गए हैं उनकी उपस्थिति /कार्य की समीक्षा संबंधित विभागाध्यक्ष करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर बरती गई लापरवाही के लिए सभी की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जाएगी।

## एसआईआर कार्यक्रम की हकीकत परखी

कार्यालय संवाददाता, औरैया



निरीक्षण करते डीएम डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की हकीकत जानने के लिए ग्राम पंचायत नौली में पहुंचकर बीएलओ सहित संबंधित द्वारा की जा रही गतिविधियों के संबंध में जानकारी की। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाले गणना प्रपत्रों को जमा करते समय उनमें अंकित प्रविष्टियों को भली-भांति पढ़कर मिलान कर लें जिससे प्रविष्टि आधी - अधूरी न रहे।

जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत नगला जय सिंह में पहुंचकर सुपरवाइजर आकांक्षा सेंगर व वर्तमान बीएलओ सौरभ मिश्रा तथा तत्कालीन बीएलओ अजीत कुमार द्वारा गणना प्रपत्रों के संबंध में की जा रही कार्यवाही को देखा। उन्होंने वर्तमान बीएलओ द्वारा कार्य में रुचि न लेने पर नाराजगी व्यक्त की और तत्कालीन बीएलओ अजीत कुमार को पुनः बीएलओ की ड्यूटी पर तैनात करने तथा सौरभ मिश्रा को उनके सहयोगी के रूप में ड्यूटी पर लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बूथवार तैनात सुपरवाइजर अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करते हुए यह भी अवगत करायें कि बूथ पर सहयोगी के रूप में तैनात कार्मिकों द्वारा कार्य में ली जा रही गतिविधियों के संबंध में अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमों में किसी भी स्तर पर बरती गई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, साथ ही शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

- गणना प्रपत्र प्राप्त करते समय यह सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रविष्टि आधी- अधूरी न रहे

उन्होंने वहां बैठकर ग्राम वासियों से कार्यक्रम में सहयोग करने को कहा जिससे कार्य समय से पूर्ण हो सके। उन्होंने ग्रामीण जनों से आमजन की समस्याओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। ग्रामीण जनों द्वारा अवगत कराया गया कि आवागमन वाले रास्ते पर जल भराव की समस्या रहती है। उन्होने कहा कि जल्दी ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## अनियंत्रित होकर बाइक गिरी, सफाई कर्मी घायल

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** बुधवार दोपहर करीब 12 बजे अछल्दा थाना क्षेत्र के गुनौली गांव के पास ड्यूटी से घर लौट रहे एक सफाई कर्मी की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में सफाई कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी कई पसलियां टूट गईं।

नगरिया निवासी शिवा पुत्र ईशा चरण गुनौली गांव में सफाई कर्मी के पद पर तैनात हैं। बुधवार सुबह ड्यूटी पूरी कर वह बाइक से घर लौट रहे थे। तभी पूर्वा थाना क्षेत्र के एक गांव के सामने उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में शिवा को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल सीएचसी अछल्दा पहुंचाया गया, जहां तैनात डॉ. गौरव ने उनका प्राथमिक उपचार किया। चोटों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च केंद्र रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और सहकर्मी अस्पताल पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा, तेज रफ्तार और नियंत्रणहीन वाहनों को लेकर चिंता जाहिर की है। वहीं पुलिस ने भी घटना की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

जिला कार्यालय-यू०पी० कोआपरेटिव फेडरेशन लि०, जनपद- हमीरपुर

पत्रांक:पी0सी0एफ0/जि0का0/दलहन–तिलहन/ई–टेण्डर/2025–26/282 दिनांक:– 19/11/2025

अल्पकालीन ई–टेण्डर–नोटिस

पी0सी0एफ0 में विपणन खरीफ वर्ष 2025–26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले दलहन/तिलहन (**मूंगफली, मूंग, उरद एवं तिल**) के बोरा क्रय कार्य हेतु चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के हमीरपुर के क्रय केन्द्रों हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी जिला प्रबन्धक पी0सी0एफ0 हमीरपुर के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं0–8765985042 पर की जा सकती है।

जिला प्रबन्धक
पी0सी0एफ0, हमीरपुर

## महिलाओं को किया जागरूक

संवाददाता, बिधूना (औरैया)



कार्यक्रम के दौरान जानकारी देतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत, जिला औरैया की बिधूना नगर इकाई द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की जयंती को 'स्त्री शक्ति दिवस' के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन रैपिड ग्लोबल पब्लिक स्कूल, बिधूना में एक विचार-गोष्ठी के रूप में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि मंजू सिंह ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई भारतीय महिलाओं के साहस, स्वाभिमान और नेतृत्व क्षमता की एक सशक्त प्रतीक हैं। उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ रही छात्राओं की भागीदारी की सराहना की और कहा कि युवा पीढ़ी को उनसे अवश्य प्रेरणा लेनी चाहिए। युवाओं ने सुरक्षा और सम्मान की प्रतिज्ञा ली। विचार-गोष्ठी के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी ओजस्वी विचार व्यक्त किए। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के प्रेरणादायक जीवन से सीख लेते हुए समाज में महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली। नगर इकाई के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर विभाग सह संयोजक आयुष शुक्ला, नगर अध्यक्ष प्रेम पाल सिंह राजपूत, नगर मंत्री ऋषभ तिवारी, नगर छात्रा प्रमुख श्रद्धा प्रजापति, नगर सह मंत्री हिमांशु पाल, संदीप सिंह, मोनू भदौरिया, हेमन्त प्रताप सिंह, आशु शाक्य, रिहान खान, सुजल , नितिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुलिस की सक्रियता से मिला ऑटो में छूटा बैग

संवाददाता अजीतमल

- बैग में रखे थे पचास हज़ार रुपये
- सीसीटीवी कैमरे के आधार पर पुलिस पहुंची ऑटो चालक तक
- खोया बैग, रुपए पाकर बुजुर्ग के छलके खुशी के आंसू

**अमृत विचार।** कोतवाली अजीतमल से इटावा जाने के दौरान ऑटो में बैग छूट जाने पर परेशान बुजुर्ग को अजीतमल पुलिस ने वापस बैग दिलाया। बैग में कपड़ों के अलावा पचास हजार रुपये नकद और कागजात थे। बुजुर्ग अपनी पत्नी का इलाज कराने सैफई जा रहा था।

बाबरपुर कस्बे के अशोक नगर मोहल्ला निवासी बुजुर्ग रामलखन कठेरिया पत्नी राजाबेटी के इलाज हेतु अपने नाती हंसम के साथ इटावा जाने के लिए मंगलवार को बाबरपुर तिराहे से ऑटो में बैठ गया। इटावा रेलवे स्टेशन के पास ऑटो से उतरते समय राजाबेटी को चक्कर आ गया। रामलखन और हंसम उसे संभालने लगे तभी ऑटो चला गया और रामलखन का बैग ऑटो में छूट गया।

बैग ऑटो में छूटने की जानकारी रामलखन ने इटावा सिविल लाइन पुलिस व थाना जीआरपी इटावा को दी। शाम तक ऑटो के बारे में जानकारी नहीं मिली। देर शाम रामलखन ने अजीतमल कोतवाली पहुंचकर कोतवाल ललितेश त्रिपाठी को बताया कि बैग ऑटो में छूट गया था। बैग में पचास हजार रुपये, कपड़े और एटीएम, आधार कार्ड आदि जरूरी कागज हैं। कोतवाल ने गरीब बुजुर्ग की बात सुनकर अनंतराम चौकी प्रभारी योगेंद्र सिंह को टोल प्लाजा के सीसीटीवी चेक कर ऑटो तलाशने के लिए कहा। चौकी प्रभारी ने हमराहियों की मदद से ऑटो को तलाश किया और बैग को कब्जे में ले लिया और बुजुर्ग को सौंप दिया। बैग पाकर बुजुर्ग के खुशी के आंसू छलक आए। घटना की जानकारी पर स्थानीय लोगों ने अजीतमल पुलिस की सराहना की। कोतवाल ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि अनंतराम चौकी प्रभारी योगेंद्र सिंह ने अंकुर, जितेंद्र के साथ टोल प्लाजा सीसीटीवी से ऑटो की तलाश की। अजीतमल पुलिस ने इटावा जिले के थाना बकेवर अंतर्गत ग्राम इंगुठिया निवासी ऑटो चालक राजवीर के पास पहुंच कर ऑटो चेक किया तो सीट के पीछे बैग रखा था। चालक को भी बैग रखे होने की जानकारी नहीं थी। सभी के उतर जाने के बाद वह ऑटो लेकर चला आया था। गलती से बैग उसी में रखा रह गया था। सभी रुपये और कागजात आदि सुरक्षित उसको मिल गए।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैंने अपना नाम KHADEEZA से बदल कर CHANDA W/O MOHD MUSHEER AHMAD रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाये। **निवासी HARRAI Barabanki - 225301**

**सूचना**

मैंने अपना नाम SYED MEHAR ABBAS NAQVI से बदलकर SYED MEHAR ABBAS रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-SYED MOHD WASI ADD-BHADARSA LALPUR LALPUR PURVI BHARATKUND BHADORSA TA BAHAR, DIST-FAIZABAD - 224202(U.P)**

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHD HAROON ABDUL HASAN से बदलकर MOHD HAROON रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-ABBUL HASAN ADD-HAMIRAPUR, MALIHABAD, PO-MALIHABAB DIST- LUCKNOW - 227111 (U.P)**

**सूचना**

मैंने अपना नाम MAHENDRA KUMAR से बदल कर MAHENDRA KUMAR AGARWAL रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O- RAM AUTAR R/O: H NO 15-B, BAINK ROAD ALLAHABAD UTTAR PRADESH - 211002.**

**सूचना**

सूचित हो कि, मैं Belal Ahmed पुत्र Abul Kalam निवासी:– 302, सिल्वर हाइट्स अपार्टमेंट, गुलशन एन्क्लेव, खुर्रमनगर, पोस्ट: विकासनगर लखनऊ का हूँ, मेरे नाम में Belal Ahmed की स्पेलिंग Belal Ahmad अंकित हैं, जो गलत हैं, मेरे सारे दस्तावेजों में मेरा नाम सही स्पेलिंग के साथ Belal Ahmed अंकित हैं, अतः मेरे नाम को Belal Ahmed लिखा जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सौम्य दुबे पुत्र कृष्ण अवतार दुबे निवासी ग्राम सराय सुन्दर पोस्ट अकबरपुर, परगना छिबरामऊ, जनपद कन्नौज** घोषित करता हूं कि मेरा चाल चलन ठीक नहीं है जिससे मैं अपने पिता कृष्ण अवतार पुत्र तेजराम के साथ नहीं रहना चाहता। उनसे संबंध विच्छेद करने के साथ उनकी सभी जायदाद जैसे कृषि भूमि व मकान में कोई हिस्सा नहीं लेना चाहता हूं। विच्छेदन की समस्त प्रक्रिया का जिम्मेदार मैं स्वयं हूं। इससे किसी का लेना देना नहीं है।

## छात्राओं को आत्मरक्षा के बताए तरीके

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** रानी लक्ष्मीबाई जयंती 'स्त्री शक्ति दिवस' पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, औरैया द्वारा संगोष्ठी का भव्य आयोजन चौधरी विशंभर सिंह भारतीय बालिका इंटर कॉलेज में किया गया।

मुख्य अतिथि महिला थानाध्यक्ष पूजा सिंह राठौर ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष, शौर्य और देशभक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झांसी की रानी ने अपने साहस से यह सिद्ध किया कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी, विशेष रूप से छात्राओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई का जीवन संघर्ष, आत्मनिर्भरता और दृढ़ संकल्प का मार्गदर्शक है। इसके साथ मंच पर औरैया नगर मंत्री मणि चौहान , रानी लक्ष्मीबाई जी के स्वरूप में सौम्या राजपूत , मुख्य वक्ता विभाग संयोजक सुदीप चौहान मंच पर उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रेरक वक्तव्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। 'नारी शक्ति दिवस' के महत्व पर प्रपत्र वाचन किया गया। महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। छात्राओं को आत्मरक्षा एवं नेतृत्व कौशल से जुड़े प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### कार दो पेड़ों के बीच फंसी, दो घायल

**औरैया।** मंगलवार की रात्रि लगभग एक बजे कोतवाली औरैया क्षेत्र के ग्राम भाऊपुर स्थित नेशनल हाईवे अंडरपास के नीचे एक तेज रफ्तार कार दो पेड़ों के बीच जाकर जोरदार टक्कर से फंस गई।

दुर्घटनाग्रस्त कार औरैया से कानपुर की ओर जाने वाले सर्विस रोड पर पेड़ों के बीच बुरी तरह क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली। कार के भीतर दो युवक फंसे हुए थे। चालक सीट के पास बैठे ऋषि सविता निवासी 2/31 आवास विकास कॉलोनी को हल्की चोटें आईं। गिरिराज शुक्ला निवासी क्योटरा थाना कोतवाली औरैया हाल निवासी तिलक नगर उम्र करीब 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। उन्हे अस्पताल भेजा गया।

### 25 नवंबर को होगा सुंदर काण्ड का पाठ

**फफूंद (औरैया)।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा ने जानकारी दी कि 25 नवंबर को अयोध्या में श्री राम मंदिर के उच्च शिखर पर ध्वज लगाया रहा है। उसके उपलक्ष्य में श्री महावीर धाम ककोर रोड फफूंद के प्रांगण में सुंदर कांड का आयोजन होगा।

ज्ञापन

कोरोना काल के समय कई ट्रेनों का अस्थाई रूप से ठहराव समाप्त कर दिया गया था

# अछल्दा स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के पुन : ठहराव की मांग

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)



जीएम को ज्ञापन सौंपते लोग। अमृत विचार

- स्थितियां सामान्य होने के बाद भी इन ट्रेनों का ठहराव अब तक शुरू नहीं किया गया
- प्रतिनिधिमंडल ने इटावा रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह को ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार।** कोरोना काल के दौरान बंद की गई एक्सप्रेस ट्रेनों के अछल्दा स्टेशन पर ठहराव को पुनः बहाल कराने की मांग की गई। मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल ने इटावा रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह को ज्ञापन सौंपा।

बताया गया कि महामारी के समय कई ट्रेनों का अछल्दा स्टेशन पर ठहराव अस्थायी रूप से समाप्त कर दिया गया था, लेकिन सामान्य स्थितियां बहाल होने के बाद भी इन ट्रेनों का ठहराव अब तक शुरू नहीं किया गया है। इससे स्थानीय यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस, कानपुर–अलीगढ़ सुपरफास्ट मेमू , संगम एक्सप्रेस, के ठहराव को तत्काल प्रभाव से पुनः शुरू करने की मांग उठाई। बताया गया कि इन ट्रेनों का अछल्दा स्टेशन पर पूर्व में नियमित ठहराव होता था, जिससे छात्रों, मरीजों, व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलती थी। ठहराव बंद होने से लोगों को वैकल्पिक साधनों की उपलब्धता न होने पर अतिरिक्त समय और खर्च वहन करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने जीएम को बताया कि क्षेत्र में यात्रियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है तथा अछल्दा स्टेशन आसपास के कई कस्बों का प्रमुख यातायात केंद्र है। ऐसे में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की बहाली अत्यंत आवश्यक है। महाप्रबंधक रेलवे ने समस्या को गंभीरता से लिया और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागों से मामले की समीक्षा कर उचित कार्रवाई करने की बात कही। ज्ञापन देने वालों में मुकेश गुप्ता, सम्राट श्रीवास्तव, नीरज पोरवाल, गौरव पोरवाल सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव बहाल होने से क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited from Indian/NRI/Foreign National Students for Admission to Ph.D. Programmes January 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Nursing M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- Faculty of Dental Sciences (All Specilities)
- Humanities and Journalism English
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Management
- Faculty of Allied Health Sciences (Faculty of Paramedical Sciences) (Ph.D. in Medical Laboratory Technology/Physiotherapy)

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th November, 2025

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)



अमृत विचार

कानपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025



## न्यूज ब्रीफ

### बौखर हत्याकांड को लेकर कैंडल मार्च

**सरीला।** बौखर हत्याकांड को लेकर आधा सैकड़ा लोगों ने जरिया स्टैंड से तहसील तक कैंडल मार्च निकाला और मामले की जांच कर हत्या के खुलासे की मांग की है। बौखर गांव की 55 वर्षीय महिला केयर टेकर की हत्या के दो माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। खुलासे के लिए एसपी के निर्देश पर टीमें भी गठित की गई थीं, लेकिन अभी तक खुलासा न होने से परिजनों में नाराजगी है। बुधवार शाम महिला के पति नन्दराम, बेटी पूजा,पूर्व सपा प्रत्याशी चन्द्रवती वर्मा, कामता राजपूत, डॉ. मैहरलाल राजपूत आदि ने खुलासे की मांग उठाई।

### सूने घर का ताला तोड़ लाखों के जेवर चोरी

**बिवांर।** क्षेत्र के कल्ला गांव निवसी अमित प्रजापति ने तहरीर देकर बताया कि एक महीने पहले सपरिवार घर में ताला बंद कर मजदूरी करने सूरत गए थे। चोर घर के अंदर घुसकर कमरे के दरवाजा का ताला तोड़ा और बक्सा का कुंदा तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात सहित घर के बर्तन ले गए। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है, चोरी का मामला संदिग्ध लग रहा है। फिर भी जांच कर चोरों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### रुपये नहीं दिए तो मां व दुकानदार को पीटा

**राठ।** जखेड़ी गांव में उधारी मांगने पर युवक ने मां-बेटे को पीटा। पीड़ित ब्रजकिशोर ने तहरीर में बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठा था, तभी प्रेमचंद्र और भवानीदीन आए। प्रेमचंद्र ने उससे उधार पैसे मांगे। उसने नहीं दिए तो गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी और दुकान का सामान फेंक दिया। मां शांति देवी जब उसे बचाने आईं तो उन्हें भी पीटा। पुलिस जांच कर रही है।

### दरवाजे भैंस बांधने को लेकर महिला को पीटा

**बिवांर।** क्षेत्र के पाटनपुर निवासी गीता पत्नी गोविंदा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 9 नवम्बर की सुबह वह अपने दरवाजे पर भैंस बांध रही थी तभी धर्मपाल, कल्लू, जयवीर और लल्ला आदि उसे गालीगलौज करते हुए लाठी-डंडे से पीटने लगे। पीड़िता ने बताया कि उसका पति बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की, पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आईटीआई में कल लगेगा रोजगार मेला

**सुमेरपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 21 नवंबर को रोजगार मेला लगेगा। इस में स्थानीय एवं बाहरी कंपनियां/फर्में आईटीआई उत्तीर्ण, बिना आईटीआई उत्तीर्ण (हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, ग्रेजुएट) तथा कौशल विकास से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार का अवसर देंगी। अभ्यर्थियों को शैक्षणिक और प्रशिक्षण संबंधी दस्तावेजों के साथ प्रातः 10 बजे से उपस्थित होना होगा।

### पटेल जयंती पर आज निकलेगी पद यात्रा

**सुमेरपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के 150 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति के नेतृत्व में एकता पदयात्रा निकलेगी। इस में 10 हजार लोग शामिल होंगे। पदयात्रा का समापन पशु बाजार मैदान में होगा। यहां सभा को जिले के प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी संबोधित करेंगे। इस एकता पदयात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

### भागवत कथा सुनने से आते सात्विक विचार

**पौथिया।** कीरतपुर बैठका धाम हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत के दूसरे दिन कथावाचक स्तुति तिवारी ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मन में सात्विक विचार आते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होते हैं। नारद भगवान की कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। यहां अंबिका प्रसाद उर्फ बबलू मिश्रा, संदीप दीक्षित, पवन यादव, चिंतामणि तिवारी, राजबहादुर कोटेदार, बाबू यादव सहित मंदिर के पुजारी गोपाला नन्द उर्फ राजू महाराज आदि मौजूद रहे।

### किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त मिली

**सुमेरपुर।** किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी होने का ब्लाक सभागार में लाइव प्रसारण दिखाया गया। सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की बेहतरी के कार्य कर रही है। ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने भी संबोधित किया। संचालन जिला उद्यान अधिकारी/प्रभारी बीडीओ आशीष कटियार ने किया। बीज भंडार प्रभारी अनूप कुमार ने आभार जताया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बीएससी छात्र की मौत, दो दोस्त घायल

## कानपुर में सीजीएल की परीक्षा देकर मंगलवार की बाइक से लौट रहे थे तीनों छात्र

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- हादसे में घायल हुए दोनों छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया
- एकलौती संतान था अभिषेक यादव, मां-बाप का बुरा हाल

**अमृत विचार।** कानपुर में परीक्षा देकर लौट रहे बाइक सवारों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई। छात्र मौदहा के एक महाविद्यालय से बीएससी कर कर रहा था। वह घर की एकलौती संतान था।

मौदहा क्षेत्र के गहबरा हाल मुकाम मराठीपुरा मौदहा निवासी अभिषेक यादव पुत्र जसवंत यादव अपने साथी किशन धुरिया पुत्र केदारनाथ निवासी मराठीपुरा और हृदेश पुत्र संतराम निवासी सिचौली पुरवा मौदहा के साथ मंगलवार की रात कानपुर में सीजीएल की परीक्षा देकर बाइक से लौट रहा था,

अस्पताल में भर्ती कराए गए घायल छात्र। अमृत विचार

तभी फैक्ट्री एरिया के समीप ट्रैक्टर ट्रॉली से बाइक टकरा गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को गंभीर हालत में कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों ने अभिषेक यादव को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। अभिषेक अपने मां-बाप की एकलौती संतान था और मौदहा के एक महाविद्यालय से बीएससी कर रहा था। पिता यशवंत सिंह ने बताया कि अभिषेक अपने दोस्त किशन धुरिया और हृदेश के साथ बाइक से परीक्षा देने के लिए सोमवार को कानपुर गया था। मंगलवार को पेपर देकर घर वापस लौट रहे थे, तभी रात के समय सुमेरपुर औद्योगिक क्षेत्र के निकट हादसा हो गया।

बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया। शव गांव आते ही परिजनों की चीत्कार से लोगों का कलेजा कांप उठा। देर शाम उसका गांव में अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है।

## मानसिक विक्षिप्त किशोरी से दुष्कर्म

**मौदहा।** क्षेत्र में मानसिक विक्षिप्त किशोरी से दुष्कर्म की घटना से हड़कंप मच गया है। हालांकि पुलिस ने मां की तहरीर पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि आरोपी की तलाश की जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक मां ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 16 नवंबर को रात आठ बजे गांव का ही श्रीराम पुत्र बाबू उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर गांव के बाहर बने कॉलेज के पीछे ले गया और मुंह दबा कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया इतना ही नहीं आरोपी ने कहीं भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी है और उसकी बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपी की तलाश जारी है।

# कुकर्म के आरोपी को 15 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सिसोलर थानाक्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय बालक के साथ कुकर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कीर्ति माला सिंह ने आरोपी को 15 वर्ष का कठोर कारावास व 20 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो अवध नरेश सिंह चंदेल ने बताया कि सिसोलर थाने में एक गांव के ग्रामीण ने 2 अक्टूबर 2017 को तहरीर देकर बताया कि उसका पांच वर्षीय पुत्र शाम 4 बजे घर के बाहर खेल रहा था। उसी समय गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र रामकिशन उसे बहला फुसलाकर नदी की तरफ ले गया। जहां पुत्र के साथ जबरन कुकर्म किया। उसका पुत्र रोते हुए घर आया और अपनी मां को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार के खिलाफ कुकर्म व 6 पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कीर्ति माला सिंह ने आरोपी सुनील कुमार को कुकर्म व 6 पॉक्सो एक्ट का दोषी मानते हुए 15 वर्ष का कठोर कारावास व 20 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### किशोरी से छेड़खानी में 3 वर्ष कठोर सजा

- **हमीरपुर।** मनासर बाबा दर्शन को गई किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कीर्ति माला सिंह ने आरोपी को तीन वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। सुमेरपुर क्षेत्र की किशोरी अपनी बहन व गांव सहेलियों के साथ 13 फरवरी 2018 को मनासर बाबा दर्शन को गई थी, जहां गांव के बाबूजी उर्फ रामप्रकाश उसके साथ छेड़खानी की। इसके बाद भी वह परेशान करता रहा। मां की तहरीर पर केस दर्ज हुआ था।

# गुलाब की खेती से कमाएं मुनाफा

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें समाधान दिवस का प्रचार प्रसार न होने के चलते गिने चुने ही किसान पहुंचे।

स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित समाधान दिवस को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि किसान ज्यादा से ज्यादा गुलाब के फूल की पैदावारी करके अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। साथ ही सब्जी की पैदावारी, मधुमक्खी पालन, मछली पालन, सरसों खेती, मुर्गी पालन आदि करने के बारे में किसानों को जागरूक किया। साथ ही सरकार की विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के बारे में बताया। साईलस प्लांट के बारे में बताया कि 60 करोड़ की लागत से प्लांट लगाया गया है, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। केवीके अध्यक्ष राजीव

कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी घनश्याम मीना। अमृत विचार

- कृषि विज्ञान केंद्र के किसान दिवस पर डीएम का आह्वान

कुमार सिंह ने बताया कि किसान क्लस्टर बनाकर लाए और विभाग से बीज निशुल्क लेकर अपनी आमदनी बढ़ाए। साथ ही काला नमक की खेती के बारे में बढ़ावा देने की बात कही। इस मौके पर बचरौली गांव के किसानों ने जिलाधिकारी से बाढ़ में फसलों के डूब जाने में हुई क्षति का अभी तक क्लेम न मिलने की शिकायत की। कुसौली पुरवा गांव के किसान बृजकिशोर ने पिता की किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत की। किसान शिव बाबू ने किसान समाधान दिवस की जानकारी किसानों को न देने की बात कही। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, प्रमोद कुमार, इंद्रेश कुमार गौतम, डॉ.अमित कुमार, विवेक कुमार, धीरेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार, मनीष कुमार, मृत्युंजय यादव, अरविन्द कुशवाहा, केशव प्रसाद मिश्रा आदि किसान मौजूद रहे।

## बार-बार जमानत ली तो जाएंगे जेल

**मौदहा।** एक दस्तावेज से बार-बार जमानत लेने वाले अब सावधान हो जाएं, नहीं तो आपकी जमानत किसी दूसरे व्यक्ति को लेनी पड़ सकती है। एक व्यक्ति पर तीन बार जमानत लेने में केस दर्ज किया गया है।

बिवांर थाने के एसआई सुल्तान अहमद ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि छानी बुजुर्ग निवासी जमींदार कल्याण सिंह पुत्र सत्तीदीन ने एक ही खतौनी से देवेंद्र सिंह उर्फ़ लोदे की एनडीपीस एक्ट, घर में घुसकर दुष्कर्म, एनडीपीएस एक्ट के मामले में जमानत ली है। कल्याण सिंह पेशेवर जमानतदार है, जो न्यायलय में दिए हलफनामों की शर्तों का उल्लघन करता है। यह दण्डनीय अपराध है। उपनिरीक्षक की आख्या के बाद बिंवार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी नंदलाल प्रजापति ने बताया कि, मुकदमा दर्ज किया गया है लेकिन अगर आरोपी विवेचना में सहयोग नहीं करेगा तो गिरफ्तारी की जाएगी।

# सुमेरपुर लायंस ने जीता फाइनल

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के गायत्री तपोभूमि प्रांगण में आयोजित बीएससीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सुमेरपुर गोल्फ एवं सुमेरपुर लायंस के मध्य खेला गया। जिसमें सुमेरपुर लायंस ने बगैर विकेट खोए आठ ओवर में मैच जीत लिया। विजेता एवं उपविजेता टीम को नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गायत्री तपोभूमि में बीएससीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में आधा दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया। बुधवार को टूर्नामेंट का फाइनल में सुमेरपुर गोल्फ एवं सुमेरपुर लायंस के मध्य खेला गया। सुमेरपुर गोल्फ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 13 ओवर में 139 रन बनाए इस टीम के खिलाड़ी जिगर सिंह ने सर्वाधिक 21 गेंद में 59 रन बनाए। जवाब में

विजेता टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

- बीएससीएल टूर्नामेंट के निर्णायक मैच में सुमेरपुर गोल्फ को हराया

उतरी सुमेरपुर लायंस ने 8 ओवर 4 गेंद में बगैर किसी नुकसान के 143 रन बनाकर मैच जीत लिया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि हमीरपुर नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, ब्लॉक प्रमुख कुरारा आशीष पालीवाल ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, एसडीएम सरीला बलराम गुप्ता, भाजपा नेता पुष्पराज सोनी, रोहित शिवहरे, पुनीत सिंह, नितिन गुप्ता, अखिलेश साहू, रोहित चौरसिया, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य मौजूद रहे। टूर्नामेंट का आयोजन प्रशांत सिंह एडवोकेट अंकुर दद्दा ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वह प्रतिवर्ष इसका आयोजन आगे भी करते रहेंगे।

# शिविर में ईपीएफओ के अफसर ने फायदे बताए

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर कस्बे में सहर्ष एसोसिएट एलएलपी कार्यालय में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में प्रवर्तन अधिकारी सर्वेश्वर सिंह ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना समेत अन्य योजनाओं के प्रचार प्रसार तथा पंजीकरण की जानकारी दी। प्रवर्तन अधिकारी नियोक्ताओं एवं प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। जो नए कर्मचारियों की नियुक्ति पर नियोक्ता एवं कर्मचारी दोनों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि यह योजना दो भागों में संचालित है।

जानकारी देते प्रवर्तन अधिकारी।

जिसका पंजीकरण सीधे ईपीएफओ के इम्प्लॉयर पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। जिसके अंतर्गत नए कर्मचारी को उसके प्रथम माह का वेतन भारत सरकार सीधे उनके बैंक खाते में जमा करती है। सरकार प्रत्येक नए कर्मचारी के वेतन का 10 फीसदी अथवा अधिकतम 3000 रुपये प्रतिमाह सीधे नियोक्ता के खाते में जमा करती है। शिविर के दौरान लोगों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेन्द्र कुमार आदि लोग रहे।

# फोटोग्राफर संघ ने सीएम से ड्रोन कैमरा उड़ाने की मांगी अनुमति

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- फोटोग्राफर संघ ने गाइड लाइन जारी करने की मांग उठाई
- मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

**अमृत विचार।** प्रदेश में प्रतिबंधित ड्रोन कैमरा उड़ाने गाइड लाइन जारी करने की मांग को लेकर फोटो ग्राफर संघ ने बुधवार को मुख्यमंत्री से सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी घनश्याम मीना को सौपा है। जिसमे उन्होंने शादी एवं अन्य कार्यक्रम में ड्रोन कैमरा ना उड़ने से आर्थिक तंगी से गुजरने का जिक्र किया है।

ऑल इंडिया फाउंडेशन फोटोग्राफर/मीडिया फाउडेशन के जिलाध्यक्ष कुंदन निषाद के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में कहा कि उप्र सरकार द्वारा जो ड्रोन कैमरा उड़ाने पर प्रतिबंधित लगाया गया है, इससे जिले के फोटोग्राफर शादी विवाह अन्य कार्यक्रमो में ड्रोन कैमरा नहीं उड़ा पा रहे है, जिससे उनका आर्थिक नुकसान हो रहा है।

संगठन के पदाधिकारियों का

डीएम कार्यालय में ज्ञापन देते फोटोग्राफर संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

कहना है कि उनकी पारिवारिक स्थिति कमजोर हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से ड्रोन कैमरा उड़ान की आवश्यकता पड़ने पर सरकार द्वारा एक गाइडलाइन जारी करने की मांग की है।इस मौके पर राजा, संगम, आर के, अवधेश, प्रिया, सहित अन्य फोटोग्राफी मौजूद रहे।

# अद्भुत शौर्य की मिसाल थीं वीरांगना लक्ष्मीबाई

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने कहा कि रानी सही अर्थों में अद्भुत शौर्य की साक्षी थीं। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

उन्होंने बताया कि उनका जन्म 19 नवंबर 1828 वाराणसी में मोरोपंत तांबे और भागीरथी बाई के घर हुआ था। मां का जल्दी निधन हो गया था। इस कारण इनके पिता बिठूर चले गए थे, वहीं पर पिता ने इनकी परवरिश की। उनका नाम मणिकर्णिका तांबे था, घर का नाम मनु था, मनु ने वहीं पर घुड़सवारी एवं अस्त्रों शस्त्रों के बारे में सीखा। 14 वर्ष की उम्र में इनका झांसी

गोष्ठी को संबोधित करते डॉ.भवानीदीन।

के राजा गंगाधर राव से विवाह हो गया। कुछ समय बाद इनके एक पुत्र हुआ, जो नहीं रहा। उन्होंने दामोदर राव को गोद लिया। 1953 में राजा की मृत्यु हो गई। रानी ने गोरों से मोर्चा लिया, लेकिन भितरघातियों के कारण रानी की पराजय हुई। ग्वालियर के कोटा सराय में गोरों से संघर्ष में 18 जून 1858 को रानी 30 वर्ष की उम्र में शहीद हो गई। यहां सिद्धा, प्रेम, सागर, रिचा, पंकज सिंह, रामनारायण सोनकर, रामबाबू, दयाराम सोनकर, विकास, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि रहे।

**आह्वान** | सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों को सही राह दिखाने में भूमिका निभाएं मां

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मातृ सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया के नेतृत्व में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन, हिन्दी वन्दना व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ।

सम्मेलन की शुरुआत में अभिभावक माताओं द्वारा अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि का चयन किया गया, जिसमें सुधा सिंह को अध्यक्ष एवं वंदना सिंह को मुख्य अतिथि चुना गया। अतिथियों का बैज अलंकरण शशि गंगोला, अदिति सिंह तथा मातादीन त्रिपाठी एवं

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित मातृ सम्मेलन में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

सुनीता सचान ने किया। कार्यक्रम की उपादेयता विद्यालय के सर्व व्यवस्था प्रमुख कमलकान्त मिश्र ने प्रस्तुत की। सम्मेलन के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय चरण में अभिभावकों से सुझाव मांगे गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने अभिभावकों की जिज्ञासा एवं उनके अमूल्य सुझावों पर उनका त्वरित निस्तारण किया। उन्होंने नारी की सात शक्तियों का विस्तृत वर्णन किया और एक प्रेरणादायी प्रसंग के माध्यम से सभी को अपने बच्चों के प्रति जागरूक किया। संचालन आचार्य रमेश शुक्ल एवं अदिति ने किया। प्रभारी घनश्यामदास राठौर ने आभार जताया। मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश शुक्ल मौजूद रहे।

# समाज के प्रति दायित्व निभाएं बेटियां

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिक्षिका प्रियंका द्विवेदी ने कहा कि महिला दो घरों को शान ही नहीं अपितु समाज की शान है।

उन्होंने अपने उद्बोधन में बेटियों में स्वाभिमान पैदा करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में हेमलता तिवारी ने कहा कि बेटियों को शालीन वस्त्र, संस्कारयुक्त शिक्षा, समाज के प्रति दायित्व निभाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं रीतू मिश्रा ने प्राचीन भारतीय नारियों के त्याग एवं बलिदान के विषय में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि बेटियों को निर्भीकता, साहस एवं शक्ति से

कार्यक्रम में अपने विचार रखतीं मुख्य अतिथि प्रियंका द्विवेदी। अमृत विचार

- सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम

सामाजिक बुराईयों का डटकर मुकाबला करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सुमन भारती शांति निकेतन सरस्वती बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या प्रवेश तिवारी, रीतू मिश्रा, हेमलता तिवारी, पूनम सिंह राजपूत आदि रहीं। कार्यक्रम का संचालन अंशिका मिश्रा ने किया। सरस्वती बाल मंदिर के प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी ने अभी का आभार जताया। प्रबंधक श्याम सुंदर मुखिया ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सेमेस्टर परीक्षाओं की आवेदन तिथि बढ़ी

**महोबा।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय साईं कालेज ऑफ एजुकेशन की बीए, बीकॉम, बीएससी के तृतीय एवं पंचवें सेमेस्टर और एमए हिंदी एवं गृह विज्ञान के तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के परीक्षाओं के लिए फार्म पूरित करने की अंतिम तिथि 17 नवम्बर थी, लेकिन विश्वविद्यालय ने इस तिथि को बढ़ाकर 20 नवम्बर तक कर दी है। यह जानकारी कालेज के प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने देते हुए बताया कि कालेज के उक्त पाठ्यक्रम के छूटे छात्र छात्राएं निर्धारित समय के अंदर परीक्षा आवेदन पत्र अवश्य भर ले अन्यथा सेमेस्टर परीक्षाओं में परीक्षार्थी देने से वंचित होना पड़ सकता है।

### चरखारी तहसील के वकीलों को मिले चैंबर

**महोबा।** चरखारी तहसील के वकीलों को चैंबर मिल गए हैं, जहां अधिवक्ता पंखे-कूलर की हवा ले सकेंगे और अपनी फाइलें भी रख सकेंगे। अपनी विधायक निधि से निर्माण कराने वाले एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने बुधवार को चैंबरों का लोकार्पण किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी धीरेंद्र यादव भी मौजूद रहे। एमएलसी ने कहा कि उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में नहीं, बल्कि चरखारी के एक अधिवक्ता और संगठन के सदस्य के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने चरखारी बार की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया। यहां बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालीचरण दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह, भक्तराम शर्मा, भास्कर तिवारी, दिनेश सक्सेना, स्वतंत्र सक्सेना, नरेंद्र सक्सेना, अर्जुन सक्सेना, सुधीर सक्सेना, हरीश धूलिया, उज्जवल पाल, स्वतंत्र यादव, श्याम बिहारी त्रिपाठी आदि रहे।

### भारी मात्रा में अवैध शराब नष्ट की

**महोबा।** कुलपहाड़ उप जिलाधिकारी और सीओ के संयुक्त नेतृत्व में कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को मुढारी अवैध के कबूतरा डेरा में पुलिस टीम ने भारी मात्रा में मिश्रित लहन व कच्ची शराब जेसीबी के मध्यम से नष्ट की। क्षेत्राधिकारी रविकांत गौड एवं उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में इस संयुक्त छापेमारी के दौरान कच्ची शराब तैयार करने के लिए प्रयुक्त भट्ठी, बॉयलर ड्रम, टंकियां आदि उपकरणों को नष्ट किया गया साथ ही लगभग 5000 लीटर मिश्रित लहन तथा 120 लीटर कच्ची शराब को मौके पर ही नष्ट की गई। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, आबकारी विभाग के अधिकारी एवं भारी संख्या में पुलिस मौजूद रही।

### भाजपा राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर कार्य कर रही

**कालपी।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय प्रभारी भरत दीक्षित मंगलवार देर शाम नगर में आए। उन्होंने पाहूलाल देवालय के दर्शन किये और आजादी की लड़ाई के दौरान उनके बिताए गए दिनों की जानकारी ली। उन्होंने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. अरुण मेहरोत्रा के आवास पर कहा कि भाजपा राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर कार्य कर रही है, जो जनता को पसंद आ रहा है। इसी कारण बिहार की जनता ने पूरा भरोसा जताया और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत दिया। उन्होंने दावा किया कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए गठबंधन सरकार बनाएगी। उनके साथ प्रतिनिधिमण्डल ने झांसी की रानी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर पाहुलाल देवालय का दर्शन व अवलोकन किया तथा झांसी की रानी को याद किया। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. अरुण मेहरोत्रा ने स्वागत किया। यहां एपी सिंह, संजय सविता, धर्मेन्द्र पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली ने लखनऊ टीम को 4-2 से हराया

**हॉकी फाइनल मैच**

- दिल्ली टीम ने फाइनल मैच में पेनाल्टी शूट आउट का उठाया पूरा लाभ
- विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को बांटे पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट का बुधवार को डाकबंगला मैदान चरखारी में फाइनल मैच दिल्ली और लखनऊ टीम के बीच खेला गया। दोनो टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही। दोनों टीमें मैच समाप्त होने तक एक एक गोल कर सकी, जिससे मैच बराबरी पर छूट गया। इसके बाद टूर्नामेंट कमेटी ने पेंनाल्टी शूट आउट कराया। दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने पेंनाल्टी शूट आउट से गेंद फेके और अंत में दिल्ली की टीम ने 4-2 से लखनऊ की टीम को मैच हराकर शील्ड पर कब्जा कर लिया। टूर्नामेंट कमेटी और अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मेला सहस्त्र श्री स्वामी गोवर्धन्नाथ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दिल्ली और लखनऊ की टीम के बीच खेला गया। दोनो टीमों ने फाइनल मैच में दर्शकों का खूब मनोरंजन कराया। कभी दिल्ली के फारवर्ड खिलाड़ी लखनऊ की टीम की डी में गेंद लेकर पहुंचे तो चंद मिनट बाद ही लखनऊ के खिलाड़ी दिल्ली के गोल कीपर के पास गेंद लेकर पहुंच गए, जिससे मैच काफी रोचक रहा। इसी बीच लखनऊ के सेंटर फारवर्ड खिलाड़ी मोहम्मद फैज ने पहला गोल दाग दिया, वहीं थोडी ही देर बाद दिल्ली लेफ्ट आउट खिलाड़ी सागर यादव ने पेनाल्टी कार्नर के जरिए गोल करके हिसाब किताब बराबर कर दिया। इसके बाद दोनो टीमों के खिलाड़ी गोल करने के लिए अंत तक जूझते रहे, लेकिन कोई भी खिलाड़ी दूसरा गोल नहीं कर सका और मैच बराबर पर छूट गया। मैच बराबर होने पर पेनाल्टी शूट आउट का फैसला लिया गया, जिसमें दिल्ली के गोल कीपर मोहम्मद कामिल ने जबरदस्त चौकसी दिखाते हुए गोल रोकने में कामयाबी हासिल की। पांच पांच पेनाल्टी शूट आउट में लखनऊ के गोल कीपर की चूक ने दिल्ली की टीम को 4-2 से जीत दिलाई। एक सप्ताह तक चलने वाले हाकी टूर्नामेंट का बुधवार को समापन हो गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई मध्यप्रदेश की पूर्व मंत्री ललिता यादव, एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के समापन पर समिति के अध्यक्ष पूर्व फौजी कुलदीप भटनागर, महा सचिव सादिक इस्लाम और नगर पालिका अध्यक्ष मंजू कुशवाहा, प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

# बालू के अवैध परिवहन पर 3 ट्रक सीज

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** बालू के अवैध परिवहन पर प्रशासन सख्त है। मंगलवार देररात जिलाधिकारी के निर्देशन में एसडीएम व प्रशासनिक अमले ने आकस्मिक चेकिंग कर 29 ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई की, जिसमें 3 ट्रकों को सीज कर अन्य से 5 लाख 71 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला है।

क्षेत्र में बालू का अवैध परिवहन और खनन कोई नया मामला नहीं है बल्कि यह खेल वर्षों से जारी है जिसकी बानगी कभी कभी हाईवे पर देखी जाती है। ट्रक मानक से अधिक बालू लादकर गुजरते हैं, जिससे शासन को राजस्व की क्षति तो हो ही रही है साथ ही सड़कों की भी दुर्दशा है। जिसके चलते हाईवे की एक लेन पूरी तरह से खराब है हालांकि शासन ने बालू के अवैध खनन और इसके परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए खनन विभाग, परिवहन विभाग तथा प्रशासनिक अफसरों को जिम्मेदारी दी है। इसी के तहत

रात के समय चेकिंग करते एसडीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

- जिलाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने की 29 ट्रकों पर की कार्रवाई

मंगलवार देररात जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अगुवाई में जिले में एक साथ अभियान चलाया गया है। इस दौरान उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अगुआई में एआरटीओ राजेश कुमार, खनिज लिपिक उमेश कुमार तथा आटा थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने आटा इटौरा मार्ग पर आकस्मिक चेकिंग की। इस दौरान टीम ने 29 बालू ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई की। इसमें बिना खनिज प्रपत्रों के बालू का परिवहन कर रहे तीन ट्रकों को सीज कर आटा थाना के सुपुर्द कर दिया गया है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह के अनुसार चेकिंग के दौरान निर्धारित मात्रा से अधिक बालू परिवहन करने वाले ट्रकों से लगभग 5 लाख 70 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया है। एसडीएम के अनुसार बालू के अवैध खनन और परिवहन पर प्रशासन की नजर है और अभियान जारी रहेगा।

# ऐतिहासिक धरोहरें संस्कृति की पहचान

## क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी की ओर से वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय में विश्व धरोहर सप्ताह शुरू

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी की ओर से बुधवार को वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व धरोहर सप्ताह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई और छात्र-छात्राओं की 'हमारी धरोहर-हमारा गौरव' विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें दीपेश खरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विश्व धरोहर सप्ताह के मौके पर एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि हमें अपने आसपास के ऐतिहासिक धरोहर को प्रचारित करने की आवश्यकता है, यदि हम अपने आसपास के किसी ऐतिहासिक धरोहर पर जाते हैं तो उसे हमें सोशल मीडिया पर आवश्यक पोस्ट करना चाहिए, क्योंकि ऐतिहासिक धरोहर हमारी संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक धरोहर से संपूर्ण भारत संपन्न है और इन स्थलों को पर्यटकों को आकर्षित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि महोबा आल्हा ऊदल की नगरी है, इसे पर्यटन के रूप में विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई के प्रमुख डॉ. राजीव कुमार त्रिवेदी ने भारत के 44 विश्व धरोहर स्थलों एवं स्मारकों का सचित्र व्याख्यान किया। कार्यक्रम के मौके पर छात्र-छात्राओं की निबंध प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एमए प्रथम सेमेस्टर के छात्र दीपेश खरे ने पहल स्थान हासिल किया, जबकि दूसरे स्थान पर बीए फिफ्थ सेमेस्टर की छात्रा सोनम द्विवेदी रही, वहीं बीएससी थर्ड सेमेस्टर की छात्रा अंजलि चतुर्वेदी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लगाई गई छाया चित्र प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में डॉ. सोवित कुमार गुप्ता, पुरातत्व इकाई झांसी के रमेश कुमार श्रीवास, सुशील चतुर्वेदी, अभिषेक परिहार, महेंद्र कुमार, अरविंद वर्मा, सत्यम का योगदान रहा। प्राध्यापक डॉ. डीके खरे, डॉ. एसएस राजपूत, डॉ. शक्ति सक्सेना, डॉ. अनवर आलम, शैलेश तिवारी, प्रो. रामबिहारी पांडेय, डॉ. केसी वर्मा सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के डॉ. संतोष कुमार पांडेय ने किया।

विश्व धरोहर सप्ताह का फीता काटकर शुभारंभ करते एमएलसी। अमृत विचार

निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने महोबा को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने पर दिया जोर
- 'हमारी धरोहर-हमारा गौरव' विषयक निबंध प्रतियोगिता के साथ चित्र प्रदर्शनी भी लगी

# तहसीलदार ने निरीक्षण कर एसआईआर प्रक्रिया देखी

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** तहसीलदार अभिनव तिवारी ने बुधवार को महेवा ब्लाक क्षेत्र में एसआईआर प्रक्रिया की हकीकत परखी। इस दौरान उन्होंने लोगों को इसके बारे में विस्तार से जानकारी देकर फार्म भरने की भी जानकारी दी।

विदित हो कि शासन ने मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए एसआईआर प्रक्रिया शुरू की है जो 4 दिसम्बर तक जारी रहेगी। इसमें प्रत्येक मतदाता को अपने को 2003 की सूची में उपलब्ध मतदाता से संबंधित कागज देने हैं। इस अभियान के तहत सभी बीएलओ को फार्म देकर उन्हें वितरित करने तथा उन्हें भरवाकर फिर से वापस लेकर उन्हें निर्वाचन कार्यालय में जमा करना है और यह काम एक निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाना है।

इसी के चलते प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा इस कार्यक्रम की निगहबानी भी की जा रही है। बुधवार को तहसीलदार अभिनव तिवारी ने महेवा ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न गांवों में एसआईआर की प्रक्रिया की हकीकत देखी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से फार्म वितरण की जानकारी ली। इसमें कई बूथों पर उन्हें फार्म वितरण की स्थिति ठीक नहीं मिली। उन्होंने संबंधित बीएलओ को फटकार भी लगाई और उन्हें अतिशीघ्र एसआईआर फार्म मतदाताओं तक पहुंचाने के निर्देश दिए है। भ्रमण के दौरान उन्होंने मतदाताओं से भी मुलाकात की और उन्हें फार्म भरने की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने लोगों को आगाह भी किया कि अगर उन्होंने फार्म नहीं भरा या फिर खुद को 2003 के मतदाता से नहीं जोड़ पाए तो वह मतदाता सूची से नाम हटा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग की मंशा है कि मतदाता सूची में फर्जी मतदाता न रहें इसके साथ ही कोई भी अब एक से अधिक स्थानों पर भी वोटर नहीं रह पाएगा।

- महेवा ब्लाक क्षेत्र के गांवों में लोगों को प्रक्रिया के बारे में समझाया

# लक्ष्मीबाई ने गुलामी नहीं स्वीकारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को रानी लक्ष्मीबाई व भाऊराव देवरस की जयंती पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वीरांगना लक्ष्मीबाई और आरएसएस के प्रचारक भाऊ देवरस के जीवन पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने वीरांगन पर आधारित गीत सुनाकर उपस्थित लोगों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कमलेश सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों की गुलामी कभी स्वीकार नहीं की और युद्ध भूमि में अंग्रेजी सेना से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुई। प्रधानाचार्य ने भाऊराव देवरस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त करते हुए स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा. हेडगेवार के संपर्क में आकर अपने देश को सामर्थ्यवान बनाने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र कार्य में लगाकर संघ प्रचारक बने। छात्र ने बुंदेले हर बोलो कि मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी।

छात्र निवेद सोनी ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई एक ऐसा नाम जो सुनते ही मन जोश और उत्साह से भर जाता है। बचपन से ही रानी लक्ष्मीबाई अस्त्र शस्त्र चलाने में निपुण एक निडर, पराक्रमी, व साहसी महिला थी। छात्रा यशस्वी श्रीवास्तव ने कहा कि भाऊ राव देवरस एक सामान्य परिवार से निकले हुए थे, जिनकी समाज सेवा में विशेष रुचि थी। कार्यक्रम के प्रमुख मनोज ने रानी लक्ष्मीबाई तथा भाऊ राव देवरस के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला एवं न हो साथ कोई अकेले बढ़ो तुम गीत गाकर बच्चों के अंदर उत्साह भरा।

गोष्ठी को संबोधित करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

# संयम-सतर्कता से रोकें सड़क हादसे: सीओ

संवाददाता, कुलपहाड़

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा 1 नवंबर से 30 नवंबर तक जिले भर में यातायात माह के रूप में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में स्कूल, कॉलेजों, बस स्टैंडों और प्रमुख चौराहों पर लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौड़ तथा निरीक्षक अनिल सिंह रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल (आरबीपीएस) विद्यालय एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जान है, जहान है थीम पर बच्चों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों के अलावा साइबर क्राइम की विस्तृत जानकारी दी।

सीओ कुलपहाड़ ने कहा कि सडक दुर्घटनाओं से होने वाली मौते मानवजनित आपदा है जिसे संयम, सतर्कता व जागरुकता से रोका जा सकता है। उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में बताते हुए कहा कि बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए क्योंकि सावधानी हटते ही साइबर क्रिमिनल आप पर सीधा निशाना साधते हैं और आप उनके चंगुल में ऐसे फसते है कि बाहर निकलना बड़ा मुश्किल होता है। निरीक्षक अनिल सिंह ने अपने ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन स्वयं की ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे जिम्मेदार नागरिक बनकर स्वयं भी नियमों का पालन करें और अपने घर परिवार में भी दूसरों को इसके लिए प्रेरित किया साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

विद्यालय के डायरेक्टर राकेश अग्रवाल ने पिछले दो-तीन वर्षों में हुए सड़क हादसों का हवाला देते हुए कहा कि जितनी मौते आतंकवाद से नहीं हो रही उससे अधिक तो सड़क दुर्घटनाओं से हो रही हैं और इसके बाद भी हम उसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, ओवर स्पीडिंग, शराब का सेवन और वाहन चलाते समय हेलमेट तथा सीट बेल्ट का उपयोग न करना, स्टंट करना आदि सड़क दुर्घटनाओं के बड़े कारण हैं। प्रधानाचार्य अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को शुरुआती उम्र से ही ट्रैफिक नियमों की जानकारी देना आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। अंत में कार्यक्रम के संयोजक दिलीप यादव ने सड़क सुरक्षा के महत्व को समझते हुए ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति बच्चो को जागरुक किया, जिससे समाज में सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर आनंद द्विवेदी, भरत त्रिपाठी, मोहम्मद इलियास, सुरेन्द्र अग्रवाल, अनिल सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधिकारी और विद्यार्थी। अमृत विचार

- आरबीपीएस में यातायात माह के तहत आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**प्रतियोगिता** | वीणापाणि संगीत महाविद्यालय के बच्चे अव्वल, राज्य स्तर पर दिखाएंगे हुनर

# मंडलीय युवा उत्सव में लोकगीत और नृत्य की धूम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** युवा कल्याण विभाग एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वावधान में मंडल स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 की मंडल स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में सामुहिक लोक गीत और लोक नृत्य में जिले के वीणापाणि संगीत महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे जिले के गीत संगीत से जुड़े कलाकारों ने प्रतिभागियों के विजयी होने पर बधाई दी।

बजरंग इंटर कालेज बांदा में आयोजित मंडलय युवा उत्सव प्रतियोगिता मंडल के चारो जिलों के प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सांइस मेला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें वीणापाणि संगीत के संगीताचार्य अवोध सोनी के नेतृत्व में संगीत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं शानदार प्रदर्शन करते हुए मंडलय युवा उत्सव प्रतियोगिता में पारांपरिक लोगगीत एवं लोक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद विजयी छात्र छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वहीं आईटीआई के छात्रों ने सांइस मेला शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पाया।

लोक गीत में राहुल अनुरागी, अनुराग, उदयप्रकाश, वैभव नारायण, निखिल, सोनिका, चांदनी, पारुल, तान्या, सृष्टि द्विवेदी शामिल रहीं। वहीं लोक नृत्य में तन्या गुप्ता, चांदनी, हनी भार्गव, सृष्टि द्विवेदी, गरिमा राजपूत, पुष्पांजलि पाठक, पारूल गुप्ता, उदयप्रकाश और अनुराग ने शानदार प्रस्तुति देकर मंडल में पहला स्थान पाकर जिले का नाम रोशन किया है। अवोध सोनी के अलावा रामश्री डिग्री कालेज के संगीताचार्य सुमेंद्र कुमार, युवा कल्याण अधिकारी शिवशंकर राजपूत उपस्थित रहे।

मंच पर अतिथियों के साथ प्रमाण पत्र लेकर बैठे विजयी प्रतिभागी। अमृत विचार

### घर में मारपीट कर छीने जेवर-रुपये

**महोबा।** महोबकंठ थाना क्षेत्र के बगरौनी गांव में दबंगों ने एक घर में घुसकर परिजनों को लाठी-डंडों से पीटा और फिर सोने के जेवर और नकदी छीनकर भाग गए। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

बगरौनी गांव के कल्ला पुत्र शिवदयाल ने बताया कि मंगलवार की रात वह अपने घर पर था, तभी गांव के आधा दर्जन लोग लाठी-डंडों के साथ दरवाजा तोड़कर घर में घुस आए और उसकी पत्नी कपूरी, पुत्र धर्मपाल और नाती ओमी के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे 1500 रुपये और उनकी पत्नी की नाक से लगभग 5 ग्राम सोने की नथ छीन लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

# अनुपमा ने महिलाओं का सुना दर्द

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग की सदस्या अनुपमा सिंह लोधी ने बुधवार को पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस में महिला, बालिका उत्पीड़न के मामले सुने। 11 पीड़ित महिलाओं ने शिकायती पत्र दिए, जिसमें से 8 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतें संबन्धित विभाग के अधिकारी हल करेंगे। आयोग की सदस्या ने उप जिला कारागार का निरीक्षण किया।

उपकरागार के निरीक्षण दौरान सदस्या ने महिला बैरक में जाकर महिला बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी साथ ही जेल में मिलने वाले खानपान की गुणवत्ता के बावत जानकारी ली। आधा घंटे से अधिक समय तक महिला बंदियों के बीच बीताने के बाद उन्होंने जेल कर्मचारियों के व्यवहार के बावत भी जानकारी हासिल की। महिला बंदियों ने कारागार में किसी भी तरह की समस्या न होने की बात बताई। जनसुनवाई से पूर्व सदस्या ने वीरांगना लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में शिवकुमार जिला खण्ड शिक्षाधिकारी, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य मधुबाला चौरसिया, हर्षवर्धन नायक, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी महंत प्रजापति श्रम प्रवर्तन अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, बाल विकास परियोजना अधिकारी, शिवम सुलेरे, पूर्ती निरीक्षक प्रवीण वर्मा, प्रभा पाण्डेय, महिला थाना प्रभारी, शशिकान्त सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, श्यामबाबू विश्वकर्मा, संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, संगीता राजपूत, संरक्षण अधिकारी, प्रिया गुप्ता, डीएमसी रीता चौरसिया व रूचि द्विवेदी, जेंडर स्पेस्लिस्ट क्षमा, केन्द्र प्रबंधक, वन स्टॉप सेन्टर, केस वर्कर अर्चना, महिला थाना अध्यक्ष एवं भुजवल सिंह आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयोग की सदस्य ने वीरांगना के चित्र पर माल्यार्पण किया। अमृत विचार

6th वार्षिकोत्सव विशेष फीचर

# मेरा शहर-मेरी प्रेरणा

## छह वर्षों के अपने सफर में अमृत विचार ने इन प्रमुख राष्ट्रीय घटनाओं पर अपनी समर्पित और विस्तृत कवरेज के माध्यम से पत्रकारिता के उच्च मानदंडों को स्थापित किया है। इसने न केवल घटनाओं की रिपोर्टिंग की, बल्कि उनके पीछे के महत्व, भावना और प्रभाव को भी पाठकों तक पहुंचाया। यही कारण है कि बरेली ने इसे भरपूर प्यार दिया है।

आज मैं सिर्फ कागज़ के पन्नों का एक पुलिंदा भर नहीं हूं। मैं बरेली की मिट्टी में जन्मी एक धड़कन हूं ... एक सांस हूं, जो हर सुबह आपके घर के बरामदे में ताज़ी हवा की तरह दस्तक देती है। छह साल... किसी सदियों पुरानी विरासत के सामने यह वक्त का एक छोटा-सा टुकड़ा हो सकता है, लेकिन मेरे लिए, यह जीवन का एक पूरा, सार्थक चक्र है।

मेरा जन्म किसी बड़े दावे के साथ नहीं हुआ था, न ही मैं किसी पूर्व-स्थापित विरासत को चुनौती देने चला था। मेरे पास अहंकार नहीं, सिर्फ एक खाली कैनवास था, जिसे ईमानदारी और सच्चाई की स्याही से भरा जाना था। जब मैंने पहली बार इस शहर की सुबह में आंखें खोलीं तो मेरी सांसों में यहाँ की गलियों की हलचल थी, यहां के लोगों की उम्मीदें थीं।

शुरुआत कभी आसान नहीं होती ... हर सुबह, जब मैं आपके दरवाज़े पर दस्तक देता, तो दिल में एक अजीब सी घबराहट होती थी, क्या मैं स्वीकार किया जाऊंगा? आपने मुझे परखा, मेरी खबरों की गहराई को मापा। कुछ पाठकों ने मुझे अपने स्नेह के आंचल में जगह दी, अपने जीवन का हिस्सा बनाया। उनके प्रोत्साहन ने मुझे हर दिन, हर पल बेहतर बनने की प्रेरणा दी। और फिर एक काला दौर आया ... कोरोना काल। जब पूरी दुनिया के साथ साथ बरेली में भी नकारात्मकता का स्याह बादल छा रहे थे। लोग घरों में सिमट गए थे, तब मैंने तय किया कि मैं सकारात्मकता की एक किरण बनूंगा। मैं डर और निराशा की खबरों के बी च उम्मीद की आवाज़ बना, बरेली के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा।

उस मुश्किल वक्त में आपका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताक़त था।

लेकिन यात्रा पथरीली भी रही। कुछ ऐसे भी थे, जिन्होंने मुझे नकारा। उनकी आंखें मुझे देखकर फिर गईं, शायद मैं उनकी उम्मीदों के तराज़ू पर पूरा नहीं उतरा पाया ... या शायद मेरे सच थोड़े कड़वे थे, जो हर किसी को रास नहीं आए। मैंने उन आलोचनाओं को भी अपने भीतर समेट लिया। मैं नाराज नहीं हुआ, बल्कि मैंने उन आवाजों को ध्यान से सुना और समझा। मैंने सीखा कि इस शहर का मिजाज़ क्या है, यहां के लोगों की ज़रूरतें क्या हैं और उनकी संवेदनशीलता कहां है।इन छह सालों में, मैंने सिर्फ खबरें छापना नहीं सीखा, मैंने खुद को आपके सांचे में ढाला है। यह केवल एक पेशेवर काम नहीं, एक रिश्ता बनाने की प्रक्रिया थी। मैंने यहां की तहजीब, यहां की भाषा, यहां के सुख दुख को समझा। जब शहर चैन की नींद सो रहा होता है, तब मेरे दफ्तर में आंखें खुली रहती हैं, सिर्फ़ इसलिए ताकि आपकी सुबह सच के उजाले और जागरूकता के साथ शुरू हो।

आज मैं सिर्फ़ बरेली की मिट्टी तक सीमित नहीं हूं। एक विशाल वटवृक्ष का रूप में बदल रहा हूं, जिसकी शाखाएं उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के महत्वपूर्ण शहरों तक फैली हुई हैं। बरेली की गलियों से, जहां मैंने आंखें खोलीं और जहां के पाठकों ने मुझे चलना सिखाया। वह एक रिश्ता था, एक संवाद था। बरेली के पाठकों के प्यार और विश्वास ने मुझे पंख दिए, और यह कारवां चल पड़ा। बरेली के बाद, मैंने लखनऊ की राजनैतिक धड़कन को महसूस किया, मुरादाबाद की औद्योगिक ऊर्जा को समझा और हल्द्वानी की शांत पहाड़ी सुबहों में अपनी खबरों की ताज़गी घोली। कानपुर के व्यस्त जीवन और अब अयोध्या की आध्यात्मिक भूमि तक मेरी पहुंच बन चुकी है। आज, जब मैं इन छह सालों के सफ़र पर पीछे मुड़कर देखता हूं, तो यह एक बच्चे के बड़े होने जैसा लगता है। हम गिरे, ठोकरें खाईं, फिर उठे, और आपके विश्वास के सहारे चलते रहे। आपके अटूट प्यार और समर्थन ने ही मुझे ...अमृत विचार को आपका प्यारा अमृत विचार बना दिया है। यह सफर भले ही छोटा हो, लेकिन मेरा संकल्प हिमालय जैसा अडिग है। मैं आपकी आवाज़ हूं, आपकी परछाई हूं, आपका पहरेदार हूं। आपकी खुशी में हंसता हूं, आपके गम में आपके साथ खड़ा होता हूं। जब तक आप हैं, तब तक मेरा वजूद है। यह रिश्ता अटूट है, और रहेगा।

आपका प्यारा अमृत विचार

## निर्भया मामले के दोषियों को फाँसी (20 मार्च 2020)

निर्भया मामले के चारों दोषियों, मुकेश सिंह, विनय शर्मा, पवन गुप्ता और अक्षय कुमार सिंह को 20 मार्च 2020 की सुबह तिहाड़ जेल में फाँसी दी गई। अमृत विचार ने इस खबर को न केवल एक समाचार घटना के रूप में बल्कि राष्ट्रीय महत्व के एक संवेदनशील मुद्दे के रूप में पेश किया। समाचार पत्र ने इस लंबे चले मामले की पूरी समय-सारणी, अदालती कार्यवाही के उतार-चढ़ाव, और पीड़ितों के परिवार के संघर्ष को विस्तार से शामिल किया।

## गलवान झड़प (15-16 जून 2020)

पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प ने दोनों देशों के संबंधों में तनाव पैदा कर दिया। इस घटना में कई भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील मामले में अमृत विचार ने देश भर में फैले आक्रोश और भारतीय सेना के शौर्य को अपनी रिपोर्टिंग का केंद्र बनाया। समाचार पत्र ने इस घटना की भू-राजनीतिक प्रासंगिकता, शहीद सैनिकों की कहानियों और सरकार के बाद के कदमों (जैसे चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध) पर गहराई से नज़र रखी। रक्षा विशेषज्ञों के विचारों और भारत-चीन सीमा विवाद के इतिहास पर विशेष लेख भी प्रकाशित किए गए।

## देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा (24 मार्च 2020)

अमृत विचार ने इस ऐतिहासिक घोषणा की तत्काल कवरेज की और इसके बाद के प्रभावों पर विस्तृत रिपोर्टिंग की। इसमें लॉकडाउन के नियमों, आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता, प्रवासी मजदूरों की दुर्दशा, और आर्थिक चुनौतियों पर कई लेख प्रकाशित किए गए।

## राम मंदिर शिलान्यास (5 अगस्त 2020)

दशकों पुराने अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम मंदिर की आधारशिला रखी गई, जो एक ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण था। कवरेज : अमृत विचार ने इस को एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और राजनीतिक मील के पत्थर के रूप में कवर किया। शिलान्यास समारोह की तैयारियों, धार्मिक अनुष्ठानों, और देश भर में मनाए उत्सव पर विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की गई। समाचार पत्र ने इस अवसर पर जारी किए गए बयानों, मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित दान, और अयोध्या में हुए परिवर्तनों को प्रमुखता से शामिल किया। कुल मिलाकर, "अमृत विचार" ने इन घटनाओं के दौरान सटीक जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ इन मुद्दों से जुड़ी मानवीय कहानियों और सामाजिक प्रभावों को भी सामने लाने में उल्लेखनीय कार्य किया है।

### 2020

### 2021

## नीरज चोपड़ा का टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण

7 अगस्त, 2021 को नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। अमृत विचार ने नीरज की जीत को एक राष्ट्रीय गौरव के रूप में प्रस्तुत किया और भारतभर में मने जश्न को कवर किया। हमने नीरज के संघर्ष और सफलता की कहानी पर जोर दिया, जिससे यह जीत और भी प्रेरणादायक बन गई।

## सीडीएस जनरल बिपिन रावत का हेलीकॉप्टर हादसा

8 दिसंबर, 2021 को तमिलनाडु में हुए इस हादसे में भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत समेत 13 लोगों का निधन हो गया था। अखबार ने घटना की जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर हुए दुख को भी दर्शाया।

### 2022

## रूस-यूक्रेन युद्ध

'अमृत विचार' ने इस युद्ध को अंतरराष्ट्रीय स्तर की घटना के रूप में कवर किया, जिसके वैश्विक परिणाम थे। अमृत विचार ने युद्ध के विश्व स्तर पर, विशेषकर खाद्य सुरक्षा और तेल की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण किया। युद्धग्रस्त क्षेत्रों की स्थिति, हवाई हमलों की चेतावनी और मानवीय संकट पर लगातार अपडेट दिए गए।

## यूपी विधानसभा चुनाव परिणाम

2022 के विधानसभा चुनाव परिणाम हमारी सबसे महत्वपूर्ण कवरेज में से एक रहे। चुनाव परिणामों के दिन, रुझानों से लेकर अंतिम परिणामों तक की लाइव और विस्तृत कवरेज की गई। अपने संस्करणों के क्षेत्रों में प्रत्येक सीट के परिणामों पर गहराई से नज़र रखी गई।

## मोरबी पुल हादसा

गुजरात के मोरबी में मच्छु नदी पर बने केबल पुल के ढहने की दुखद घटना ने देश को झकझोर दिया था, जिसे 'अमृत विचार' ने संवेदनशीलता के साथ कवर किया। हमने लापरवाही, कंपनी की गैर-जिम्मेदारी और प्रशासन की ढिलाई पर सवाल उठाए। जांच कमेटी के गठन और ओरेवा समूह के खिलाफ कार्रवाई पर निरंतर जानकारी दी गई।

### 2023

## यूपी बजट

उत्तर प्रदेश सरकार के वार्षिक बजट 2024-25 को 'अमृत विचार' ने स्थानीय और क्षेत्रीय विकास के दृष्टिकोण से प्रमुखता से छापा। बजट के प्रावधानों का बरेली और पश्चिम उत्तर प्रदेश के विकास, बुनियादी ढाँचे, कृषि और रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण किया गया।

## भारत का चंद्रयान-3 मिशन (लॉन्च: 14 जुलाई 2023, लैंडिंग: 23 अगस्त 2023)

भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता एक राष्ट्रीय गौरव का क्षण थी, जिसे अमृत विचार ने बड़े उत्साह के साथ कवर किया। लॉन्च से लेकर चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग तक, मिशन के हर चरण को वैज्ञानिक तथ्यों और राष्ट्रीय उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया। सरल भाषा में विश्लेषण : जटिल वैज्ञानिक प्रक्रियाओं और 'लैंडिंग' के महत्व को सरल भाषा में समझाया गया।

### 2024

## अयोध्या में रामलला की स्थापना

22 जनवरी 2024 को अयोध्या में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को अमृत विचार ने राष्ट्रीय गौरव के रूप में प्रस्तुत किया। इस दिन हमने विशेष अंक प्रकाशित किया। समारोह की गरिमा, अनुष्ठानों और प्रधानमंत्री की उपस्थिति की विस्तृत रिपोर्टिंग की गई।

## बजट (1 फरवरी 2024)

1 फरवरी 2024 को पेश किए गए अंतरिम बजट पर अमृत विचार' ने आर्थिक विश्लेषण किया। बजट प्रावधानों का मध्यम वर्ग, किसान और युवाओं पर पड़ने वाले प्रभाव पर सरल विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। स्थानीय उद्योगपतियों और आर्थिक विशेषज्ञों के विचारों को प्रमुखता से छापा गया।

## लोकसभा चुनाव परिणाम

18वीं लोकसभा के चुनाव परिणाम, जिनमें एनडीए ने जीत हासिल कर सरकार बनाई। चुनाव के रुझानों, परिणामों और राजनीतिक परिदृश्य पर विस्तृत विश्लेषण प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश की सभी सीटों के परिणामों और प्रमुख उम्मीदवारों की हार-जीत पर गहनता से रिपोर्टिंग की गई।

## सुधांशु शुक्ला अंतरिक्ष मिशन

इस मिशन को अमृत विचार ने विज्ञान और राष्ट्रीय गौरव के रूप में कवर किया। मिशन की तकनीकी जानकारी और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में इसके महत्व को उजागर किया गया। सुधांशु शुक्ला की पृष्ठभूमि और इस मिशन में उनकी भूमिका पर विशेष फीचर लेख प्रकाशित किए गए।

### 2025

## कुंभ का भव्य आयोजन: आध्यात्मिकता की गहराई

कुंभ मेला, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का सबसे बड़ा प्रतीक, लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। अमृत विचार ने कुंभ के आयोजन, उसकी व्यवस्थाओं और धार्मिक महत्व को समर्पित कवरेज दी। कुंभ के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व पर भी सारगर्भित लेख प्रकाशित किए। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े प्रशासनिक पहलुओं को भी उजागर किया गया, जिससे पाठकों को आयोजन की विशालता का अंदाजा हुआ।

## ऑपरेशन सिंदूर: राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रतिबिंब

ऑपरेशन सिंदूर पर भी अमृत विचार" की पत्रकारिता सजग रही। पहलगाम हमले के बाद हुए इस ऑपरेशन ने भारत की नई रक्षा नीति को दर्शाया। अमृत विचार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए, सटीक जानकारी दी और दिखाया कि आतंकवादियों के ठिकाने कहीं भी हों, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। अखबार ने भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को प्रमुखता से चित्रित किया, जिससे पाठकों में राष्ट्रीय गौरव की भावना मजबूत हुई।

## बजट

आम बजट कवरेज को अमृत विचार ने आसान भाषा में दिया। पाठकों को स्पष्ट रूप से बताया कि कौन सी वस्तुएं सस्ती होंगी और कौन सी महंगी। अमृत विचार" ने बजट को एक संतुलित और भविष्योन्मुखी कदम के रूप में प्रस्तुत किया, जो आम जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने और देश की अर्थव्यवस्था को सही रास्ते पर रखने का प्रयास करता है।

## जीएसटी कटौती

अमृत विचार ने जीएसटी कटौती को आम आदमी के जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर केंद्रित करते हुए व्यापक कवरेज दी है। अखबार ने इस कदम को जनता के हित में एक महत्वपूर्ण सुधार बताया है। अमृत विचार की कवरेज ने इन जीएसटी सुधारों को आम नागरिकों की क्रय शक्ति बढ़ाने और देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले एक महत्वपूर्ण गेमचेंजर कदम के रूप में प्रस्तुत किया।

अमृत विचार ने पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर उन्हें नए भारत की धड़कन बताते हुए विशेष कवरेज की। फोकस उनकी साधारण पृष्ठभूमि से शीर्ष नेतृत्व तक की यात्रा और प्रमुख उपलब्धियों पर था। इनमें GST, आवास योजनाएं, आयुष्मान भारत, मजबूत विदेश नीति और आत्मनिर्भर भारत जैसे परिवर्तनकारी कार्य शामिल थे। कवरेज ने मोदी को एक निर्णायक और जन-उन्मुख नेता के रूप में प्रस्तुत किया, जिनके जन्मदिन को जन सेवा के रूप में मनाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### अधिवक्ताओं का प्रलोभन से हित नहीं

**चित्रकूट।** एडवोकेट काउंसिल आफ इंडिया के जिला प्रभारी रामप्रकाश पांडेय एडवोकेट ने आरोप लगाया कि बार काउंसिल के चुनाव में वोटिंग के लिए प्रलोभन दिए जा रहे हैं। जिन लोगों ने कभी वकीलों का हित नहीं किया बल्कि उनके विपरीत काम किया, वे भी पदाधिकारी बनने को आतुर दिख रहे हैं। उन्होंने कटाक्ष किया कि अगर यही आतुरता इनमें होती तो प्रदेश सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर देती। बताया कि कुछ लोगों की चापलूसी और स्वार्थ सिद्धि के चलते कुछ अधिवक्ताओं का संघर्ष भी बेबस नजर आता है। डायरी, कैलेंडर और पैसा प्रथा का इस चुनाव में भी प्रचलन तीव्र हुआ है, जिससे जो अच्छे नेतृत्वकर्ता कुछ मानक नहीं पूरा कर पाते, वे चुनाव से बाहर हो जाते है।

रामप्रकाश पांडेय।

### जिले में धारा 163 लागू

**चित्रकूट।** अपर जिला मजिस्ट्रेट उमेश चंद्र निगम ने बताया कि पर्वों, त्योहारों, परीक्षाओं के दौरान अराजकतत्वों द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की कुचेष्टा की जा सकती है। इसके मद्देनजर जिले में तत्काल प्रभाव से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत धारा 163 लगाई जाती है। यह 19 नवंबर से 19 जनवरी 2026 तक की अवधि के लिए यदि इससे पहले वापस न ले लिया जाए, लागू रहेगी।

### नेत्र चिकित्सालय में मना मधुमेह दिवस

**सीतापुर (चित्रकूट)।** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में विश्व मधुमेह दिवस अभियान की शुरुआत हुई। पहले दिन जागरूकता रैली निकाली गई। नुक्कड़ नाटक, स्लोगन आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। चिकित्सकों ने बीमारी एवं इससे बचने के उपायों के बारे में लोगों को बताया। जिला चिकित्सालय में चलित वाहन के माध्यम से शिविर लगाया गया। इस मौके पर डा. अलोक सेन, डा. एबीएस राजपूत, पूनम आडवाणी, सचिन शेट्टी, अमृता मोरे और डा. अदिती अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### उज्ज्वला योजना के तहत करें आवेदन

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के अंतर्गत 25 लाख नए कनेक्शन दिए जाने का निर्णय लिया है। इस योजना के अंतर्गत योजना के लाभ से वंचित लाभार्थियों को लाभांवित किया जाएगा। ऐसे लोग राशनकार्ड की छायाप्रति, लाभार्थियों के आधार कार्ड की छायाप्रतियां, महिला मुखिया के बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा महिला मुखिया की चार फोटोग्राफ्स के साथ अपने नजदीकी गैस एजेंसी में जाकर नए कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### 24 वाहनों पर कार्रवाई जुर्माना वसूला

**चित्रकूट।** प्रवर्तन टास्क फोर्स ने अवैध खनन, परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 10 वाहनों पर जुर्माना लगाया। 3.22 लाख रुपये राजस्व के मद में जमा कराए। खान अधिकारी ने बताया कि विगत एक सप्ताह में टास्क फोर्स ने 24 वाहनों पर कार्रवाई की। बताया कि जिलाधिकारी ने उपखनिजों के परिवहन करने वाले वाहनों में जीपीएस डिवाइस लगवाने के निर्देश दिए हैं।

# टिकट के लिए वीर सिंह और दद्दू प्रसाद में रहेगी रेस

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- तीन बार मानिकपुर से विधायक बनने वाले दद्दू की भी सपा में नहीं कमजोर दावेदारी
- कोलान बस्ती में बेटे का जन्मदिन मनाकर ददुआ के पुत्र कर चुके हैं शक्ति प्रदर्शन

**अमृत विचार।** राजनीतिक हल्कों में एक बात कही जाती है, नेता कभी भी कोई बात बिना मतलब नहीं करते। उनके हर कदम, हर कार्य का कोई मतलब छिपा होता है। बीते दिनों मानिकपुर के एक कोलबहुल गांव में सपा के पूर्व विधायक वीर सिंह ने अपने बेटे का जन्मदिन मनाया जो कई तरह की चर्चाओं को जन्म देता है। वहीं सपा में शामिल हुए दद्दू प्रसाद की भी दावेदारी कमजोर नहीं है।

वीर सिंह दस्यु ददुआ के बेटे हैं। चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनने के साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। वह 2012 में चित्रकूट से विधायक बने और अगली बार भी समाजवादी पार्टी ने उनको टिकट दिया। हालांकि वह भाजपा के चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय से काफी मतों के अंतर से पराजित हुए। अगले विधानसभा यानी 22 के चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चित्रकूट से तेजी से उभर रहे युवा नेता अनिल प्रधान पर विश्वास जताया और अनिल के इस चयन पर जनता ने मुहर लगाते हुए भारी मतों से उनको विधानसभा पहुंचा दिया। अनिल ने सिटिंग एमएलए और उप्र सरकार के राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद को शिकस्त दी थी। योगी की लहर में चित्रकूट से अनिल प्रधान की लगभग 21 हजार मतों से जीत की तब काफी चर्चा रही थी। उधर, सपा ने इस बार वीर सिंह को मानिकपुर विधानसभा सीट का टिकट दिया। इस निर्णय से अवाक और अनमने वीर सिंह ने तब कई बार ऐसी भाव-भंगिमा दिखाई कि वह मानिकपुर से चुनाव नहीं लड़ेंगे। हालांकि पार्टी आलाकमान के कड़े रुख से वह चुनाव मैदान में डटे रहे। उन्होंने अप्रत्याशित रूप से अपना दल (एस) के प्रत्याशी और राजनीति में आए नए नवेले अविनाश चंद्र द्विवेदी को करारी टक्कर दी और लगभग एक हजार मतों के अंतर से हारे। अविनाश को 73,132 और वीर सिंह को 72,084 वोट मिले। शायद इतने ज्यादा वोट मिलने की उम्मीद वीर सिंह को भी नहीं थी। चुनाव में मतों का वोट शेयर भी काफी कम अंतर का था। भाजपा का कुल मतों में शेयर 35.17 फीसदी और सपा का 34.67 फीसदी था। वीर सिंह के जानकार बताते हैं कि ऐसे में वह आगामी विधानसभा चुनाव में मानिकपुर पर ही अपनी निगाह बनाए हुए हैं। इसकी वजह यह है कि 2012 के चुनाव के बाद जब पार्टी ने अगले चुनाव में भी उनको चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया तो उनको चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने करारी शिकस्त दी थी। वह भी अधिक मर्जिन से। चंद्रिका को 90,366 और वीर सिंह को 63,430 वोट मिले।

वीर सिंह।

दद्दू प्रसाद।

### सपा में शामिल होने पर जता चुके हैं नाराजगी

बीते माह सपा के एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पूर्व विधायक वीर सिंह, बालकुमार पटेल की गैरहाजिरी चर्चा का विषय बन चुकी है। तब वीर सिंह ने बातों बातों में इसकी वजह वहां दद्दू प्रसाद की मौजूदगी बताई थी। उन्होंने दद्दू प्रसाद की राजनीतिक कार्यशैली और अपने पिता के प्रति उनके कार्यव्यवहार की कटु आलोचना की थी। वह तो यहां तक कह गए थे कि उनका वश चलता तो वह दद्दू प्रसाद को सपा में शामिल न होने देते। उधर, यह भी तय है कि लंबे समय से राजनीतिक परिदृश्य से गायब दद्दू प्रसाद भी लाइमलाइट में आने को आतुर हैं।

### मानिकपुर वीर सिंह को लग रहा मुफीद

- पिछले चुनाव में चित्रकूट विधानसभा सीट से अनिल प्रधान को 1,04,771 वोट मिले थे और चंद्रिका प्रसाद को 83,895 मत तो ऐसे में जीत का अंतर 20 हजार से भी अधिक था। उधर, वीर सिंह जब 2012 में जीते थे तो उनको 65,267 मत प्राप्त हुए थे और दूसरे नंबर पर रहे बसपा के रामसेवक को 49131 मत। जीत हार का अंतर भी लगभग 16 हजार का रहा। वोट प्रतिशत भी सपा का 35.78 और बसपा का 26.93 फीसदी रहा था। ऐसे में यह साफ है कि चित्रकूट विधानसभा में अनिल प्रधान की परफार्मेंस वीर सिंह से काफी बेहतर रही। माना जा रहा है कि इस बार भी सपा अनिल प्रधान पर ही दांव लगाएगी। ऐसे में वीर सिंह अपना राजनीतिक भविष्य अगर मानिकपुर में देख रहे हैं तो कोई आश्चर्य नहीं। बीते दिनों अपने बेटे अश्मित का जन्मदिन पाठा के कोलबहुल गांव अमचुरनेरुआ की कोलान बस्ती में मनाया।

### दद्दू प्रसाद से हो सकती है प्रतिद्वंद्विता

- अश्मित के जन्मदिन पर वीर सिंह के चाचा पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव सहित कई जिलास्तरीय पदाधिकारी साथ रहे। ज्यादा संख्या कुर्मी बिरादरी के नेताओं की रही। इसे राजनीतिक हल्कों में वीर सिंह परिवार द्वारा अपनी ताकत का प्रदर्शन माना जा रहा है। वीर सिंह के पुत्र को जिस तरह कोल बिरादरी की महिलाओं ने लाड़ दुलार दिखाया, उससे इस परिवार के प्रति स्नेह नजर आया। मानिकपुर में अनुसूचित जाति के मतों की संख्या 50 हजार के करीब है। वीर सिंह को टिकट के मामले में टक्कर दद्दू प्रसाद ही दे सकते हैं। वह हाल ही में सपा में शामिल हुए हैं और वह राजनीतिक धुरंधर हैं। बिना किसी वादे के वह सपा में शामिल हुए होंगे, यह दद्दू प्रसाद को जानने वाला कोई भी नहीं मान सकता। वह बसपा के टिकट से 1996, 2002 और 2007 में मानिकपुर से विधायक बन चुके हैं।

# रानीपुर टाइगर रिजर्व में हर जगह नहीं जा सकेंगे पर्यटक

## जानमाल की सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश, बदल जाएंगे कई नियम

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ

**अमृत विचार।** सर्वोच्च न्यायालय ने बाघ संरक्षण और जंगल बचाने के लिए ऐतिहासिक आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश की बेंच ने 17 नवंबर को यह फैसला सुनाया, जिससे पूरे देश में टाइगर रिजर्व और जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान के नियम बदल जाएंगे। अब टाइगर रिजर्व के उन स्थानों पर पर्यटक नहीं जा सकेंगे, जिन जगहों पर खतरनाक वन्यजीव विचरण करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, कोर क्षेत्र (बाघों का मुख्य घर) में टाइगर सफारी बिल्कुल नहीं चलेगी। बफर जोन में भी सफारी तभी बनेगी जब जमीन गैर-वन हो या खराब जंगल हो और वह बाघों के आने-जाने के रास्ते (कॉरीडोर) में न आए। यानी अब जंगल में पर्यटकों की गाड़ियां मनमाने ढंग से नहीं घूम सकेंगी। आदेश के अनुसार अब अगर कोई व्यक्ति हाथी, बाघ या किसी जंगली जानवर के हमले में मर जाता है, तो उसे 10 लाख रुपये मुआवजा मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को सभी राज्य तुरंत लागू करेंगे। साथ ही कोर्ट के आदेश के अनुसार, हर राज्य को छह महीने में नया टाइगर संरक्षण प्लान बनाना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने टाइगर रिजर्व में खाली पड़े सारे पद जल्दी भरे जाने के भी आदेश दिए हैं। वन विभाग में पशु चिकित्सक और वन्यजीव विशेषज्ञों की अलग टीम बने। वन कर्मचारियों और दिहाड़ी मजदूरों को ड्यूटी में मौत या विकलांगता पर बीमा और आयुष्मान भारत कार्ड मिलेगा। प्रदेश में हैं कुल चार टाइगर रिजर्व उत्तर प्रदेश में कुल चार टाइगर रिजर्व हैं, दुधवा (लखीमपुर खीरी एवं बहराइच), पीलीभीत, अमनगढ़ (बिजनौर)। प्रदेश का चौथा टाइगर रिजर्व चित्रकूट का है।

रानीपुर टाइगर रिजर्व।

### रानीपुर में 150 से अधिक प्रजाति के वन्यजीव

- यूपी-एमपी सीमा पर स्थित इस रिजर्व में सात प्रकार के गिद्धों के साथ 150 से अधिक पक्षी प्रजातियां और जंगली जीव-जंतु हैं। हनुमान चौक जंगल में लाल गर्दन वाले गिद्ध बड़ी संख्या में देखे जा सकते हैं। इसके अलावा यहां तेंदुआ, भालू, पैंगोलिन, सांभर, और चीतल, चित्तीदार हिरण, चिंकारा और कई पक्षी एवं सरीसृप पाए जाते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक, इसमें प्रमुख जीवों टाइगर 4, तेंदुआ 86, काला हिरन 50, भालू 99, लाल गर्दन वाले गिद्ध 80, अन्य गिद्ध प्रजातियां 300 और करीब 150 पैंगोलिन आदि हैं।

### रानीपुर टाइगर रिजर्व क्यों है महत्वपूर्ण

- बुंदेलखंड का एकमात्र टाइगर रिजर्व चित्रकूट का रानीपुर टाइगर रिजर्व है जो मध्य प्रदेश स्थित पन्ना टाइगर रिजर्व से महज 150 किमी की दूरी पर स्थित है। केन-बेतवा लिंक परियोजना के फलस्वरूप मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में जलभराव होने के कारण यहां के बाघ चित्रकूट की ओर आएंगे, जिस कारण सरकार ने यहां 1977 में स्थापित रानीपुर वन्यजीव अभयारण्य को 2022 में टाइगर रिजर्व घोषित किया।

### लागू किया जाएगा आदेश

- चित्रकूट के अतिरिक्त चार्ज पर डीएफओ महोबा नरेंद्र सिंह ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश अक्षरशः लागू किया जाएगा। रानीपुर टाइगर रिजर्व में अभी तक की जानकारी के मुताबिक, दो टाइगरों का मूवमेंट पाया गया है। वन्यजीवों से मानव संघर्ष की अभी कोई घटना दर्ज नहीं की गई है।

## रामनगर के बच्चों ने कई स्पर्धाओं में किया बेहतर प्रदर्शन

**राजापुर (चित्रकूट)।** वशिष्ठ गुरुकुलम प्रांगण में बुधवार को जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता समापन किया गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि खेलकूद में स्वच्छ प्रतिस्पर्धा सफलता की कुंजी है।

एसपी के साथ एसडीएम फूलचंद्र यादव, राकेश पाठक, बीएसए बीके शर्मा और खंड शिक्षाधिकारियों ने पुरस्कार देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। प्राथमिक स्तर की 50 मीटर दौड़ में अमन, सबीना, 100 मीटर में अभिषेक, विभा, 200 मीटर में आशीष, चुनकीवा, 400 मीटर में अभिषेक, सीता, लंबी कूद में अभिषेक और हेमा अव्वल रहीं। कबड्डी बालक वर्ग में मानिकपुर और बालिका वर्ग में पहाड़ी ब्लाक की टीम प्रथम रही। खोखो में बालक-बालिका दोनों वर्गों में पहाड़ी के बच्चे अव्वल आए। जूनियर वर्ग में खेल की विभिन्न स्पर्धाओं में शिवम, खुशी, दिव्या, शनी, शिवानी, करन प्रसाद, रेशमी, नीरज, रजनी, कुलदीप ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कबड्डी में मऊ (बालक वर्ग), चित्रकूट (बालिका वर्ग), खोखो में मानिकपुर (बालक) और पहाड़ी (बालिका), योग, जिम्नास्टिक में दोनों वर्गों में रामनगर के बच्चे आगे रहे। अंत्याक्षरी, एकांकी, लोकगीत में रामनगर के बच्चों की प्रस्तुति अच्छी रही।

किसानों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

## किसानों का फोन उठाएं और करें समस्याओं का निपटारा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने किसान दिवस के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों का फोन उठाएं और समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। किसान दिवस में किसानों ने डीएम को मार्ग, चकबंदी, अन्ना पशु, विद्युत, सिंचाई, फसल नुकसान, बंदरों की समस्याओं के संबंध में बताया। मांग की कि नहर की सफाई, विद्युतापूर्ति एवं उर्वरक की उपलब्धता समय पर कराई जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि सभी समितियों में उर्वरक समय से भेजी जा रही है। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड राजापुर एवं कर्वी को निर्देशित किया कि बिजली आपूर्ति सुचारु करें। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसान दिवस में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण 15 दिवस के अंदर निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने किसानों को बताया कि यूनिक आईडी बनाई जा रही है। किसान चाहें तो स्वयं बना सकते हैं या जनसेवा केंद्र के माध्यम से बनवा सकते हैं। यह अति आवश्यक है, जिनके नाम जमीन है वे अवश्य बनवाएं। बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से दिया जाएगा। किसानों से एसआईआर संबंधी फार्म भरकर बीएलओ को दें, जिनका फार्म भरकर नहीं आएगा सूची में उसका नाम नहीं आएगा। उन्होंने किसानों से सोलर पावर संयंत्र लगवाने की अपील की। इस दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोयंबटूर से 21वीं किस्त के हस्तांतरण का लाइव टेलीकास्ट देखा गया।

## ग्रामीणों ने मांगों को लेकर दिया धरना

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायत अकबरपुर के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान पति शंभू सिंह चंदेल के नेतृत्व में महिलाओं और पुरुषों ने लेखपाल पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। साथ ही ग्रामीणों ने आबादी भूमि पर आदिवासियों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण, भरतपुर में जल निकासी प्रणाली दुरुस्त करने, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से टेलीफोन एक्सचेंज तक राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर नाला निर्माण सहित आदि की मांगें रखी। चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे और बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

## जलापूर्ति की समस्या हो तो करें कॉल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** डीएम के निर्देश पर जल निगम ने जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति में गांवों में होने वाली दिक्कतों के निराकरण के लिए अधिकारियों के अभियंताओं के मोबाइल नंबर जारी किए हैं।

एक्सईएन एके भारती ने बताया कि इन नंबरों पर फोन करके समस्याओं का निस्तारण करा सकते हैं। अधिशासी अभियंता ने बताया कि बीते दिनों जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने निर्देश दिए थे कि सिलौटा मुस्तकिल, चांदी बांगर एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत नियमित जलापूर्ति हो रहे ग्रामों में आम जनमानस को पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के मद्देनजर सबंधितों के नाम पदनाम एवं मोबाइल नंबर का विवरण जारी किया जाए। रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना में फर्म जीबीपीआर प्रोजेक्ट मैनेजर एस मौर्या (मो. 9642 627050), जेई विजय शंकर यादव (मो. 9616377202), संबंधित सहायक अभियंता शशीकांत मौर्य (मो. 97951865 19) से संपर्क किया जा सकता है। इस पेयजल योजना से 48 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत फर्म एलएंडटी के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रोविंस कटियार (मो. 9602357867), जूनियर इंजीनियर विंध्यवासिनी प्रसाद चौबे (मो. 8564813787) व शिवम त्रिपाठी (मो. 9625747643), सहायक अभियंता बिस्मिल्लाह (7355193206), जेई अभिजीत यादव (8318939934), जय नारायण तिवारी (9580945975), सहायक अभियंता शोभित गुप्ता (7007211124) को समस्या बताएं। सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत फर्म एलएंडटी प्रोजेक्ट मैनेजर प्रोविंस कटियार के अलावा जूनियर इंजीनियर हरीकेश (7880639880) एवं सहायक अभियंता गुलाम सिबतैन (7275340328) से बात कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत 54 ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति होती है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जिगनी विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांक: मेमो/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक: 19.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिचाई विभाग एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत जिगनी में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 27.11.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत जिगनी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्तारी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 20.11.2025 से 27.11.2025 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | सामुदायिक शौचालय में वाउण्ड्री वाल निर्माण। | 1.36307/– लाख रू0 | 2,727/– रू0 | (500 + 90) रू0 | 3 माह |

**अन्य शर्तें–**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी। 3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें। 5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी। 6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जिगनी
विकास खण्ड – गोहाण्ड (हमीरपुर)


समीक्षा | जिलाधिकारी ने जानी गौशालाओं की हकीकत, अधिकारियों को किया आगाह

# गोवंशों के रखरखाव की शिकायतें न आएं

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गौशालाओं के रखरखाव के संबंध में जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि गोवंशों के लिए उचित व्यवस्था होनी चाहिए।सोशल मीडिया में किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। अगर इस संबंध में कोई बात सामने आए तो उसका जवाब भी दिया जाए।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिले में कुल आठ वृहद गौशाला हैं, जिसमें से एक खरसेड़ा में निर्माणाधीन है। मऊ में गाहुर तथा रामनगर में ग्रामसभा का प्रस्ताव और भूमि चिह्नित हो चुकी है। इनमें लगभग 1000 मवेशी संरक्षित किए जाएंगे। बताया कि अभी कुल 55,904 गोवंश गौशालाओं में संरक्षित हैं। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने निर्देश दिए कि गौशालाओं में चारा, पानी, चिकित्सीय सुविधा एवं स्वच्छता की व्यवस्था अच्छी हो।

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग।

ठंड से बचने के लिए तिरपाल, टीनशेड आदि की व्यवस्था कराएं। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि चरवाहों का भुगतान समय से कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**गौशालाओं के आसपास नेपियर घास लगाएं:** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि जिन गौशालाओं के आसपास जमीन है, वहां पर नेपियर घास लगाएं। किसानों को चिह्नित कर चारे के लिए अनुबंध भी करें, जिससे कि कमी न होने पाए। कहा कि गौशालाओं के गोबर की जैविक खाद बनाएं, जिससे उसे बेच कर राजस्व प्राप्त किया जा सके। साथ ही किसानों को खाद मिल सके।

## अजय बने मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र पीडीए प्रहरी

**मऊ (चित्रकूट)।** कस्बा निवासी लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता एवं यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी को सपा यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने मऊ-मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र का पीडीए प्रहरी बनाया है। उनको मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के सुचारु संचालन एवं सहायता के लिए जिम्मेदारी दी है। अजय ने कहा कि वह पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष भइयालाल यादव, अनुज यादव, पूर्व उपाध्यक्ष इलाहाबाद विवि अदील हमजा, पंकज यादव, अंकित द्विवेदी, शादाब गनी, मोफीस, विकास द्विवेदी, विपुल पांडेय, हर्षित त्रिपाठी, प्रकाश निषाद, शारदा यादव, अंशू यादव आदि ने अजय को बधाई दी है।

अजय राज।

# अमृत विचार

गुरुवार, 20 नवंबर 2025






देश की तरक्की के लिए हमें आपस में लड़ने के बजाए गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ना होगा।

–लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री

## चेतावनी देती गड़बड़ी

इंटरनेट अवसंरचना प्रदान करने वाली दिग्गज कंपनी क्लाउडफ्लेयर में आई हालिया तकनीकी गड़बड़ी को केवल एक सामान्य तकनीकी व्यवधान मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह कंटेट डिलीवरी नेटवर्क दुनिया की 20 प्रतिशत वेबसाइट से सामग्री लेती और यूजर को देती है। वेबसाइट और यूजर के बीच ऐसे मध्यस्थ का काम करने वाले ऐसे प्लेटफार्म में, जिस पर दुनिया की हर पांचवी वेबसाइट आश्रित हो, इसी साल तीसरी बार बड़ी खराबी का होना, उसे घंटों बने रहना बताता है कि दुनिया का डिजिटल ढांचा कितनी नाजुक रीढ़ पर टिका हुआ है। क्लाउडफ्लेयर की लगातार गड़बड़ियों के दो प्रमुख कारण हो सकते हैं। पहला, अत्यधिक जटिलता, कंपनी की सेवाएं वैश्विक स्तर पर हजारों सर्वरों, डेटा-सेंटरों और नेटवर्क पॉइंट्स में फैली हैं, जिनका समन्वय किसी भी समय अत्यधिक संवेदनशील स्थिति में रहता है। दूसरा, तेजी से बढ़ते लोड और बदलती सुरक्षा चुनौतियों के चलते बैकएंड इंफ्रास्ट्रक्चर में लगातार बदलाव के चलते यह वैश्विक बाधा आई हो।

विडंबना ही कहेंगे कि दुनिया को तेज और सुरक्षित इंटरनेट देने का दावा करने वाली कंपनी को उसी की तकनीकी असुरक्षा या चूक, इंटरनेट की गति और सुरक्षा दोनों को प्रभावित कर देती है। इस व्यवधान का असर दुनिया भर में महसूस किया गया। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा। कई डिजिटल भुगतान सेवाएं, समाचार वेबसाइटें, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, शिक्षा पोर्टल और ऐप कुछ समय के लिए बंद हो गए। भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में ऐसे झटके केवल असुविधा नहीं, बल्कि आर्थिक व्यवधान भी पैदा करते हैं। यदि इस तरह की गड़बड़ियां बार-बार और लंबे समय के लिए होती रहीं, तो न सिर्फ डिजिटल भुगतान और बैंकिंग व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होगी, बल्कि साथ ही क्लाउड-आधारित स्टार्टअप और आईटी सेवाएं असुरक्षित महसूस करेंगी, तो एआई आधारित सेवाओं पर निर्भर उद्योगों में उत्पादकता का संकट भी उत्पन्न होगा।

इस प्रकार की तकनीकी खराबी सिर्फ एआई प्लेटफॉर्म को ही प्रभावित नहीं करती, इंटरनेट की यह 'रीढ़' लड़खड़ाती है, तो डिजिटल भारत का पूरा ढांचा हिल जाता है, क्योंकि स्वास्थ्य सेवा, एयरलाइन रिजर्वेशन सिस्टम, ऑनलाइन शिक्षा, आपदा प्रबंधन प्लेटफॉर्म और सरकारी ई-सेवाएं भी ऐसे ही नेटवर्क संरचना पर निर्भर हैं। यूजर्स के पास इससे बचने के विकल्प अत्यंत सीमित हैं। सामान्य उपयोगकर्ता के लिए वैकल्पिक डिलीवरी नेटवर्क सिस्टम या फिर वीपीएन अस्थायी राहत दे सकते हैं, पर वास्तविक समाधान केवल कंपनियों के स्तर पर ही संभव है। व्यवसायों को भी 'सिंगल प्वाइंट ऑफ फेलियर' से बचने के लिए मल्टी-कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क की रणनीति अपनानी होगी, जिसमें क्लाउडफ्लेयर के साथ अन्य नेटवर्क प्रदाताओं का बैकअप हमेशा मौजूद रहे। क्लाउडफ्लेयर को प्रतिष्ठा बचाने और आगे से ऐसा न हो, इसके लिए नेटवर्क आर्किटेक्चर की रेडंडेंसी बढ़ानी होगी, स्वचालित लोड-शिफ्टिंग और फेल्योर सिस्टम को अधिक सक्षम बनाना होगा।

### प्रसंगवश

## तहजीब के शहर को यूनेस्को की मान्यता

हाल में विश्व नगर दिवस के अवसर पर यूनेस्को ने अपने रचनात्मक शहरों की सूची में 58 नए शहरों को शामिल किया है। इस सूची में लखनऊ का होना भारत के लिए गर्व का विषय है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को 'पाक-कला के सृजनशील शहर' का दर्जा मिलना न केवल लखनऊ की समृद्ध नवाबी विरासत का प्रतीक है, बल्कि इससे हमारे देश की खान-पान की खास परंपराओं पर वैश्विक मुहर भी लगी है।

लखनऊ की पाक परंपरा केवल भोजन नहीं, बल्कि समृद्ध खान-पान संस्कृति, इतिहास और भावनाओं का संगम है। वहां की गलियों में महकने वाला स्वाद सदियों पुरानी नवाबी तहजीब की निशानी है। वहां के रसदार कबाब, खास बिरयानी और अन्य

अमरपाल सिंह वर्मा

वरिष्ठ पत्रकार

खान-पान केवल व्यंजन नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही पाक कला के स्थापित प्रतीक हैं। लखनऊ साबित करता है कि भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि एक रचनात्मक अभिव्यक्ति भी है, जो समुदायों को जोड़ती है और इतिहास को जीवित रखती है। लखनऊ का यूनेस्को की रचनात्मक शहरों की सूची में शामिल होना, केवल एक सम्मान नहीं बल्कि एक अवसर है। इससे जहां शहर को न केवल वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी, वहीं पाक-कला के संरक्षण, नवाचार और पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। यह दर्जा इस शहर को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पाक आदान-प्रदान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रशिक्षण के अवसरों से जोड़ेगा। इससे स्थानीय रसोइयों, छोटे खानपान व्यवसायों और पारंपरिक खाद्य निर्माताओं को भी नई आर्थिक संभावनाएं मिलेंगी।

2019 में हैदराबाद को यह दर्जा मिला था। इसके बाद लखनऊ भारत का दूसरा शहर है, जिसे पाक-कला श्रेणी में यह सम्मान मिला है। इससे दुनिया में यह संदेश गया है कि हमारे देश का खानपान केवल विविध नहीं बल्कि नवाचार और परंपरा के संतुलन का एक अद्भुत उदाहरण भी है। लखनऊ की यह उपलब्धि भारत के हजारों गांवों, कस्बों और छोटे शहरों के लिए प्रेरणा बन सकती है। देश के हर क्षेत्र की अपनी कोई न कोई खाद्य पहचान है। आगरा का पेठा, मथुरा के पेड़े, जैसलमेर के घोटिया लड्डू, रेवाड़ी की बर्फी, बीकानेर का भुजिया और रसगुल्ले, जोधपुर की कचौरी समेत तमाम स्थानों की खान-पान संबंधी कोई न कोई पहचान है, जिसमें स्थानीय मिट्टी, जलवायु, संस्कृति और श्रम की मिठास मिली है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि ज्यादातर इलाकों के स्वाद की कहानी इन इलाकों तक ही सिमट कर रह गई है। लखनऊ की तरह यदि ऐसे सभी स्थानों की विशेषता को पहचान दिलाने के लिए संगठित प्रयास हों, तो ये भी देश और दुनिया के खानपान नक्शे पर जगह बना सकते हैं।

यह सही है कि यूनेस्को का दर्जा हर शहर को नहीं मिल सकता, लेकिन उस स्तर तक पहुंचने के लिए प्रयास जरूर किए जा सकते हैं। स्थानीय ब्रांडिंग और संरक्षण के तहत हर जिले के विशिष्ट व्यंजन की कहानी और परंपराओं का दस्तावेजीकरण और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन डिश' जैसे अभियानों का आगाज इसमें योगदान दे सकता है। पर्यटन विभाग यदि स्थानीय व्यंजनों पर आधारित फूड फेस्टिवल आयोजित करे, तो न केवल पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय रोजगार भी सृजित होंगे। अगर छोटे होटल, स्ट्रीट फूड विक्रेता, गृहिणी उद्यमी और रसोइए मिलकर स्थानीय स्तर पर ब्रांड बनाएं, तो इससे 'मेक इन इंडिया' का स्वादिष्ट रूप भी सामने आ सकता है। छोटे शहरों के युवा अपने क्षेत्रीय व्यंजनों को डिजिटल माध्यमों पर प्रस्तुत करें, तो बड़ी पहचान मिल सकती है।

# अमेरिका: नफरत की सियासत के शिकार भारतीय

अनिल यादव

वरिष्ठ पत्रकार

इंडियन बिजनेस एसोसिएशन ने अमेरिका में स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए जो परेड निकाली थी, उसमें बुल्डोजर को भी शामिल किया गया था। ऐसा करते हुए यह भुला दिया जाता है कि वे खुद अमेरिका में अल्पसंख्यक हैं।

मिसीसिपी यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में एक भारतीय मूल की छात्रा ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से एक सवाल पूछ लिया- आपकी पत्नी ऊषा हिंदू हैं, क्या उन्हें अमेरिका से अपना लगाव साबित करने के लिए ईसाई बन जाना चाहिए? उसने इसी के साथ दूसरा सवाल हथकड़ी लगाकर वापस भारत भेजे गए लोगों के बारे में पूछा- आपने हमें सपना दिखाया कि आओ अमेरिका में पढ़ो, यहां की तरक्की में अपना योगदान दो, लेकिन अब अचानक कहने लगे कि यहां बहुत ज्यादा प्रवासी हो गए हैं। जिन लोगों ने कानूनी तरीके से यहां आकर मेहनत की, अपना भविष्य सुधारना चाहा उनके साथ छल क्यों किया जा रहा है?

सभी जानते हैं कि जेडी वेंस की महत्वाकांक्षा राष्ट्रपति बनने की है। रिपब्लिकन पार्टी में अपने राजनीतिक करियर को समयानुकूल मजबूती देने के लिए पिछले दिनों उन्होंने बयान दिया था, हालांकि मैं दबाव नहीं डालूंगा फिर भी मैं चाहता हूं कि मेरी पत्नी ऊषा भी मेरी तरह कैथोलिक ईसाई बन जाएं। वेंस भी नए-नए छह साल पहले कैथोलिक बने हैं। इससे पहले वे नास्तिक हुआ करते थे और बचपन में उनका परिवार इवेंजलेकिल क्रिश्चियन हुआ करता था। ईसाई धर्म की यह शाखा पोप, संतों और चमत्कारों को मान्यता नहीं देती।

उस छात्रा ने वाजिब सवाल उठाया था कि खुद को लोकतंत्र का रक्षक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अग्रणी देश मानने वाले अमेरिका के प्रति अपना लगाव साबित करने के लिए किसी का कैथोलिक ईसाई होना कब से जरूरी हो गया है? इस घटना का एक खास संदर्भ है। हाल के वर्षों में अमेरिका में अल्पसंख्यकों खास तौर पर भारतीय मूल के लोगों या हिंदुओं के प्रति नफरता का खुला प्रदर्शन किया जा रहा है और उनके प्रतीकों पर हमले बढ़े हैं। खुद जेडी वेंस अंतरधार्मिक विवाह के कारण इस नफरत के उभार का कोप झेल रहे हैं। अभी जब उन्होंने अपनी पत्नी के कैथोलिक बनने की इच्छा वाला बयान दिया तो मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) समर्थकों और श्वेत राष्ट्रवादियों ने ट्रोलिंग करके उनकी शादी को गलत या गैरअमेरिकी बताते हुए कहा, ऊषा हिंदू ही रहेंगी और अमेरिका के लोग उन्हें कभी अपने देश की फर्स्ट लेडी के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे।

मुख्यतः धार्मिक आधार पर नफरत फैलाकर (अन्य उप कारकों को जोड़ते हुए) जनमत बनाना, लोगों को संगठित करना, तेज ध्रुवीकरण करना और सत्ता हासिल करना दुनिया भर में राजनीति के नए सफल मॉडल के रूप में उभर चुका है। डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रपति के रूप में दूसरी जीत के पीछे इमिग्रेशन डिबेट की बड़ी भूमिका है, जिसने मुस्लिमों, अश्वेतों और भारतीय मूल के लोगों खासकर हिंदुओं के खिलाफ नफरत को हवा दी है। बाइडेन के कार्यकाल में दक्षिण एशिया के लोगों के प्रति नफरत इंटरनेट तक सीमित थी, लेकिन ट्रंप के कार्यकाल में सड़क पर दिखाई देने लगी है। ट्रंप-एलन मस्क-रामास्वामी के बीच इमिग्रेंट मामले को लेकर जो बड़ी बहस हुई, उसके बाद भारतीयों की नौकरी छीनने की धमकियों में पहले की तुलना में 75 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

ट्रंप के एच-वन वीजा की फीस बढ़ाने और 104 भारतीयों को जबरन जहाज में भरकर वापस भेजने से उत्तेजना बढ़ी है। सेंटर फार द स्टडी ऑफ आर्गेनाइज्ड हेट के अध्ययन का निष्कर्ष है कि सिर्फ नस्लभेदी पोस्ट्स ही नहीं बल्कि टेक्सास, वर्जीनिया और कैलिफोर्निया में मंदिरों पर हमले के मामले भी बढ़े हैं। कुछ समय पहले केंटकी के स्वामीनारायण मंदिर पर भड़काऊ ढंग से 'जीसस इज द ओनली गॉड' लिख दिया गया था। अमेरिका में रहने वाले भारतीय अपने देश में चल रही राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखते हैं और उनमें एक बड़ा तबका अल्पसंख्यकों के घरों पर बुल्डोजर चलाने जैसी घटनाओं पर खुशी को छिपाता नहीं है।

इंडियन बिजनेस एसोसिएशन ने पिछली बार अमेरिका में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए जो परेड निकाली थी, उसमें बुल्डोजर को भी शामिल किया गया था। ऐसा करते हुए यह भुला दिया जाता है कि वे खुद अमेरिका में अल्पसंख्यक हैं और इस तरह के प्रदर्शन खुद उनके खिलाफ नफरत की राजनीति के उत्प्रेरक बन जाते हैं। भारतीय मूल के लोगों के प्रति नफरत को इतनी हवा दी गई है कि अक्सर त्योहारों पर माहौल खराब होने लगा है। अमेरिका में तीस लाख के आसपास हिंदू हैं। अब यह परंपरा बन चुकी है कि दीवाली पर कैलीफोर्निया प्रांत में सार्वजनिक अवकाश होता है, व्हाइट हाउस में रोशनी होती है, लेकिन इस बार दीवाली पर ट्रंप प्रशासन में उच्च पदों पर बैठे कुछ भारतीय मूल के लोगों को ट्रोल किया गया। डाइरेक्टर आफ नेशनल इंडेलिजेंस तुलसी गाबर्ड और एफबीआई के प्रमुख काश पटेल ने जब दीवाली पर शुभकामनाएं दीं, तो कट्टरपंथियों ने उन्हें गालियां दीं और अमेरिका छोड़कर चले जाने को कहा।

भारतीय मूल के लोग नफरत की राजनीति के इस विस्तार को अपने अस्तित्व पर खतरे के रूप में देखना शुरू कर चुके हैं, जो सोशल मीडिया और दूसरे मंचों पर जाहिर उनकी चिंताओं में दिखाई देने लगा है। अगर वे अमेरिका में दक्षिण एशियाई, अफ्रीकी या अन्य मूल के अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और अत्याचार की घटनाओं के विरोध में बोलते हैं, तो अपने आप एक ऐसे मोर्चे का निर्माण होगा, जो बहुसंख्यकों की मनमानी पर रोक लगाने की दिशा में सक्रिय हो सकता है। अभी तक ऐसा नही हो पाया है। वे दूसरे पीड़ितों के प्रति सहानुभूति रखेंगे, तो उन्हें भी समर्थन मिलेगा जो उनका सुरक्षा कवच बन सकता है। यहां भारत में अल्पसंख्यक सिख समुदाय से भी सीखा जा सकता है, जिन्होंने आपदा के समय सेवाभाव और परोपकार के कामों से प्रतिष्ठा पाई है और समाज में एक खास जगह बना ली है।

### आमने

भाजपा निष्पक्ष चुनाव लड़ती है। अगर हम चुनाव को नियंत्रित करना चाहते, तो अंता चुनाव का नतीजा हमारे पक्ष में होता। अगर हम चुनाव को प्रभावित करते, प्रशासन की मदद लेते या वोटर लिस्ट में हेर-फेर करते तो आज चुनाव हमारी जेब में होता।

–राधा मोहन अग्रवाल

भाजपा प्रदेश प्रभारी, राजस्थान

### सामने

अंता-उपचुनाव में बीजेपी के कई नेता प्रदेश भाजपा प्रभारी की शह पर अंदरखाने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के साथ खड़े थे। राज्य सभा सांसद @AgrawalRMD द्वारा यह कहना कि हम चाहते, इसका अर्थ उन्होंने सीधे निर्वाचन आयोग को अप्रत्यक्ष रूप से अपनी पार्टी के अधीन बताया है।

–हनुमान बेनीवाल

सांसद आरएलपी, राजस्थान

# मेगा मर्जर नहीं, नए ग्लोबल बैंकों की जरूरत

रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

2023–24 में सरकारी बैंकों ने रिकॉर्ड 1.41 लाख करोड़ रुपये मुनाफा कमाया, जो 2024–25 में बढ़कर लगभग 1.78 लाख करोड़ तक पहुंच गया। यह दिखाता है कि बिना नए मर्जर के भी बैंक अपनी स्थिति सुधार सकते हैं।

भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ वर्षों में तीसरे स्थान तक पहुंचने की क्षमता रखता है। ऐसे समय में बैंकिंग ढांचे का मजबूत और स्थिर होना बहुत जरूरी है। फिलहाल देश में 12 सरकारी बैंक हैं, जो 2017 से 2020 के बीच 27 बैंकों को मिलाकर बनाए गए हैं। सरकार अब इन 12 बैंकों में भी 'मेगा मर्जर' की बात कर रही है, लेकिन सवाल यह है कि क्या बार-बार बैंकों को मिलाना सच में देश के लिए अच्छा कदम है? क्या इससे भारत को दुनिया के बड़े बैंकों के मुकाबले खड़ा किया जा सकेगा? इसका सीधा जवाब है- नहीं। भारत को मर्जर नहीं, बल्कि नई सोच की जरूरत है। ऐसे नए ग्लोबल बैंक बनाने की, जिनकी नींव शुरू से ही आधुनिक तकनीक, बड़ी पूंजी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सोच पर रखी जाए।

पिछले कुछ वर्षों में सरकारी बैंकों की हालत बेहतर हुई है। पहले जहां बैंक भारी घाटों और बढ़ते एनपीए से जूझ रहे थे, वहीं 2023–24 में सरकारी बैंकों ने रिकॉर्ड 1.41 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया और 2024–25 में यह बढ़कर लगभग 1.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह दिखाता है कि बिना किसी नए मर्जर के भी बैंक अपनी स्थिति सुधार सकते हैं। 2018 में सरकारी बैंकों का खराब ऋण (एनपीए) करीब 14 प्रतिशत था, जो अब घटकर लगभग 3 प्रतिशत के आसपास आ गया है। इससे साफ है कि बैंकों ने खुद को ठीक किया है। ऐसे में यदि फिर से बड़े पैमाने पर मर्जर की योजना लाई जाती है, तो यह पहले से सुधरते सिस्टम में अनावश्यक दबाव डालेगा।

मर्जर का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि दो या तीन बैंकों को जोड़ने में बहुत पैसा खर्च होता है। कंप्यूटर सिस्टम बदलना, आईटी प्लेटफॉर्म जोड़ना, शाखाएं मिलाना, कर्मचारियों की पोस्टिंग बदलना, पुराने लोगों और ब्रांडिंग हटाना आदि। इस पर हजारों करोड़ रुपये लग जाते हैं, जो ग्राहकों के हित में नहीं होते। यह खर्च सीधे आर्थिक विकास में योगदान नहीं देता, जबकि वही पैसा नए डिजिटल बैंक, आधुनिक तकनीक और ग्लोबल विस्तार पर खर्च किया जाए, तो उसका फायदा अधिक होगा।

दूसरी बड़ी समस्या यह है कि मर्जर के बाद बैंक बहुत बड़े हो जाते हैं, जिससे उनका काम 'तेज़' होने के बजाय 'धीमा' हो जाता है। निर्णय लेने में ज्यादा समय लगता है। शाखाओं में भीड़ बढ़ती है और स्थानीय ग्राहकों के लिए सेवाएं सुचारु नहीं रह पातीं। भारत जैसे देश में, जहां आधी से ज्यादा आबादी गांवों और छोटे कस्बों में रहती है, वहां बैंकों का स्थानीय स्तर पर मजबूत होना ज्यादा जरूरी है। अगर शाखाएं बंद होती हैं या बहुत दूर चली जाती हैं, तो ग्रामीण और छोटे व्यवसाय सबसे ज्यादा परेशान होते हैं।

जब हम अंतर्राष्ट्रीय बैंकों को देखते हैं- जैसे JP Morgan Chase, HSBC, ICBC, तो पता चलता है कि उनकी ताकत सिर्फ उनके आकार में नहीं है, बल्कि उनकी शुरुआत ही ग्लोबल विजन के साथ हुई थी। वे तकनीक पर खड़े हुए, अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन में विशेषज्ञ बने और दुनिया भर के बाजारों में फैले। भारत अगर सिर्फ पुराने ढांचे को जोड़कर 'बड़ा बैंक' बनाएगा, तो वह इन दिग्गजों की बराबरी नहीं कर पाएगा। भारत को चाहिए कि वह शुरुआत से ही 2–3 नए 'वैश्विक बैंक' बनाए, जिनकी संरचना डिजिटल हो। जोखिम प्रबंधन आधुनिक हो और पूंजी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुटाई जाए। ऐसे बैंक भारत को वैश्विक वित्तीय जगत में वह पहचान दिला सकते हैं, जिसकी हमें जरूरत है।

आज भारत की अर्थव्यवस्था 4.1 ट्रिलियन डॉलर के करीब है और अगले पांच साल में सात ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य है। इस तेज विकास के लिए ऐसे बैंक चाहिए, जो दुनिया भर में काम कर सकें, न कि केवल घरेलू बाजार तक सीमित रह जाएं। भारत में 2025 तक बैंकिंग क्रेडिट लगभग 220 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ने का अनुमान है। इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए सिर्फ मर्जर से बने 'भारी-भरकम' बैंक पर्याप्त नहीं होंगे। इसके लिए आधुनिक, तेज़ और वैश्विक सोच वाले बैंक चाहिए।

नीति के स्तर पर सरकार को दो समानांतर रास्ते अपनाने चाहिए। पहला, मौजूदा 12 बैंकों को उनकी क्षेत्रीय ताकत के साथ स्वतंत्र और स्थिर काम करने देना। दूसरा, 2–3 नए ग्लोबल बैंक बनाना, जिनका टारगेट 2035 तक दुनिया के टॉप 50 बैंकों में शामिल होना हो। इन नए बैंकों में बोर्ड पूरी तरह पेशेवर हो, टेक्नोलॉजी आधुनिक हो और पूंजी जुटाने की क्षमता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो। ऐसे बैंक भारत की आउटबाउंड निवेश, ग्लोबल प्रोजेक्ट फाइनेंस, विदेशी मुद्रा कारोबार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

भारत को यह समझना चाहिए कि मेगा मर्जर से बैंक 'बड़े' तो हो सकते हैं, लेकिन 'वैश्विक' नहीं। भारत की असल जरूरत है, नई नींव पर बने नए ग्लोबल बैंक की। मौजूदा बैंकों को मजबूत रहने दिया जाए और उनके ऊपर अनावश्यक मर्जर का दबाव न डाला जाए। देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में बैंकिंग का नया ढांचा चाहिए, जो आधुनिक, तेज, सुरक्षित और वैश्विक हो, इसलिए भारत को मेगा मर्जर नहीं, बल्कि मेगा विजन अपनाना चाहिए और यह विजन नए वैश्विक बैंकों के निर्माण से ही पूरा होगा।

### सोशल फोरम

## किस्सा मलबे में दबी एक साहसी लड़की का

13 नवंबर 1985 को, कोलंबिया में नेवाडो डेल रुइज ज्वालामुखी फट पड़ा। उसके विस्फोट से मिट्टी, बर्फ और चट्टानों की एक विशाल लहर नीचे की ओर बहती हुई आर्मेरो नामक शहर पर टूट पड़ी। कुछ ही मिनटों में लगभग 23,000 लोगों की जान चली गई। एक 13 साल की बच्ची Omayra Sanchez भी मलबे में दब गई, जिसकी कहानी पूरी दुनिया को झकझोर गई।

शोएब गाजी

ब्लॉगर

जब राहतकर्मी मलबे तक पहुंचे, तो उन्होंने ओमायरा को ठंडे पानी और कंक्रीट के टुकड़ों में कमर तक फंसा हुआ पाया। उसकी टांगें उसके ही घर के मलबे के नीचे दब चुकी थीं और उसके पैरों के नीचे उसकी चाची का शव था, बेहद दर्द में होने के बावजूद, वह अद्भुत शांति के साथ सब कुछ झेल रही थी।

पूरी दुनिया ने 60 घंटे तक रिपोर्टरों के कैमरों के जरिए इस बच्ची की अकल्पनीय हिम्मत को देखा। ओमायरा आसपास के लोगों से प्यार से बात करती, खाने या पानी के लिए पूछती, यहां तक कि यह चिंता करती कि वह स्कूल के लिए देर न कर दे। कभी वह धीरे-धीरे गाना गाती, तो कभी प्रार्थना करती। उसकी काली आंखों में डर भी था और एक अद्भुत साहस भी।

राहतकर्मियों ने हर संभव कोशिश की। पानी निकालने के लिए पंप लाए। उसे सान्त्वना दी। टांगें छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन मलबा बहुत भारी था। डॉक्टरों को पता था कि बिना सही उपकरण के उसे निकालना खून बहने से मौत का कारण बन सकता है। इन घंटों में पत्रकार फ्रैंक फोर्नियर ने ओमायरा की तस्वीरें खींचीं। वे तस्वीरें जिन्होंने पूरी मानवता की अंतरात्मा को हिला दिया।

उसकी एक तस्वीर, जिसमें उसकी आंखें खुली थीं, चेहरा फीका और उंगलियां सूजी हुईं। बाद में World Press Photo of the Year का पुरस्कार जीती। यह कला के लिए नहीं, बल्कि उसकी सच्चाई और पीड़ा के लिए सम्मानित हुई।

ओमायरा के आखिरी शब्द प्यार से भरे थे। उसने बचावकर्मियों को धन्यवाद कहा। उसने अपनी मां से कहा- "मत रोना, मैं आराम करने के लिए तैयार हूं।" और 16 नवंबर की सुबह, 60 घंटे से अधिक संघर्ष करने के बाद, उस बहादुर लड़की ने हमेशा के लिए अपनी आंखें बंद कर लीं।

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## पीहर की विरासत और बेटियों का दर्द

हर बेटी का अपने मायके से खास लगाव होता है। बेटी माता-पिता के शरीर का अंग होती हैं, पर ये कहानी एक ऐसी बेटी की है, जिसके जिस्म का एक अंग उसके पिता में समाहित हो गया था। नईहर (मायके) में जब ऐसी बेटी के ऊपर चप्पल उठ गई हो, तो उसके दिल को इतनी तकलीफ हुई होगी, जितनी तकलीफ उसे अपने पिता का जीवन बचाने के लिए अपने शरीर को चाक करके किडनी निकालने में भी नहीं हुई होगी।

राजद संस्थापक लालू प्रसाद यादव को अपनी किडनी देने वाली बेटी रोहिणी आचार्य का दर्द जब छलका तो मीडिया की सुर्खियां बन गया। देश के एक बड़े सियासी घराने की ये बात जब घर की दीवारें पार कर देश-दुनिया तक पहुंचीं, तो ये घटना सबको अखर रही है। बात बड़े सियासी घराने की थी, तो दुनिया तक पहुंच गई।

सीमा चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

सच तो ये है कि रोहिणी जैसी लाखों आम बेटियों का ऐसा दर्द, घर की चाहारदीवारों में सिसक कर खामोश हो जाता है। देश के घर-घर में न जाने ऐसी कितनी कहानियां होंगी, जो मीडिया के जरिए हमारे-आप तक नहीं पहुंच पातीं। ससुराल में तो आम बात है, औरत मायके में भी जुल्म का शिकार होती है। सड़क पर भी और संस्थान में भी।

बेटियां विदा होने के बाद भी मायके में अपनी जिम्मेदारियों निभाने के अवसर तलाश लेती हैं। ससुराल में छोटों को प्यार, बड़ों को सम्मान, पति को दिल और पिता को किडनी तक दे देती हैं। हर बुरे वक्त पर ससुराल से मायके दौड़ कर आ जाने वाली बेटी, विवाह उपरांत पीहर छोड़ती हैं, तो मां-बाप की विरासत को भी उनसे छीन लिया जाता है। सेवा संस्कार का हक तो बचा होता है, पर विरासत और जायदाद का हक उससे छीन लिया जाता है। लालू की पुत्री की कहानी में उससे उसके पिता की सियासत की विरासत का हक नहीं मिल रहा।

घर-घर की यही कहानी है। पुत्र घर का मालिक बन जाता है और पुत्री मेहमान। भाई राखी के बंधन की भी लाज न रखने वाला हो, तो बहन को अपने पिता के घर अपमानित होना पड़ता है। हमारे समाज के सुसंस्कारों में कुछ कुसंस्कार हैं। अन्यायपूर्ण न्याय है। रस्में और रवायतें ऐसी हैं कि हम अपनी बेटियों को पराया बना देते हैं। शायद इसी को पुरुष प्रधान समाज कहते हैं, जहां हम नारी को शक्ति मानते हैं। देवी का दर्जा देते हैं। नौ कन्याओं के पैर धोकर धार्मिक परंपराओं का पालन करते हैं, वहीं प्रयोगात्मक जीवन में बेटी, मां, बहन के साथ अक्सर अमानवीयता कर पुरुष प्रधानता के सुबूत देते हैं।

परवरिश से लेकर शिक्षा तक में पुत्र की अपेक्षा पुत्री से भेदभाव करते हैं। लड़की पराया धन है... मर्द हो तो ये करके दिखाओ... हमने चूड़ियां नहीं पहनी हैं... जैसे मुहावरों से लेकर, सारी गालियां महिलाओं पर घात करती हैं। हम नारी को देवी भी मानते हैं और नारी का तिरस्कार करने का हर मौका ढूंढते रहते हैं, लेकिन ये सत्य है कि लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा का सम्मान न हो तो घर से शक्ति, धन, यश, कीर्ति, समृद्धि, उन्नति, ज्ञान... सबकुछ रूठ कर चला जाता है।

अपने पिता लालू यादव को किडनी देने वाली बेटी रोहिणी आचार्य को पीहर के घर अपमानित होना पड़ा। उन पर चप्पल उठाई गई, तो एक बहन और बेटी क्या करती! अपनी वेदना व्यक्त की और मायके का घर और भाई से नाता तोड़कर रोती हुई अपनी ससुराल उलटे पैरों वापस हो गईं, जिसके मां-बाप दोनों पूर्व मुख्यमंत्री हों, ऐसी बेटी अपने छोटे भाई के व्यवहार से दुखी होकर मीडिया के सामने अपनी वेदना व्यक्त कर रही है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***

0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# टेक्निकल राइटिंग

## कलम और की बोर्ड का शानदार संगम

कुछ लोगों की लेखनी में ऐसा दम होता है कि उनके शब्द पाठक को बांध लेते हैं। अगर आपको लिखना पसंद है और टेक्नोलॉजी की दुनिया में भी दिलचस्पी है, तो आपके लिए टेक्निकल राइटर के क्षेत्र में सबसे सही करियर विकल्प हो सकता है। यह ऐसा पेशा है, जहां शब्द और मशीन दोनों की भाषा एक साथ चलती है। अमेरिका के यूएस डिपार्टमेंट ऑफ लेबर की रिपोर्ट के मुताबिक, यह क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। आज आपको बताते हैं कि Technical Writing में अपना भविष्य कैसे बनाएं।

-ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर
बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ

### क्या होता है टेक्निकल राइटर

टेक्निकल राइटर वह होता है, जो किसी मशीन, सॉफ्टवेयर या ऐप को इस्तेमाल करने के तरीके को आसान शब्दों में समझाता है। जैसे मोबाइल का यूजर मैनुअल, किसी वेबसाइट का Help सेक्शन या किसी ऐप का गाइड या FAQ पेज-इन सबके पीछे टेक्निकल राइटर की मेहनत होती है। इस पेशे का उद्देश्य यही है कि टेक्नोलॉजी को आम लोगों के लिए समझना आसान बनाया जाए।

### कैसे बनें टेक्निकल राइटर

टेक्निकल राइटर बनने के लिए किसी एक खास डिग्री की जरूरत नहीं होती, लेकिन अगर आपने इंग्लिश, मॉस कम्युनिकेशन, जर्नलिज्म या कंप्यूटर साइंस से पढ़ाई की है, तो फायदा जरूर होगा। साथ ही कई ऑनलाइन कोर्स भी उपलब्ध हैं, जो शुरुआती लोगों के लिए मददगार हैं, जैसे- Google Technical Writing Course, Coursera Technical Writing Specialization, इन कोर्सेस से आप सीख सकते हैं कि किसी तकनीकी जानकारी को किस तरह सरल, स्पष्ट और प्रोफेशनल अंदाज में लिखा जाए।



### इन क्षेत्रों में अवसर

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में टेक्निकल राइटर्स की मांग लगातार बढ़ रही है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS), इंफोसिस, इंफोटेक और अन्य बड़ी आईटी कंपनियों में इनकी डिमांड हमेशा बनी रहती है। इसके अलावा विज्ञापन एजेंसियों, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट फर्म्स, मीडिया संस्थानों और यहां तक कि सरकारी विभागों में भी इनकी मांग बढ़ी है। अगर आप स्वतंत्र रूप से काम करना पसंद करते हैं, तो बतौर फ्रीलांसर टेक्निकल राइटर भी अच्छा करियर बना सकते हैं। आज कई वेबसाइट्स और स्टार्टअप्स प्रोजेक्ट-बेस्ड काम देती हैं, जिससे आप घर बैठे अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### जरूरी स्किल्स

एक सफल टेक्निकल राइटर बनने के लिए केवल लिखने की क्षमता ही नहीं, बल्कि रिसर्च और तकनीकी समझ भी जरूरी है। इस क्षेत्र में सफलता के लिए आपके पास ये कौशल होने चाहिए-

- साफ और सरल भाषा में लिखने की कला
- रिसर्च करने और जानकारी को संक्षेप में प्रस्तुत करने की क्षमता
- ग्रामर और एडिटिंग की अच्छी समझ
- तकनीकी जानकारी और कंप्यूटर टूल्स की पकड़

### कम्युनिकेशन स्किल्स

- डॉक्यूमेंटेशन टूल्स जैसे-MS Word, FrameMaker, Markdown आदि का ज्ञान
- चार्ट, स्क्रीनशॉट या डायग्राम के जरिए चीजों को दिखाने की क्षमता
- टाइम मैनेजमेंट और डेडलाइन पर काम करने की दक्षता

### प्रमुख संस्थान

- डॉक्यूमेंटेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर, बेंगलुरू
- फॉर सी कंटेंट एक्सपर्ट्स, बेंगलुरू
- टी. डब्ल्यू.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल कम्युनिकेशन, बेंगलुरू
- टेक्नोप्वॉइंट, बेंगलुरू
- टेक्नोराइटर्स एकेडमी, पुणे
- एक्स.आई.सी, मुंबई
- यूनिवर्सिटी ऑफ कालीकट, केरल

### सैलरी एंड करियर ग्रोथ

टेक्निकल राइटिंग के साथ विकास के कई रास्ते भी खुलते हैं। एक प्रवेश-स्तर के तकनीकी लेखक के रूप में शुरुआत करके, आप वरिष्ठ या प्रमुख पदों पर पहुंच सकते हैं या सामग्री रणनीति या सूचना वास्तुकला जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता भी प्राप्त कर सकते हैं। अनुभव के साथ, अपने करियर के दौरान दिशाएं बदलना संभव है। शुरुआती महीनों में 25,000 से 40,000 रुपये तक कमा सकते हैं। अनुभव और विशेषज्ञता बढ़ने के साथ आप सीनियर टेक्निकल राइटर, कंटेंट स्ट्रैटेजिस्ट या इन्फॉर्मेशन आर्किटेक्ट जैसे पदों तक पहुंच सकते हैं, जहां सैलरी 80,000 रुपये या उससे अधिक हो सकती है। आप चाहे तो फ्रीलांसिंग करके घर से भी अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

## जॉब अलर्ट



### बैंक ऑफ बड़ौदा

- पद का नाम : प्राप्य प्रबंधन पद (कॉन्ट्रैक्ट बेस)
- पदों की संख्या : 82
- वेतन : योग्यता या अनुभव के आधार पर
- योग्यता : स्नातक (वरीयता : एमबीए / पीजी डिप्लोमा)
- आयु सीमा : 25 से 52 वर्ष (पदानुसार)
- अंतिम तिथि : 09-12-2025
- वेबसाइट : bankofbaroda.in

### ईएसआईसी

- पद का नाम : प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं शैक्षणिक पद
- पदों की संख्या : 256
- योग्यता : पदानुसार
- वेतन : 67,100-1,23,100 रुपये
- वॉक-इन इंटरव्यू तिथि- 24 -25नवंबर, 2025
- वेबसाइट : esic.gov.in

### एमपीएमकेवीवीसीएल

- पद का नाम : ट्रेड अप्रेंटिसशिप
- पदों की संख्या : 309
- योग्यता : आईटीआई
- आयु सीमा : 18-25 वर्ष
- अंतिम तिथि : 07 दिसंबर,2025
- वेबसाइट : mpcz.in

### ओडिशा हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन लि.

- पद का नाम : इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, वेल्डर ट्रेनी एवं स्टोर कीपर ट्रेनी
- पदों की संख्या : 125
- वेतनमान : 22,500 - 81,100 रुपये (ट्रेनिंग के दौरान 22,700 रुपये स्टाइपेंड मिलेगा)
- आयु सीमा : 18 से 32 वर्ष
- अंतिम तिथि : 11 दिसंबर, 2025
- वेबसाइट : admin.ohpcltd.com

## कैंपस में पहला दिन

# उत्साह के साथ चिंता भी थी मन में

उस दिन उत्साह, घबराहट और सपनों का एक अद्भुत संगम मेरे मन में उमड़ रहा था। वह दिन था, जब मैं इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम बी.फार्मा. में प्रवेश लेने शहर के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में पहुंची थी। यह दिन मेरे करियर की नई यात्रा का पहला पड़ाव था, इसलिए मन में उत्सुकता कुछ ज्यादा ही थी। मैं समय से पहले कॉलेज पहुंच गई और जैसे ही गेट के अंदर कदम रखा, लगा मानो किसी बिल्कुल नई दुनिया में प्रवेश कर रही हूं। विशाल इमारतें, प्रयोगशाला से आने वाली हल्की-सी महक, सफेद कोट पहने वरिष्ठ विद्यार्थी, यह सब कुछ मुझे बरबस ही आकर्षित कर रहा था।

इंटर की मेरिट अच्छी होने के कारण मुझे आसानी से प्रवेश मिल गया। अपनी कक्षा तक पहुंचते हुए रास्ते भर दिमाग में कई सवाल उठ रहे थे। क्या मैं सबके बीच तालमेल बिठा पाऊंगी? क्या पढ़ाई बहुत कठिन होगी? क्या नए माहौल में मैं खुद को समायोजित कर पाऊंगी? यह सोच ही रही थी कि तभी दो-तीन नई छात्राओं से बात हुई और कुछ ही मिनटों में हम एक-दूसरे के साथ सहज हो गए। यह छोटी-सी बातचीत मेरे लिए आत्मविश्वास का पहला कदम बन गई।

कक्षा शुरू हुई, तो प्रोफेसर ने बी फार्मा की पढ़ाई, दवाओं के विज्ञान और इस क्षेत्र की जिम्मेदारियों को बड़े सरल, लेकिन प्रभावी अंदाज में समझाया। उनका कहना था कि यह केवल एक डिग्री नहीं, अपितु मानवीय सेवा से जुड़ा हुआ एक संवेदनशील पेशा है। उनकी बातें सुनकर मेरे मन में गर्व और उत्साह का संचार हुआ। जब उन्होंने हमें बताया कि आने वाले दिनों में हमें प्रयोगशालाओं में काम करना होगा, विभिन्न रसायनों से परिचित होना होगा और औषधि निर्माण के छोटे-छोटे प्रयोग करने होंगे, तो मेरे भीतर की जिज्ञासा फिर से जाग उठी। दोपहर में हम कैंटीन गए, जहां माहौल पूरी तरह अलग था। वहां हंसी-मजाक, बातचीत और नए संबंधों की शुरुआत का सुंदर मिश्रण था। हमने अपने-अपने स्कूल के अनुभव, घर की बातें और भविष्य के सपने साझा किए। कुछ ही घंटों में जो लोग अजनबी थे, वे अब दोस्त जैसा महसूस होने लगे।

प्रथम दिन का सबसे रोमांचक हिस्सा था-फार्मेसी लैब का पहला दौरा। पारदर्शी बोतलों में रखे रंग-बिरंगे रसायन, व्यवस्थित उपकरण, बड़े-बड़े मापयंत्र यह सब कुछ मैंने बड़ी उत्सुकता से देखा। मुझे महसूस होने लगा कि यही वह जगह है, जहां आने वाले चार वर्षों में मैं अपने सपनों को आकार दूंगी। जब शाम को कॉलेज से बाहर निकली, तो सुबह की घबराहट मानो कहीं गायब हो चुकी थी। उसकी जगह नई ऊर्जा और आत्मविश्वास ने ले ली थी। यह सिर्फ कॉलेज का पहला दिन ही नहीं था, बल्कि यह मेरी पेशेवर यात्रा की नींव रखने वाला दिन था, जो मुझे हमेशा याद रहेगा और आगे बढ़ने की मुझे हमेशा ही प्रेरणा देता रहेगा।

**-प्रेरणा अवस्थी**
लखीमपुर खीरी

## नोटिस बोर्ड

- बरेली कॉलेज एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त प्रयास से 21 नवंबर (शुक्रवार) को विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजन नए परीक्षा भवन में सुबह 9 बजे से होगा। मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 25 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जो लगभग 2000 रिक्तियों पर चयन करेंगी।
- 26 नवंबर से एचबीटीयू में बायोगैस पर विशेष कार्यशाला आयोजित होगी। यह कार्यशाला चार दिन तक चलेगी। बायो कैमिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में उद्यमी भी शामिल होंगे।

# डिग्री के बिना सफलता की राह करें आसान

कई बार हालात ऐसे बन जाते हैं कि हम चाहकर भी अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते। कोई कॉलेज तक नहीं पहुंच पाता, तो कोई बीच में ही पढ़ाई छोड़ देता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि करियर रुक गया। आज का समय स्किल का है और अगर आपके पास सही स्किल है, तो डिग्री न होने के बावजूद भी आप शानदार कमाई कर सकते हैं। आज हम ऐसे ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में बात करेंगे, जो आने वाले समय में सबसे ज्यादा मांग वाले स्किल बनेंगे और जिनके जरिए आप आसानी से अच्छी नौकरी भी पा सकते हैं। -फीचर डेस्क

### ये कोर्स काफी डिमांड में होंगे

साल 2026 तक कई ऐसे ऑनलाइन सर्टिफिकेशन मौजूद होंगे, जो टेक्नोलॉजी और बिजनेस के फील्ड में इंडस्ट्री द्वारा मान्यता प्राप्त होंगे और डिग्री की जगह ले सकेंगे। जी हां, डिग्री की जगह। मतलब अब आपको डिग्री लेने की जरूरत नहीं है। आप बस ये ऑनलाइन कोर्स भी कर सकते हैं।

### AWS सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट

अमेजन वेब सर्विसेज का यह कोर्स क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर डिजाइन करने की ट्रेनिंग देता है। इस कोर्स के बाद छात्रों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। यह कोर्स मुख्य AWS सेवा जैसे कि कंप्यूट, स्टोरेज, नेटवर्किंग और सुरक्षा के बारे में छात्रों को बताता है। साथ ही AWS के Well-Architected Framework के बारे में छात्रों को जानकारी देता है।

### सर्टिफाइड स्क्रम मास्टर

स्क्रम मास्टर प्रमाणन (सीएसएम) एजाइल मैनेजमेंट के बारे में बताता है। सॉफ्टवेयर के फील्ड में डेवलेपमंट के लिए ये कोर्स काफी महत्वपूर्ण है। इस कोर्स में भी सर्टिफिकेट दिया जाता है।

### हबस्पॉट कंटेंट मार्केटिंग सर्टिफिकेशन

डिजिटल मार्केटिंग में करियर बनाना है, तो ये कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स में कॉन्टेंट स्ट्रैटजी और इनबाउंड मार्केटिंग के बारे में बताया जाता है। ये आम मार्केटिंग कोर्स से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

### प्रोजेक्ट मैनमेंट प्रोफेशनल (PMP)

किसी भी छोटे-बड़े प्रोजेक्ट को हैंडल करने के लिए एक्सपर्ट की जरूरत पड़ती है। ऐसे में ये कोर्स काफी महत्वपूर्ण है। कई जगहों पर इस सर्टिफिकेट कोर्स को डिग्री के बदले स्वीकार भी किया जाता है। इन्हें 12-22 लाख रुपये प्रति वर्ष सैलरी मिलती है।

### माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफाइड फंडामेंटल्स

क्लाउड कंप्यूटिंग और माइक्रोसॉफ्ट के बारे में इस कोर्स के बताया जाता है। इस कोर्स की मदद से आप क्लाउट कंप्यूटिंग से जुड़े स्किल्स सीख पाएंगे। यह एक सर्टिफिकेट कोर्स है।

### सर्टिफाइड डाटा प्रोफेशनल (CDP)

डेटा से जुड़े स्किल्स की मार्केट में काफी मांग है। इस कोर्स में सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस कोर्स में नौकरी के काफी अवसर मिलते हैं। अनुभव के साथ ही सैलरी लाखों में मिलती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 85,186.47 | 26,052.65 |
| बढ़त | 513.45 | 142.60 |
| प्रतिशत में | 0.61 | 0.55 |

**सोना 1,27,300**
प्रति 10 ग्राम

**चांदी 1,60,000**
प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, गुरुवार, 20 नवंबर 2025
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### सैमसंग की बढ़कर हुई 1.11 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स की वित्त वर्ष 2024-25 में परिचालन आय 11% से अधिक वृद्धि के साथ 1.11 लाख करोड़ रुपये हो गई। कंपनी की 2023-24 में परिचालन आय 99,541.6 करोड़ रुपये रही थी। आरओसी (कंपनी रजिस्ट्रार) को दी जानकारी के अनुसार, सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स ने परिचालन आय में वित्त वर्ष 2024-25 में एक लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया। अन्य आय सहित इसकी कुल एकीकृत आय एक साल पहले ही इस आंकड़े को पार कर गई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 1,06,283 करोड़ दर्ज हुई थी। सैमसंग इंडिया की कुल आय में मोबाइल फोन व्यवसाय का बड़ा योगदान है।

### ऑयल इंडिया ने किया टोटल से समझौता

**नई दिल्ली।** देश में सार्वजनिक क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी तेल खोज कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड ने टोटल एनर्जीज के साथ समझौता किया है। इसके तहत फ्रांस की दिग्गज ऊर्जा कंपनी गहरे पानी वाले क्षेत्रों में तेल और प्राकृतिक गैस भंडार खोजने के लिए तकनीकी सहायता देगी। ऑयल इंडिया ने बुधवार को कहा कि ऑयल इंडिया और टोटल एनर्जीज ने 19 नवंबर, 2025 को नयी दिल्ली में एक प्रौद्योगिकी सेवा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका मकसद गहरे और अति-गहरे पानी वाले अपतटीय सीमाओं में खोज गतिविधियों के लिए रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना है। इस समझौते से ऑयल इंडिया को टोटल एनर्जीज की विशेषज्ञता का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।

### सर्वोटेक को मिली 74 करोड़ की परियोजना

**नई दिल्ली।** सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम ने बुधवार को कहा कि उसे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 74 करोड़ की रूफटॉप (छत पर लगाई जाने वाली) सौर परियोजना प्राप्त हुई है। सर्वोटेक ने कहा कि यह परियोजना आंध्र प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (एनआरईडीसीएपी) द्वारा प्रदान की गई है। सर्वोटेक रिन्यूएबल 5,886 एससी/एसटी के परिवारों के लिए विभिन्न क्षमताओं के रूफटॉप सौर संयंत्रों का डिज़ाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और उन्हें चालू करने का कार्य करेगी।

# आयातकों-निर्यातकों को नई सूचना देगा टीआईए

## केंद्रीय उद्योग मंत्री बोले- ये मंच भारत की ओर से क्रियान्वित एफटीए की बेहतर समझ प्रदान करेगा

- वाणिज्य विभाग के तैयार टीआईए मंच वैश्विक एवं राष्ट्रीय डेटाबेस को करता है एकीकृत

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ट्रेड इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (टीआईए) मंच देश के आयातकों, निर्यातकों, स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को नई जानकारियां उपलब्ध कराएगा।

केंद्रीय उद्योग मंत्री ने कहा कि यह मंच निर्यातकों को भारत द्वारा अब तक क्रियान्वित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की बेहतर समझ प्रदान करेगा। वाणिज्य विभाग द्वारा तैयार 'टीआईए' मंच छोटे व्यवसायों के साथ-साथ कई वैश्विक एवं राष्ट्रीय 'डेटाबेस' को एकीकृत विश्लेषणात्मक मॉडल में एकीकृत करता है। यह 270 से अधिक विश्लेषण प्रदान करता है। यह मंच भारत और वैश्विक व्यापार, वस्तुओं व क्षेत्रीय विश्लेषण, निर्यात अवसरों सहित बाजार आसूचना एवं प्रतिस्पर्धी विश्लेषण पर वास्तविक समय, 'इंटरैक्टिव' अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। इसमें पीएलआई (उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन) और महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित विनिर्माण क्षेत्रों के लिए स्वचालित व्यापार रिपोर्ट और व्यापार प्रवृत्तियों पर नजर रखना भी शामिल है।

### जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है मंच

वित्त विभाग के आर्थिक सलाहकार वनलालराम सांगा ने कहा कि मंच को हितधारकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके सुझावों के आधार पर इसे आगे और विकसित किया जाएगा। यह मंच एक केंद्रीकृत 'डिजिटल हब' के रूप में भी काम करेगा जो विविध व्यापार डेटाबेस (वैश्विक (यूएन कॉमट्रेड) एवं द्विपक्षीय) को एक एकीकृत प्रणाली में समेकित करेगा।

### तेल अवीव की यात्रा के दौरान भारत-इजराइल एफटीए की समीक्षा करेंगे केंद्रीय उद्योग मंत्री

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की इस सप्ताह तेल अवीव की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान प्रस्तावित भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, गोयल, इजराइल में 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वहां वे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश एवं नवाचार को बढ़ावा देने के तरीकों पर नेताओं और व्यवसाय जगत के लोगों के साथ चर्चा करेंगे। यह यात्रा 22 नवंबर को संपन्न होगी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, प्रस्तावित भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर प्रगति की भी समीक्षा की जा सकती है। भारत और इजराइल मई 2010 से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक आठ दौर की बातचीत हो चुकी है। दोनों देशों ने अक्टूबर 2021 में बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उस देश को भारत का निर्यात 2023-24 के 4.52 अरब डॉलर से 52 प्रतिशत घटकर 2.14 अरब डॉलर और आयात भी 26.2 प्रतिशत घटकर 1.48 अरब डॉलर रह गया। भारत, एशिया में इजराइल का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। द्विपक्षीय व्यापार में मुख्य रूप से हीरे, पेट्रोलियम उत्पाद और रसायन शामिल हैं, लेकिन हाल के वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी और उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों, संचार प्रणालियों एवं चिकित्सकीय उपकरणों जैसे क्षेत्रों में भी व्यापार में वृद्धि देखी गई है।

# सेवा संबंधी कॉल शृंखला 1600 को जल्द अपनाएं वित्तीय संस्थान : ट्राई

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्राई ने बुधवार को बैंकों, एनबीएफसी, म्यूचुअल फंड और अन्य विनियमित संस्थाओं के सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल करने के लिए 1600 नंबरिंग शृंखला को चरणबद्ध तरीके से अपनाने के लिए समयसीमा तय की। यह कदम वॉयस कॉल से होने वाले धोखाधड़ी पर रोक को उठाया गया है।

ट्राई ने कहा कि सार्वजनिक और निजी के साथ विदेशी तथा वाणिज्यिक बैंकों को 1 जनवरी, 2026 तक इसे अपनाना होगा। दूरसंचार नियामक ने कहा कि ट्राई से जारी निर्देश में आरबीआई, सेबी और पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा विनियमित संस्थाओं द्वारा 1600 नंबरिंग शृंखला को अपनाने की अंतिम तिथियां बताई गई हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक

- शृंखला को चरणबद्ध अपनाने के लिए निर्धारित की समयसीमा

प्राधिकरण (ट्राई) के अनुसार, सभी म्यूचुअल फंड और परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) इसे 15 फरवरी 2026 तक अपनाए। पात्र स्टॉक ब्रोकर (क्यूएसबी) 15 मार्च तक इसे लागू करें। बड़े आकार के एनबीएफसी, भुगतान बैंक और लघु वित्त बैंकों को 1 फरवरी तक इसमें शामिल होने को कहा गया है और एनबीएफसी, सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक और छोटी संस्थाओं के लिए एक मार्च तय किया है।

# आरबीआई ने अनधिकृत विदेशी मुद्रा व्यापार मंच की चेतावनी सूची में सात नए नाम जोड़े

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को अनधिकृत विदेशी मुद्रा व्यापार मंच की अपनी 'चेतावनी सूची' में सात नए नाम जोड़े और इनकी कुल संख्या 95 हो गई है।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि चेतावनी सूची में उन इकाइयों के नाम शामिल हैं जो विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) के तहत विदेशी मुद्रा में लेनदेन करने के लिए अधिकृत नहीं हैं और जो विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म (ईटीपी) संचालित करने को भी अधिकृत नहीं हैं। सूची में शामिल किए नए नामों में स्टारनेट एफएक्स, कैपप्लेस, मिररॉक्स, फ्यूजन मार्केट्स, ट्राइव, एनएक्सजी मार्केट्स और नॉर्ड एफएक्स है। आरबीआई ने कहा कि सूची में उन संस्थाओं, मंचों, वेबसाइट के नाम भी हैं, जो अनधिकृत इकाइयों या ईटीपी को बढ़ावा दे रही हैं। यह सूची संपूर्ण नहीं है।

### गैर-पंजीकृत ऑनलाइन बॉण्ड मंच को लेकर बरतें सावधानी : सेबी

**नई दिल्ली।** सेबी ने बुधवार को निवेशकों से गैर-पंजीकृत ऑनलाइन बॉण्ड मंच को लेकर सावधानी बरतने और लेनदेन से बचने का आग्रह किया। नियामक ने कहा कि इन मंचों पर नियामकीय निगरानी का अभाव है और निवेशकों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों से कहा कि वे लेनदेन से पहले ऑनलाइन बॉण्ड मंच प्रदाताओं (ओबीपीपी) की पंजीकरण स्थिति का जांच कर लें और अपने हितों की रक्षा के लिए केवल सेबी-पंजीकृत इकाइयों के साथ ही लेनदेन करें। इसके अलावा, सभी बाजार सहभागियों को ओबीपीपी के रूप में कोई भी सेवा प्रदान करने से पहले लागू नियामक ढांचे का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आगाह किया गया है। यह कदम तब उठाया गया जब सेबी ने पाया कि वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों और शेयर ब्रोकर सहित कुछ संस्थाएं, शेयर बाजारों से अनिवार्य पंजीकरण प्राप्त किए बिना ऑनलाइन बॉण्ड मंच प्रदाताओं के रूप में सेवाएं प्रदान कर रही हैं। इसमें कहा गया, ऐसे गैर-पंजीकृत मंच पर नियामक या पर्यवेक्षी निगरानी का अभाव है और ये निवेशक सुरक्षा या शिकायत निवारण के लिए कोई व्यवस्था प्रदान नहीं करते हैं।

# आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी लौटी

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स 513 अंक चढ़ा, निफ्टी फिर 26,000 के पार

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 513 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी फिर 26,000 अंक के पार पहुंच गया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बंधने के साथ आईटी शेयर में लिवाली और घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी से बाजार में तेजी आई।

बीएसई का सेंसेक्स 513.45 अंक चढ़कर 85,186.47 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का निफ्टी 142.60 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 26,052.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और टाइटन लाभ में रहीं। वहीं, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, मारुति, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस नुकसान में रहे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के मंगलवार को कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर 'आप अच्छी खबर सुनेंगे' जब यह समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत एवं संतुलित होगा। इस बयान से भी बाजारों को थोड़ा समर्थन मिला। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि मंगलवार की गिरावट के बाद बुधवार को शेयर बाजारों में तेजी लौटी। बाजार को मुख्य रूप से आईटी शेयरों में मजबूत लिवाली से समर्थन मिला। उन्होंने कहा, इस तेजी की अगुवाई इन्फोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी आईटी कंपनियों ने किया। इन्फोसिस की 18,000 करोड़ रुपये के शेयर पुनर्खरीद की घोषणा के बाद धारणा में सुधार हुआ। संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदों ने भी धारणा को मजबूत किया... । जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ने के चलते आईटी क्षेत्र में तेजी आई।

### सोना 1,500 और चांदी 4,000 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में तेजी के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार 99.5% शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,26,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। चांदी की कीमतों में भी तेजी आई और यह 4,000 रुपये बढ़कर 1,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। इससे स्थानीय सर्राफा बाजार में तीन दिन की गिरावट थम गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, बुधवार को सोने में तेजी आई, जिसे नए सिरे से सुरक्षित निवेश की मांग का समर्थन मिला, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में लगातार कमजोरी के संकेतों ने संभावित ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बनाए रखा।

## राष्ट्रीय

# उच्च न्यायिक सेवा में पदोन्नत जजों के लिए आरक्षण देने से सुप्रीम इनकार

## सीजेआई गवई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने की सुनवाई

- कोर्ट ने कहा- देश में असमान प्रतिनिधित्व की कोई साझा व्याधि नहीं है जिसके लिए ऐसी व्यवस्था की जरूरत हो

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उच्चतर न्यायिक सेवा (एचजेएस) में पदोन्नत जजों के लिए आरक्षण देने से इन्कार कर दिया और कहा कि देश में असमान प्रतिनिधित्व की कोई साझा व्याधि नहीं है जिसके लिए ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता हो। शीर्ष अदालत ने कहा कि "कथित असंतोष" और "नाराजगी" के कारण किसी कैडर के सदस्यों का कृत्रिम वर्गीकरण नहीं किया जा सकता।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि एचजेएस के भीतर चयन ग्रेड और सुपर टाइम स्केल में निर्धारण कैडर के भीतर योग्यता-सह-वरिष्ठता पर आधारित है और यह न्यायपालिका के निचले स्तर पर सेवा की अवधि या प्रदर्शन पर निर्भर नहीं हो सकता है। पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, के. विनोद चंद्रन और जॉयमाल्या बागची शामिल थे। पीठ ने कहा कि सांख्यिकीय आंकड़े भिन्न हैं और एचजेएस में नियमित पदोन्नत व्यक्तियों (आरपी) के असंतोष और नाराजगी को उचित ठहराने के लिए कोई ठोस आधार प्रदान नहीं करते हैं। सेवारत न्यायिक अधिकारियों के पास जिला जजों के रूप में उन्नति के पर्याप्त अवसर हैं, जिससे उन्हें जिला जज के रूप में सीधी भर्ती के लिए दावेदारी की अनुमति मिलती है। पीठ ने कहा कि एचजेएस के अंतर्गत चयन ग्रेड और सुपर टाइम स्केल में नियुक्ति, संवर्ग के भीतर योग्यता-सह-वरिष्ठता पर आधारित है और न्यायपालिका के निचले स्तरों पर सेवाकाल या प्रदर्शन पर निर्भर नहीं हो सकती; आरपी और सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षाएं (एलडीसीई) के एचजेएस में आने के बाद, यह अपना महत्व खो देता है।

### न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम के अहम प्रावधानों को किया रद्द

सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न न्यायाधिकरणों के सदस्यों की नियुक्ति, कार्यकाल और सेवा शर्तों से संबंधित 2021 के न्यायाधिकरण सुधार कानून के कई प्रावधानों को बुधवार को रद्द कर दिया और कहा कि इन्हें केंद्र द्वारा मामूली बदलावों के साथ फिर से लागू किया गया था। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि विवादित प्रावधान शक्तियों के पृथक्करण और न्यायिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं और उन्हें वापस नहीं लाया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि लंबित मामलों से निपटना केवल न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी सरकार के अन्य अंगों को भी उठानी होगी। पीठ ने कहा कि संसद ने पहले से ही न्यायालय द्वारा रद्द किए गये प्रावधानों को पुनः लागू करके बाध्यकारी न्यायिक मिसालों की विधायी रूप से अवहेलना का प्रयास किया। सीजेआई ने फैसला पढ़ते हुए कहा, हमने अध्यादेश और 2021 के अधिनियम के प्रावधानों की तुलना की है और यह दर्शाता है कि पहले ही खारिज किए जा चुके सभी प्रावधानों को मामूली बदलाव के साथ फिर से लागू किया गया है। इस प्रकार हमारा मानना है कि 2021 अधिनियम के प्रावधानों को बरकरार नहीं रखा जा सकता क्योंकि यह शक्तियों के पृथक्करण और न्यायिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है। यह किसी भी खामी को दूर किए बिना और बाध्यकारी निर्णय के विपरीत जाकर विधायी अतिक्रमण के समान है यह संविधान के अनुरूप नहीं है। इसलिए, इसे असंवैधानिक घोषित करके रद्द किया जाता है।

### प्रदूषण को ध्यान में रख खेल स्पर्धाएं कराए सीएक्यूएम

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से कहा कि वह वायु प्रदूषण के स्तर को ध्यान में रखते हुए दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों को नवंबर और दिसंबर में प्रस्तावित खेल स्पर्धाओं को सुरक्षित महीनों तक के लिए स्थगित करने पर विचार करे। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गंभीर वायु प्रदूषण संकट के मुद्दे पर सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है और शीर्ष अदालत को इस मामले की निगरानी के लिए मासिक आधार पर सुनवाई करनी चाहिए। सीएक्यूएम को यह निर्देश तब दिया गया जब वरिष्ठ अधिवक्ता एवं न्यायमित्र अपराजिता सिंह ने पीठ से कहा कि जब वयस्क लोग 'एयर प्यूरीफायर' चालू करके बंद जगहों पर बैठे हैं, तो ऐसे में बच्चे खुले गैस चैंबर में खेलकूद की तैयारी कर रहे हैं। बच्चे सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। अभी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करना उन्हें गैस चैंबर में डालने जैसा है। सीजेआई ने कहा कि हम सीएक्यूएम से अनुरोध करते हैं कि वह इसे ध्यान में रखे और ऐसी खेल प्रतियोगिताओं को सुरक्षित महीनों में स्थानांतरित करने के लिए निर्देश जारी करे। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि मंगलवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई और वायु प्रदूषण से निपटने के दीर्घकालिक और अल्पकालिक उपायों पर चर्चा की गई।

### अंग प्रतिरोपण पर राष्ट्रीय नीति और समान नियम बनाए केंद्र

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र को अंगदान और आवंटन के लिए पारदर्शी एवं सक्षम प्रणाली बनाने के लिए राज्यों के परामर्श से राष्ट्रीय नीति और समान नियम बनाने के संबंध में कई निर्देश जारी किए। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने इंडियन सोसायटी ऑफ ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन की याचिका पर ये निर्देश पारित किए। सीजेआई ने अपने आदेश में केंद्र से अनुरोध किया कि वह आंध्र प्रदेश को मानव अंग प्रतिरोपण अधिनियम, 1994 में 2011 के संशोधनों को अपनाने के लिए राजी करे। उन्होंने निर्देश दिया कि कर्नाटक, तमिलनाडु और मणिपुर जैसे राज्य, जिन्होंने अब तक मानव अंग एवं ऊतक प्रतिरोपण नियम, 2014 को नहीं अपनाया है, इस मुद्दे के महत्व पर जोर देते हुए इसे शीघ्रता से अपनाएं। पीठ ने केंद्र से अंग प्रतिरोपण के लिए आदर्श आवंटन मानदंड वाली राष्ट्रीय नीति विकसित करने को कहा। पीठ ने कहा कि इस नीति में लिंग और जातिगत पूर्वाग्रह के मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए और राज्य-वार विसंगतियों को समाप्त करने के लिए देश भर के अंगदाताओं के लिए एक समान मानदंड स्थापित किए जाने चाहिए। शीर्ष अदालत ने इस बात का संज्ञान लिया कि मणिपुर, नगालैंड, अंडमान निकोबार और लक्षद्वीप जैसे राज्यों में राज्य अंग एवं ऊतक प्रतिरोपण संगठन (एसओटीटो) का अभाव है। पीठ ने केंद्र से राज्यों से परामर्श के बाद अंग प्रतिरोपण कार्यक्रम के तहत निकायों का गठन करने को कहा। अंगदान करने वालों को शोषण से बचाने के मुद्दे पर, पीठ ने केंद्र से कहा कि ऐसे लोगों के लिए निर्देश विकसित करें।

# निकाय चुनावों में वीवीपीएटी का उपयोग अनिवार्य नहीं : ईसी

**नागपुर।** महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने बुधवार को मुंबई हाईकोर्ट को बताया कि निकाय चुनावों के लिए वीवीपीएटी मशीनों का उपयोग अनिवार्य नहीं है और यह तकनीकी रूप से भी व्यावहारिक नहीं है। आयोग ने नागपुर पीठ के समक्ष कांग्रेस नेता प्रफुल्ल गुडाधे की याचिका का विरोध करते हुए हलफनामा दायर किया। याचिका में महाराष्ट्र में निकाय चुनावों में वीवीपीएटी का उपयोग नहीं करने के उसके फैसले को चुनौती दी गई थी।

- मुंबई हाईकोर्ट में आयोग याचिका का विरोध करते हुए दिया हलफनामा

गुडाधे ने याचिका में कहा कि पारदर्शी चुनाव के लिए वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) प्रणाली जरूरी है। बुधवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अनिल किलोर की पीठ ने वीवीपीएटी मशीनों का उपयोग न करने का कारण जानना चाहा, खासकर तब जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वीवीपीएटी का उपयोग अनिवार्य है। आयोग के वकील ने अदालत को बताया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल आम चुनावों पर लागू होता है, निकाय चुनावों पर नहीं। आयोग ने हलफनामे में कहा कि नगरपालिका चुनावों को नियंत्रित करने वाले अधिनियमों में वीवीपीएटी के उपयोग को अनिवार्य नहीं किया गया है।

# जीवनसाथी को बार-बार आत्महत्या की धमकी देना क्रूरता : हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

मुंबई हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को तलाक देते हुए कहा कि जीवनसाथी द्वारा बार-बार आत्महत्या करने की धमकी देना क्रूरता है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने आदेश में कहा कि जब ऐसा आचरण दोहराया जाता है, तो पति या पत्नी के लिए वैवाहिक संबंध जारी रखना असंभव हो जाता है।

यह आदेश उस व्यक्ति की दायर याचिका पर पारित हुआ, जिसने पारिवारिक अदालत के 2019 के आदेश को चुनौती दी थी। पारिवारिक अदालत ने व्यक्ति की तलाक की अर्जी खारिज की थी। याचिका के मुताबिक व्यक्ति की शादी 2006 में हुई थी, लेकिन वैवाहिक विवाद के कारण वह 2012 से पत्नी से अलग रह रहा था। व्यक्ति ने दावा किया कि अलगाव और संदेह के साथ धमकी और आत्महत्या का प्रयास करना हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक देने के आधार हो सकते हैं। पीठ ने कहा कि पति-पत्नी एक दशक से अधिक समय से अलग-अलग

- कोर्ट ने कहा- ऐसा आचरण जब दोहराया जाता है, तो वैवाहिक संबंध रखना असंभव हो जाता है

रह रहे हैं और उनके बीच न तो कोई सौहार्द्रपूर्ण समझौता हो पाया है और न ही मेल-मिलाप संभव हो पाया। व्यक्ति ने क्रूरता के कई उदाहरणों का उल्लेख किया था, लेकिन पारिवारिक अदालत ने उन पर विचार नहीं किया।

पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि जीवनसाथी द्वारा आत्महत्या की धमकी देना क्रूरता है। हाईकोर्ट ने कहा, जब ऐसा आचरण दोहराया जाता है, तो दंपती के लिए शांतिपूर्ण वातावरण में वैवाहिक संबंध जारी रखना असंभव हो जाता है।

# प्रदूषण से नहीं मिली राहत एक्यूआई बेहद खराब

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 391 दर्ज किया गया। इसी के साथ दिल्ली में लगातार छठे दिन वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रही।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर एप से यह भी पता चला है कि 38 में से 18 निगरानी केंद्रों ने एक्यूआई का स्तर गंभीर श्रेणी में दर्ज किया है। चांदनी चौक, डीटीयू, बवाना, आनंद विहार, मुंडका, नरेला और वजीरपुर स्थित केंद्रों ने एक्यूआई 400 से ऊपर दर्ज किया है। मौसम की बात करें तो न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री रहा जो औसत से 2.1 डिग्री कम है। अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 97 प्रतिशत दर्ज की गई है।

# एसआईआर से परेशान व्यक्ति ने पी लिया कीटनाशक, मौत

कोलकाता, एजेंसी

- परिजनों का दावा, 2002 की मतदाता सूची में था मृतक का नाम अन्य सदस्यों के नहीं थे नाम

प. बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में 58 वर्षीय व्यक्ति की कीटनाशक पीने से मौत हो गई। परिजनों ने दावा किया है कि व्यक्ति मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े मुद्दों को लेकर परेशान था।

पुलिस ने बताया कि मृतक बदुरिया पुलिस थाना क्षेत्र के जदुरहाटी पुरबा निवासी सफीकुल मंडल है। उसने एसआईआर शुरू होने के बाद 2002 की मतदाता सूची की जांच की थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि परिजनों का दावा है कि मंडल का नाम मतदाता सूची में था, लेकिन परिवार के कई अन्य सदस्यों के नाम नदारद थे। इससे बड़ी मुश्किल आने की आशंका से वह घबरा गया। मंडल ने मंगलवार को कीटनाशक पी लिया था और परिजन उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल ले गए थे।

अधिकारी ने बताया कि बाद में मंडल को कोलकाता के आरजीकर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टीएमसी के बदुरिया से विधायक काजी अब्दुर रहीम दिलू ने बुधवार सुबह परिवार से मुलाकात की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। हाल के हफ्तों में, उत्तर 24 परगना, मुर्शिदाबाद, बीरभूम और नादिया सहित कई जिलों से एसआईआर को लेकर चिंता से जुड़ी मौतों की खबरें आई हैं। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर अभियान शुरू किया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ऑस्ट्रेलिया: सड़क हादसे में भारतीय मूल की गर्भवती महिला की मौत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में कार की चपेट में आने से भारतीय मूल की एक गर्भवती महिला की अपने अजन्मे बच्चे के साथ मौत हो गयी। आठ महीने की गर्भवती समन्विता धारेश्वर (33) तकनीकी विशेषज्ञ थी। पिछले शुक्रवार की रात को स्थानीय समयानुसार आठ बजे के कुछ देर बाद धारेश्वर अपने पति और तीन साल के बेटे के साथ सिडनी में जॉर्ज स्ट्रीट, हॉर्न्सबी पर सैर कर रही थीं तभी एक 'किआ' कार, उन्हें रास्ता देने के लिए एक कार पार्किंग के प्रवेश द्वार पर धीमी हो गई थी। पुलिस के हवाले से 7न्यूजडॉटकॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार, कुछ ही पल के बाद एक बीएमडब्ल्यू ने किआ को पीछे से टक्कर मारी, जिसके चलते वह (किआ) आगे बढ़ी और महिला को टक्कर मार दी।

### भारत में हत्या के मामले में वांछित युवक अमेरिका में गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** भारत में हत्या के मामले में वांछित और अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले 22 वर्षीय एक युवक को यहां सीमा सुरक्षा अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। विशद कुमार को अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा अधिकारियों ने 16 नवंबर को उस वक्त पोर्ट ऑफ बफैलो, पीस ब्रिज सीमा पर गिरफ्तार किया, जब उसे कनाडा में प्रवेश देने से मना कर दिया गया था। सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा के बयान के अनुसार, कुमार के खिलाफ इंटरपोल का 'रेड नोटिस' जारी है और वह हत्या के एक मामले में भारत में वांछित है।

### जयशंकर ने किया रूस में दो नए भारतीय वाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन

**मॉस्को।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को रूस में दो नए भारतीय वाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन किया और कहा कि इनकी स्थापना से दोनों देशों के बीच व्यापार, पर्यटन, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। रूस में अपनी राजनयिक उपस्थिति का विस्तार करते हुए, भारत ने येकातेरिनबर्ग और कजान शहरों में नए महावाणिज्य दूतावास खोले हैं। समारोह में रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको और रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार भी उपस्थित थे।

## टेक्सास में दो मुस्लिम समूहों को घोषित किया आतंकवादी संगठन

ह्यूस्टन, एजेंसी

- राज्य में नहीं खरीद सकेंगे जमीन कानूनी कार्रवाई का रास्ता साफ

टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने दो मुस्लिम समूहों को विदेशी आतंकवादी और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठन घोषित किया है। इसके तहत उन पर राज्य में जमीन खरीदने पर रोक लगा दी गई है तथा सरकार के लिए उनसे जुड़ी किसी भी गतिविधि को बंद करने को कानूनी कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है।

एबॉट ने मंगलवार को अपने कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा कि 'मुस्लिम ब्रदरहुड' और 'काउंसिल ऑन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस' (सीएआईआर) दुनिया भर में आतंकवाद का समर्थन करते हैं और हिंसा, धमकी तथा उत्पीड़न के माध्यम से हमारे कानूनों को तोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों समूहों को आतंकवादी संगठन घोषित करने का उद्देश्य टेक्सास के लोगों को उन चरमपंथी नेटवर्कों से बचाना है जो लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतिकूल एजेंडे थोपने की कोशिश कर रहे हैं। एबॉट ने कहा, इन कट्टरपंथी चरमपंथियों का हमारे राज्य में स्वागत नहीं है। सीएआईआर की स्थापना अमेरिकी मुस्लिमों के नागरिक अधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए की गई थी और यह गाजा संघर्ष में अमेरिकी सरकार की नीतियों का मुखर आलोचक रहा है, जबकि मुस्लिम ब्रदरहुड मिस्र में स्थापित एक अंतरराष्ट्रीय सुन्नी इस्लामी आंदोलन है।

## हजारों खौफनाक मौतों का जरिया

दुनिया में आत्मघाती हमलों का इतिहास 1980 के दशक से तब शुरू हुआ जब आतंकी संगठन एलटीटीई (लिट्टे) ने इन्हें अपान एक प्रमुख हथियार बनाया। समय के साथ ऐसे हमले श्रीलंका के साथ इराक, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और फिलीस्तीन जैसे देशों में भी आम हो गए। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1981 से जून 2008 तक दुनिया भर में हुए 1,944 आत्मघाती हमले हुए जिनकी 51 संगठनों ने जिम्मेदारी ली। इन हमलों में कुल मिलाकर 70,884 लोग हताहत हुए। इनमें से 21,167 लोग मारे गए और 49,717 घायल हुए। इस अवधि में आत्मघाती हमलों में औसतन लगभग 11 लोग मारे गए और 25 से 26 लोग घायल हुए। भारत भी इन हमलों से अछूता नहीं रहा। हाल ही में दिल्ली में हुआ विस्फोट भारत में आत्मघाती हमले की ताजा घटना है जिसमें 15 लोग मारे जा चुके हैं और कई लोग जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं।

## आत्मघाती हमलावर

### हमलों के मास्टरमाइंड

- लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) ने 1987 में पहला आत्मघाती हमला कर इसकी शुरुआत की।
- लिट्टे ने कुल मिलाकर 170 से अधिक हमलों को अंजाम दिया, यह ऐसा करने वाला सबसे बड़ा संगठन बना।
- अन्य प्रमुख संगठनों में अल-क़ायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, हमास, और बोको हराम शामिल हैं।
- इन हमलों में ज्यादातर विदेशी सेनाओं को निशाना बनाया गया था, बाद में नागरिक भी निशाने पर आने लगे।

### इन देशों में सबसे ज्यादा हमले

इराक, अफगानिस्तान, फिलीस्तीन, पाकिस्तान और श्रीलंका सबसे अधिक हुए आत्मघाती हमले।

### ऐसे बनते हैंआत्मघाती

- आतंकी संगठन इस्लामिक शहादत जैसी धार्मिक और राष्ट्रवादी विचारधाराओं को बढ़ावा देते हैं।
- आत्मघाती हमलावरों को अक्सर धोखे से या दबाव से भी इस काम के लिए तैयार किया जाता है।
- संगठन अक्सर मनोवैज्ञानिक युद्ध का इस्तेमाल करके आत्मघाती हमलों के लिए प्रेरित करते हैं।
- विभिन्न संगठन धार्मिक या राष्ट्रवादी उद्देश्य प्राप्त करने के लिए आत्मघाती हमले अंजाम देते हैं।

### इसलिए ज्यादा कामयाब

- आत्मघाती हमले लक्षित आबादी में डर पैदा करते हैं और उन्हें असुरक्षित महसूस कराते हैं।
- अक्सर सेना और सरकार को निशाना बनाया जाता है, ताकि राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो।
- इन हमलों में हताहतों की संख्या ज्यादा होती है जो आतंकियों के लिए एक प्रभावी हथियार है।
- इन हमलों में कोई पारंपरिक बचाव प्रणाली नहीं होती, जिससे ये हमले बहुत प्रभावी होते हैं।

### सबसे घातक हमले

- अमेरिका : 11 सितंबर 2001 को अल कायदा आतंकवादियों ने चार विमानों से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और पेंटागन पर हमला किया। इस हमले में लगभग 3,000 से अधिक लोग मारे गए।
- रूस : सितंबर 2004 में रूस के बेसलान शहर के एक स्कूल में आतंकवादियों ने तीन दिन हमला किया। इसमें करीब 330 लोगों की मौत हुई, जिनमें अधिकांश बच्चे थे।
- ईराक : 14 अगस्त 2007 को ईराक में एक कार में विस्फोट हुआ जिसमें 756 लोग मारे गए। यह इराक में हुआ एक बेहद घातक आत्मघाती हमला था।
- भारत : 22 जून 1985 को कनाडा-नई दिल्ली उड़ान भरने वाले एअर इंडिया के विमान में विस्फोट हुआ जिसमें 307 यात्री और 22 क्रू मेंबर मारे गए।
- भारत : मुंबई में 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा किया गया हमला जिसमें 167 मारे गए। कई जगह आतंकियों ने नागरिकों पर गोली चलाई।

# ट्रंप पर बढ़ा यौन अपराधी एपस्टीन से संबंधित फाइलें जारी करने का दबाव

## अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में बिल पारित, मत विभाजन रोकने के प्रयास विफल

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी संसद के दोनों सदन प्रतिनिधि सभा और सीनेट ने मंगलवार को निर्णायक रूप से एक विधेयक पारित कर न्याय विभाग पर दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से संबंधित उसकी फाइलें सार्वजनिक करने के लिए दबाव बढ़ा दिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन नेतृत्व के विरोध से पार पाने के लिए कई महीने तक संघर्ष के बाद अमेरिकी संसद अपने इस प्रयास में कामयाब हो सकी।

संसद के एक छोटे व द्विदलीय समूह को जुलाई में प्रतिनिधि सभा में विधेयक को लाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। तब ट्रंप ने अपने समर्थकों से इसे खारिज करने को कहा था, लेकिन ट्रंप और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन दोनों मत विभाजन रोकने के अपने प्रयासों में विफल रहे। अब राष्ट्रपति ने विधेयक को लेकर बढ़ती लामबंदी के बीच इस पर अपना रुख नरम कर लिया है और यहां तक कहा है कि वह इस पर हस्ताक्षर करेंगे। निचले सदन द्वारा विधेयक पारित करने के कुछ घंटे बाद सीनेट ने आम-सहमति से विधेयक को पारित करने की मंशा जाहिर कर दी। प्रतिनिधि सभा ने 427-1 वोट से इस बिल को भारी मंजूरी दे दी, वहीं सीनेट ने औपचारिक वोट के बिना सर्वसम्मति से इसे तेजी से पास कर दिया। मंगलवार को कांग्रेस में हुए निर्णायक, द्विदलीय मत विभाजन ने सांसदों और ट्रंप प्रशासन पर लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए बढ़ते दबाव को और स्पष्ट कर दिया कि न्याय विभाग एपस्टीन से संबंधित अपनी केस फाइलें जारी करे।

ट्रंप पर भी लगते रहे हैं यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से संबंधों के आरोप। - फाइल फोटो

### पूर्व वित्तमंत्री लैरी समर्स ने एपस्टीन ईमेल लीक होने के बाद ओपनएआई बोर्ड से इस्तीफा दिया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व वित्तमंत्री लैरी समर्स ने ओपनएआई के निदेशक मंडल से इस्तीफा देने का फैसला किया है। समर्स का बोर्ड से इस्तीफा ऐसे ईमेल के लीक होने के बाद हुआ है, जिससे खुलासा हुआ था कि जेफरी एपस्टीन द्वारा 2008 में एक नाबालिग लड़की से वेश्यावृत्ति कराने का अपराध स्वीकार किए जाने के बाद भी उन्होंने उसके साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखा था। बोर्ड ने एक बयान में कहा, लैरी ने ओपनएआई निदेशक मंडल से इस्तीफा देने का फैसला किया है और हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं। हम उनके योगदान और बोर्ड में उनके द्वारा लाए गए दृष्टिकोण की सराहना करते हैं। समर्स के इस्तीफे की जानकारी उनके द्वारा सार्वजनिक प्रतिबद्धताओं से पीछे हटने की घोषणा के एक दिन बाद की गई।

## यूक्रेन के रिहायशी इलाकों में बरसीं रूस की मिसाइलें, 16 लोगों की मौत, 37 घायल

कीव, एजेंसी

यूक्रेन में मंगलवार रात रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में 16 लोगों की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस पर दबाव बनाने के प्रयासों के तहत तुर्किये में वार्ता करने वाले हैं।

गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको के अनुसार, पश्चिमी यूक्रेन के शहर टेरनोपिल में नौ मंजिला दो अपार्टमेंट ब्लॉक पर रात में हमले हुए। हमले में लगभग 37 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें 12 बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि रूस ने रात भर 476 यूक्रेनी ठिकानों पर डिकॉय ड्रोन से हमले किए और विभिन्न प्रकार की 48 मिसाइलें दागीं। एपस्टीन पर आरोप लगे थे कि वह अपने पैसे और प्रभावशाली व्यक्तियों यानी राजनेताओं, मशहूर हस्तियों और राजघरानों के साथ अपने संबंधों का इस्तेमाल करके लड़कियों की तस्करी का गिरोह चलाता था। वह इन हस्तियों के लिए पार्टी भी करवाता था। इनमें कई लड़कियों को यौन शोषण हुआ। एपस्टीन से संबंधों लेकर ट्रंप पर भी आरोप लग चुके हैं।

रूसी हमले के बाद एक इमारत से बुजुर्ग महिला को निकालकर ले जाते यूक्रेनी बचावकर्मी।

जेलेंस्की ने मैसेजिंग ऐप 'टेलीग्राम' पर लिखा, आम जीवन के खिलाफ हर बेशर्म हमला यह दर्शाता है कि रूस पर युद्ध रोकने के लिए दबाव अपर्याप्त है। जेलेंस्की ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग करने और उनपर अधिक अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के अपने प्रयासों के तहत बुधवार को तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन से मुलाकात करेंगे।

यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर उत्तर-पूर्वी खारकीव में, रूसी ड्रोन हमलों में दो लड़कियों समेत 46 लोग घायल हो गए।

## खशोगी की हत्या में सऊदी के क्राउन प्रिंस शामिल नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के उन निष्कर्षों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि 2018 में 'वाशिंगटन पोस्ट' के पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की कुछ हद तक संलिप्तता हो सकती है। ट्रंप ने सात साल में पहली बार व्हाइट हाउस आए सऊदी अरब के शासक का गर्मजोशी से स्वागत किया।

सऊदी अरब की नीतियों के कटु आलोचक रहे खशोगी की हत्या से एक समय के लिए अमेरिका-सऊदी अरब के रिश्तों में भारी तनाव आ गया था, लेकिन सात साल बाद ट्रंप क्राउन प्रिंस को पश्चिम एशिया के भविष्य को आकार देने वाला अहम नेता बता रहे हैं। ट्रंप ने खशोगी को 'बेहद विवादित व्यक्ति' बताया। प्रिंस मोहम्मद ने खशोगी की हत्या में संलिप्तता से इनकार किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रिंस मोहम्मद की उपस्थिति में ओवल ऑफिस में एक पत्रकार के सवाल पर कहा, पसंद करें या न करें, ऐसी बातें हो जाती हैं, लेकिन क्राउन प्रिंस को इसके बारे में कुछ पता नहीं था।

- ट्रंप ने अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट को किया खारिज

### तीखे सवाल पूछने पर रिपोर्टर को धमकाया

**न्यूयॉर्क।** ट्रंप ने तीखे सवाल पूछने पर 'एबीसी न्यूज' की पत्रकार मैरी ब्रूस पर निशाना साधते हुए उन्हें बेहद खराब रिपोर्टर बताया और समाचार संगठन के प्रसारण का लाइसेंस रद्द करने की धमकी दी। ब्रूस ने ट्रंप से पूछा कि क्या राष्ट्रपति पद पर रहते हुए उनके परिवार का सऊदी अरब में व्यापार करना उचित है। ब्रूस ने क्राउन प्रिंस से पूछा, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने निष्कर्ष निकाला कि आपने एक पत्रकार की हत्या की साजिश रची। 9/11 पीड़ितों के परिजन आपके यहां आने से नाराज हैं। अमेरिकी आप पर क्यों भरोसा करें। इन सवालों के बाद ट्रंप ने एबीसी को 'फेक न्यूज' बताया और ब्रूस की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने प्रिंस से बेहद खराब प्रश्न पूछा। यौन अपराधी एपस्टीन पर एक सवाल पूछे जाने पर ट्रंप ने ब्रूस से कहा, आप एक खराब रिपोर्टर हैं।

## नेपाल : जेन जी की ओली की पार्टी के कार्यकर्ताओं से झड़प बारा जिले में कर्फ्यू

**काठमांडू।** भारत से सटे नेपाल के बारा जिले के कुछ हिस्सों में जेन जी युवाओं और अपदस्थ प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प के बाद बुधवार को इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया।

बारा जिला प्रशासन ने बताया कि सिमारा हवाई अड्डे के 500 मीटर के दायरे में अपराह्न 12:30 बजे से रात 8:00 बजे तक कर्फ्यू लागू रहेगा, क्योंकि वहां सैकड़ों जेनरेशन जी युवा नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के खिलाफ नारे लगाते हुए एकत्र हुए थे। पुलिस ने बताया कि यह झड़प उस समय हुई जब बुद्ध एयर का विमान पार्टी महासचिव शंकर पोखरेल और पार्टी के युवा नेता महेश बसनेत को लेकर काठमांडू से सिमारा के लिए उड़ान भरने वाला था, जहां उन्हें सरकार विरोधी रैली को संबोधित करना था।

सीपीएन-यूएमएल नेताओं के सिमारा जाने की खबर जैसे ही फैली जेन जी के प्रदर्शनकारी उनके आगमन का विरोध करने के लिए हवाई अड्डे पर एकत्र हो गए। जहां उनकी स्थानीय सीपीएन-यूएमएल कार्यकर्ताओं के साथ झड़प हो गई।

## ताकाइची को चीन की धमकी, ताइवान पर टिप्पणी वापस न ली तो कार्रवाई

**बीजिंग/टोक्यो।** चीन ने बुधवार को जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची से ताइवान पर की गई गलत टिप्पणियां वापस लेने को कहते हुए चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर जवाबी कदम उठाए जाएंगे।

दोनों देशों के अधिकारियों के बीच बीजिंग में तनाव कम करने के लिए हुई बैठक के एक दिन बाद चीन ने यह चेतावनी जारी की। चीन-जापान के बीच हुई बैठक में हालांकि मतभेदों को दूर करने पर बात नहीं बनी। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां कहा कि ताकाइची ने हाल ही में ताइवान के बारे में गलत टिप्पणियां कीं, जो चीन के आंतरिक मामलों में घोर हस्तक्षेप है और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। उन्होंने युद्धोत्तर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को चुनौती दी और चीन के लोगों में

- जापान के साथ बढ़ा तनाव, बीजिंग में बैठक के बाद भी मतभेद कायम

आक्रोश को भड़काया है।

उन्होंने कहा, म जापान से आग्रह करते हैं कि वह अपनी गलत टिप्पणियों को वापस ले, समस्याएं उत्पन्न करना बंद करे और द्विपक्षीय संबंधों की नींव को बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए। माओ ने कहा, अगर जापान अपनी टिप्पणियों को वापस लेने से इन्कार करता है, तो चीन के पास गंभीर जवाबी कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा और इसके सभी परिणाम जापान को भुगतने होंगे। माओ ने एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि जापान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता पाने के लिए पूरी तरह से अयोग्य है।

## एसआईआर के बीच सीमा पार करने की कोशिश कर रहे अवैध बांग्लादेशियों की संख्या बढ़ी

कोलकाता, एजेंसी

- बीएसएफ का खुलासा, अचानक संख्या बढ़ने से सीमा पर दबाव

बीएसएफ के अधिकारियों के अनुसार हाल के सप्ताहों में दक्षिण बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पार करने का प्रयास करने वाले अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है तथा इस वृद्धि को एसआईआर से जोड़ा जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा किउत्तरी 24 परगना और मालदा जिलों में बिना बाड़ वाले इलाकों से घर लौटने की कोशिश कर रहे बिना दस्तावेज वाले बांग्लादेशी प्रवासियों की संख्या में पिछले दो वर्षों की तुलना में 'बड़ी वृद्धि' देखी गई है।

बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पहले ऐसी घटनाएं बमुश्किल दोहरे अंक में पहुंचती थीं। अब यह आंकड़ा हर दिन लगातार तीन अंकों में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ रिपोर्टों में प्रतिदिन लगभग 500 की संख्या बताई गई है, जबकि वास्तविक संख्या थोड़ी कम है, लेकिन पर्याप्त है 100, 150 या इससे अधिक। उत्तरी 24 परगना में सीमा पर तैनात बीएसएफ कर्मियों ने कहा कि चौकियों पर छोटे बैग और सामान ले जाने वाले लोगों की कतार देखी जा रही है, जो खुले तौर पर स्वीकार कर रहे हैं कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं जो काम की तलाश में वर्षों पहले अवैध रूप से भारत आए थे। उनमें से एक, आयशा बीबी, जिसने खुद को खुलना जिले का निवासी बताया, ने कहा कि वह गरीबी के कारण भारत आई थी और बिना कागजात के यहां रह रही थी।

उन्होंने कहा, मेरे पास कोई दस्तावेज नहीं है। अब मैं खुलना लौटना चाहती हूं। मैं यहां वापस जाने का ही इंतजार कर रही हूं। एक अन्य बांग्लादेशी सतखिरा के अमीर मिर्जा ने कहा कि वह रोजगार की तलाश में भारत आया था और बिराती में रह रहा था। उन्होंने कहा, मेरे जैसे कई लोग हैं। अब हम सभी वापस जाना चाहते हैं। बांग्लादेशी प्रवासियों के लौटने की संख्या में अचानक हुई वृद्धि से बीएसएफ और राज्य पुलिस पर दबाव बढ़ गया है, जिन्हें सीमा के दोनों ओर पकड़े गए प्रत्येक व्यक्ति का बायोमेट्रिक सत्यापन, पूछताछ और आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच करनी होती है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 नवंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या 12.16 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 10.58 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** - आज स्वास्थ्य समस्या है, तो तुरंत अपने डॉक्टर से मिलें। आर्थिक कारणों से आपका मन विचलित रहेगा। सिरदर्द और बुखार की समस्या हो सकती है। आडंबर युक्त व्यवहार के कारण लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं।

**वृष** - आज परिवार में सुख-शांति रहेगी। आप जैसी अपेक्षा कर रहे थे काम वैसे ही होंगे। व्यापार में बड़ी डील हो सकती है। नया काम भी शुरू कर सकते हैं। अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है। शुभ समाचार मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी।

**मिथुन** - आज कार्यक्षेत्र में विदेशी लोगों से आपको समर्थन मिल सकता है। अपनी गलतियों को सुधारने का प्रयास करें। विवाहोत्सुक जातकों को प्रस्ताव मिल सकते हैं। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर तनाव में आ सकते हैं।

**कर्क** - आज आध्यात्मिक विषयों के प्रति आपकी जिज्ञासा बढ़ सकती है। घरेलू कलह से बचने के लिए स्वयं शांत रहें। अपने भाग्य को दोष देने के बजाय मजबूती से चुनौतियों का सामना करें, सफलता शीघ्र ही मिलेगी। संतान के व्यवहार से निराशा हो सकती है।

**सिंह** - आज जीवनसाथी आपकी भावनाओं को समझ नहीं पा रहे हैं, लेकिन यदि कहीं आप इसके लिए जिम्मेदार हैं, तो इस मामले को शीघ्रता से सुलझा लें। वरना आप काफी अकेलापन महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा।

**कन्या** - आज व्यवसाय में आशा से बेहतर परिणाम मिलेंगे। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। अधीनस्थ कर्मचारी विद्रोही रूख व्यक्त कर सकते हैं। नाराज लोगों को मनाने के लिए दिन बेहतर है।

**तुला** - आज मान-सम्मान में कमी आ सकती है। किसी जरूरी कार्य के बाधित होने के कारण कुंठाग्रस्त हो सकते हैं। छोटे बच्चों या अध्यात्मिक लोगों के साथ समय बिताना लाभकारी होगा। सुख-सुविधाओं पर अधिक धन खर्च कर सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। कमीशन आदि से लाभ हो सकता है। व्यवसाय में नए अनुबंध हो सकते हैं, किंतु काम शुरू नहीं हो पाएगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को लेकर अत्यंत संवेदनशील रहेंगे।

**धनु** - आज आपको बहुत परिश्रम करने से बचना चाहिए। कानूनी उलझनों में फंस सकते हैं। बेमतलब के कार्यों में आपका समय बर्बाद होगा। अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न होगी। मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त नहीं होगा। भाई-बहनों को कोई स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**मकर** - आज कार्यक्षेत्र में आपका दबदबा बढ़ेगा। नौकरीपेशा लोगों की आय में वृद्धि हो सकती है। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो दिन बेहद अनुकूल है। प्रियजनों से आपको उत्तम सलाह व उचित सहायता मिल सकती है। बच्चे माता-पिता की आशाओं पर खरे उतरेंगे।

**कुंभ** - आज व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भावनाओं का आधिक्य रहेगा। कृषि कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। किसी से अधिक अपेक्षा न करें, क्योंकि आप जैसा सोचेंगे वैसा होगा नहीं। संतान को लेकर थोड़े विचारशील हो सकते हैं।

**मीन** - आज यात्राओं के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। पुरानी गलतियों का भुगतान करना पड़ सकता है। क्रोध व उत्तेजित प्रतिक्रिया से बचें। धर्म के प्रति मन में शंका हो सकती है। संपत्ति विवाद गहरा सकते हैं।

### सुडोकू-166

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | 2 | | 8 | | | | |
| | | | | | | 4 | | |
| | | 9 | | | | | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | | | | |

### सुडोकू - 165 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 7 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 |

घरेलू प्रतियोगिता के व्यस्त कार्यक्रम पर हमेशा मिश्रित राय होगी, लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है। घरेलू सत्र के दौरान लाल गेंद के मैचों के बीच कुछ सीमित ओवरों के मैच खेलने से खिलाड़ियों को मानसिक रूप से तरोताजा रहने में मदद मिलती है।

-शार्दुल ठाकुर


# स्टेडियम

कानपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल बने नंबर एक वनडे बल्लेबाज

**दुबई :** भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद बुधवार को जारी आईसीसी की एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार शतक की बदौलत मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कैरेबियाई टीम के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती मैच में अपना सातवां एकदिवसीय शतक लगाया और यह फॉर्म में चल रहे इस दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए रोहित को पछाड़कर अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। मिचेल के वर्तमान में 782 रेटिंग अंक हैं जो रोहित से एक अंक अधिक है।

### बुमराह टेस्ट गेंदबाजों की शीर्ष रैंकिंग पर

**दुबई :** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ईडन गार्डन्स में पहले टेस्ट में छह विकेट लेकर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज का स्थान बरकरार रखा है। उनके साथी कुलदीप यादव (दो स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर) और रविंद्र जडेजा (चार स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर) की गेंदबाजी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन (एक स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर) और साइमन हार्मर (20 स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर) भी भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद टेस्ट गेंदबाजों की सूची में आगे बढ़े हैं। यानसेन टेस्ट ऑलराउंडर की नवीनतम रैंकिंग में भी एक स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

### हिमांशु ने पैरा तैराकी में जीते तीन स्वर्ण

**हैदराबाद :** हिमांशु नंदल ने राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैम्पियनशिप में एस11 वर्ग में तीन स्वर्ण के साथ सर्वश्रेष्ठ तैराक का पुरस्कार भी जीता। यह टूर्नामेंट यहां 15 से 18 नवंबर के बीच खेला गया था। नंदल ने एस11 श्रेणी में रफ्तार, अनुशासन और नियंत्रण का प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण अपने नाम किये। उन्होंने 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक और 100 मीटर बैकस्ट्रोक में सोना जीता।

### फिडे विश्व कप में भारत की चुनौती समाप्त

**पणजी :** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को बुधवार को यहां क्वार्टर फाइनल के टाईब्रेक में चीन के वेई यी के खिलाफ 1.5-2.5 से हार का सामना करना पड़ा जिससे फिडे शतरंज विश्व कप में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। रेपिड टाईब्रेक बाजियों में भाग्य ने एरिगेसी का साथ नहीं दिया। चीन के खिलाड़ी ने एरिगेसी पर लगातार दबाव बनाए रखा। दोनों खिलाड़ियों के बीच पहली टाईब्रेक बाजी ड्रॉ रही लेकिन दूसरी बाजी में एरिगेसी ने नियंत्रण गंवाने के साथ मुकाबला भी गंवा दिया। एरिगेसी दूसरी बाजी में सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन इसके बावजूद फायदा उठाने में नाकाम रहे। आंद्रे इसिपेंको ने टाईब्रेकर की शुरुआती दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद अगली दोनों बाजियां जीतकर अमेरिका के सैम शेंकलैंड को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# विस्फोटक रिंकू सिंह ने खेली करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी

कोयंबटूर, एजेंसी

टी-20 क्रिकेट में फिनिशर की भूमिका के लिए मशहूर रिंकू सिंह ने बुधवार को यहां प्रथम श्रेणी क्रिकेट में करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रन की पारी खेली जिससे उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच के चौथे और अंतिम दिन बुधवार को यहां तमिलनाडु के खिलाफ पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करके तीन अंक जुटाए।

तमिलनाडु के पहली पारी के 455 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने 460 रन बनाकर ड्रॉ हुए मैच में तीन अंक हासिल किए। तमिलनाडु को एक अंक मिला। उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाने में रिंकू की अहम भूमिका रही जिन्होंने 247 गेंद की अपनी पारी में 17 चौके और छह छक्के मारे। निचले क्रम में शिवम मावी ने भी 54 रन की उपयोगी पारी खेली। भारत की राष्ट्रीय टीम जब स्वदेश में टेस्ट मैच में स्पिनरों का सामना करने में जूझ रही है तब रिंकू ने इस पारी से टीम में जगह बनाने की अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। नागपुर में पूर्व चैंपियन विदर्भ ने तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे (15 रन पर पांच विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से बड़ौदा को 144 रन से हराया। विदर्भ को

- तमिलनाडु के खिलाफ ड्रॉ मैच से यूपी ने बटोरे तीन अंक

इस जीत से छह अंक मिले जिससे उसने तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। विदर्भ के 276 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा ने मंगलवार को 73 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे और अंततः उसकी पूरी टीम 50.4 ओवर में 131 रन पर सिमट गई।विदर्भ के पहली पारी के 169 रन के जवाब में बड़ौदा ने 166 रन बनाए थे। विदर्भ की जीत में नालकंडे की अहम भूमिका रही जिन्होंने अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के सात साल बाद पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए।

बड़ौदा की ओर से दूसरी पारी में सुकीर्त पांडे 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। जमशेदपुर में झारखंड ने आंध्र को पारी और 81 रन से हराया। झारखंड के 328 रन के जवाब में आंध्र ने पहली पारी छह विकेट पर 567 रन बनाकर घोषित की। इसके बाद झारखंड की टीम दूसरी पारी में 158 रन पर सिमट गई और उसे पारी के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। आंध्र की ओर से सौरभ कुमार ने 47 रन पर पांच जबकि त्रिपुराना विजय ने 39 रन पर तीन विकेट चटकाए। आंध्र को इस जीत से बोनस अंक सहित सात अंक मिले। भुवनेश्वर में ओडिशा ने नगालैंड को 299 रन से हराया।

ओडिशा के 465 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नगालैंड की टीम गोविंदा पोद्दार (69 रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 165 रन पर सिमट गई। नगालैंड की ओर से देगा निश्चल ने सर्वाधिक 52 रन बनाए।

# गिल पूरी तरह फिट नहीं, पर खेलने को बेताब

## टीम के बाकी सदस्यों के साथ बुधवार को पहुंचे गुवाहाटी, बीसीसीआई सचिव बोले- उनकी प्रगति को देखकर लिया जाएगा फैसला

गुवाहाटी, एजेंसी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम के बाकी सदस्यों के साथ बुधवार को गुवाहाटी पहुंच गए, लेकिन उनकी गर्दन की चोट शनिवार को यहां शुरू होने वाले मैच से पहले पूरी तरह ठीक होने की संभावना नहीं है। पूरी संभावना है कि गिल गुरुवार और शुक्रवार को होने वाले अभ्यास सत्रों के दौरान खुद को फिट साबित करने की पूरी कोशिश करेंगे।

भारतीय टीम के सूत्रों की मानें तो 26 वर्षीय गिल अभी शतप्रतिशत फिट नहीं हैं। उनकी गर्दन में दर्द अभी भी बना हुआ है, हालांकि यह पहले की तुलना में काफी कम है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने दिन में कहा था कि गिल टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में कहा शुभमन पर उपचार का अच्छा असर हो रहा है और वह 19 नवंबर 2025 को टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। उन्होंने कहा बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी करती रहेगी और दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी पर फैसला उनकी प्रगति को देखकर लिया जाएगा।

इस तरह से बीसीसीआई के सचिव ने भी गिल के दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर संशय बरकरार रखा। कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 26 वर्षीय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी। वह पहली पारी में चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और इसके बाद मैच में आगे नहीं खेल पाए थे। गिल को इस चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। गिल की अनुपस्थिति में भारतीय टीम यह मैच 30 रन से हार गई थी।

गिल को चिकित्सकीय रूप में फिट घोषित किया जा सकता है लेकिन पांच दिन की क्रिकेट की चुनौती अलग तरह की होती है जिसके कारण समस्या बढ़ सकती है और उन्हें लंबे समय तक बाहर रहना पड़ सकता है। पहले टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों की स्पिनरों को खेलने की कमजोरी का खुलासा हो गया।

कोलकाता टेस्ट के बाद ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर एक बड़ा खतरा बन गए हैं, ऐसे में स्पिन का सामना करने में सक्षम दाएं हाथ के बल्लेबाज की टीम को सख्त जरूरत है। मौजूदा कोचिंग स्टाफ और चयन समिति को सरफराज खान, करुण नायर या अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ियों पर ज्यादा भरोसा नहीं है, जबकि ये तीनों स्पिन को अच्छी तरह से खेलते हैं। उनका सीधा तर्क यह है कि भले ही साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल दोनों बाएं हाथ के खिलाड़ी हैं, लेकिन किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करने पर युवा खिलाड़ियों की दबाव झेलने की क्षमता पर विश्वास की कमी का संकेत मिलेगा। सुदर्शन का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है और कुछ लोगों का मानना है कि ध्रुव जुरेल अपनी बेहतर तकनीक के साथ तीसरे नंबर पर बेहतर विकल्प हो सकते हैं।

भारतीय टीम की वर्तमान स्थिति को देखते हुए ही गिल बल्लेबाजी के लिए पर्याप्त रूप से फिट होना चाहते हैं, क्योंकि आधा फिट कप्तान भी सुदर्शन, ईश्वरन या सरफराज से अधिक प्रभावी माना जाता है। इसके अलावा गिल का टेस्ट कप्तान के रूप में यह शुरुआती दौर है और वह किसी मैच से बाहर नहीं बैठना चाहेंगे। गिल के चोटिल होने के कारण ऑलराउंडर नितीश रेड्डी को राजकोट में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चल रही भारत ए की सीरीज से वापस बुला दिया गया है।

गुवाहाटी के गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत और दक्षिण अफ्रीकी टीमों के खिलाड़ी व स्टाफ के सदस्य। एजेंसी

### एकदिवसीय मुकाबलों से बाहर रह सकते हैं हार्दिक और बुमराह

**गुवाहाटी।** अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए जांघ की चोट से उबर रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के 30 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में खेलने की संभावना नहीं है और उम्मीद है कि वह फिलहाल केवल सबसे छोटे प्रारूप (टी20) पर ही ध्यान केंद्रित करेंगे। मुख्य तेज गेंदबाजों के काम के बोझ के प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला से आराम दिए जाने की संभावना है क्योंकि इसका टी20 विश्व कप की तैयारी में कोई खास महत्व नहीं है। हार्दिक को सितंबर में दुबई में एशिया कप टी20 के दौरान जांघ में चोट लगी थी और वह पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में भी नहीं खेल पाए थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया हार्दिक इस समय अपनी जांघ की चोट से उबर रहे हैं। वह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी आरटीपी ट्रेनिंग कर रहे हैं। फिलहाल जांघ की चोट से वापसी के बाद उन्हें धीरे-धीरे अपना कार्यभार बढ़ाने की जरूरत है और सीधे 50 ओवर के मैच खेलना जोखिम भरा होगा।

# लक्ष्य सहित पांच भारतीय दूसरे दौर में

सिडनी, एजेंसी

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन**

लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने चीनी ताइपे के सु ली यांग को 21-17, 21-13 से हराया, जबकि इस प्रतियोगिता में 2023 के उपविजेता प्रणय ने खराब शुरुआत से उबरते हुए पहले दौर के मैच में दुनिया के 85वें नंबर के खिलाड़ी योहानेस सौत मार्सेलिनो को 57 मिनट में 6-21, 21-12, 21-17 से हराया।

विश्व के 32वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने कनाडा के सैम युआन को 33 मिनट में 21-11, 21-15 से पराजित किया। मकाऊ ओपन के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को 66 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराया।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता अनुभवी किदांबी श्रीकांत भी 64 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ली चिया हाओ को 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए।

इस बीच किरण जॉर्ज को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद जापान के छठी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से 21-11, 22-24, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा।

मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को एक अन्य मैच में कनाडा के नाइल याकुरा और क्रिस्टल लाई ने 12-21, 16-21 से हराकर बाहर कर दिया।

भारत ए पर जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाड़ी। एजेंसी

# दक्षिण अफ्रीका ए बचा क्लीन स्वीप होने से

राजकोट, एजेंसी

- सीरीज के तीसरे व अंतिम मैच में भारत ए को 73 रनों से हराया

युवा बल्लेबाज हुआन ड्रे प्रिटोरियस के शानदार शतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ए ने तीसरे अनधिकृत वनडे में भारत ए को 73 रन से हराकर सीरीज में सूपड़ा साफ होने से बचाया। भारत ए ने पहले दोनों मैच जीते थे।

प्रिटोरियस (98 गेंद में 123 रन)के अलावा सलामी बल्लेबाज रिवाल्डो मूनसामी (130 गेंद में 107 रन) ने भी शतक लगाया और दोनों ने 241 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका को 50 ओवरों में छह विकेट पर 325 रन तक पहुंचाया। भारत के लिये हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और खलील अहमद ने दो दो विकेट लिये। जवाब में भारत ए टीम 49.1 ओवर में 252 रन पर आउट हो गई। भारत ए के लिये सिर्फ आयुष बडोनी 66 गेंद में 66 रन बना सके। ईशान किशन ने 67 गेंद में 53 रन बनाए जबकि बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे।

**विश्व चैंपियनशिप** | पूरे आत्मविश्वास और नियंत्रण के साथ लड़ते हुए विश्व चैंपियन जैस्मीन ने कजाकिस्तान की सरसेनबेक को हराया

# दस भारतीय मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए उतरेंगे

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

विश्व चैंपियन जैस्मीन लैम्बोरिया (57 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कजाकिस्तान की उल्जान सरसेनबेक, जो एशियाई युवा चैंपियनशिप की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता हैं, को 5-0 से हराकर विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल 2025 के फाइनल में प्रवेश किया।

जैस्मीन और अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ, जो गुरुवार को शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जदुमणि सिंह और पवन बर्तवाल भी अपने प्रतिद्वंद्वियों पर सर्वसम्मति से जीत हासिल करने के बाद शामिल हुए। पूरे आत्मविश्वास और नियंत्रण के साथ लड़ते हुए, जैस्मीन ने शुरुआत में ही अपने शानदार संयोजनों से अपनी धाक जमाई, ब्लॉक और स्लिप के बावजूद अपनी रक्षात्मक रक्षापंक्ति को मजबूत बनाए रखा और तीसरे राउंड के आखिर में अपनी प्रतिद्वंद्वी के आक्रामक रुख को शांतचित्त होकर झेलते हुए एक बेहतरीन जीत दर्ज की। विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 की स्वर्ण पदक विजेता, अपने वर्ग की सबसे प्रतिष्ठित मुक्केबाजों में से एक, पेरिस ओलंपिक पदक विजेता चीनी ताइपे की वू-शिह यी के खिलाफ एक धमाकेदार खिताबी मुकाबले के लिए तैयार हैं। भारत का फाइनल में पहुंचने का अभियान पवन (55 किग्रा) और जदुमणि (50 किग्रा) के माध्यम से जारी रहा, दोनों ने शानदार जीत हासिल कर मेज़बान देश की गति को बढ़ाया। इस सप्ताह की शुरुआत में मिली सफलता के शिखर पर पहुंचे पवन ने शुरुआती कड़े मुकाबले से उबरते हुए इंग्लैंड के एलिस ट्रोब्रिज पर गति, सटीकता और पलटवार के दो शानदार राउंड के साथ 5-0 से जीत हासिल की। जदुमणि ने ऑस्ट्रेलिया के ओमर इज़ाज-जो अस्ताना विश्व कप पदक विजेता हैं-को लगातार दबाव, तीखे हुक और चतुराई भरे फुटवर्क से परास्त किया, जिससे उनसे लंबे मुक्केबाज पूरे समय रस्सियों पर बने रहे। इससे पहले, जुगनू (85 किग्रा) 5:0 से हारकर बाहर हो गए, जबकि नीरज फोगाट (65 किग्रा) ने ओलंपिक पदक विजेता चेन निएन-चिन के खिलाफ जोशीला और निडर प्रदर्शन किया, पर 3:2 के विभाजित निर्णय से हार गए। छठे सत्र के परिणामों के बाद, गुरुवार के फाइनल में दस भारतीय मुक्केबाजों के भाग लेने की पुष्टि हो गई है।

महिलाओं के 70 किग्रा सेमीफाइनल में भारत की अरुंधति चौधरी (लाल रंग में) ने जर्मनी की लियोनी मुलर के खिलाफ जमकर वार किया। एजेंसी

### अरुंधति फाइनल में उज्बेकिस्तान की अजीजा से भिड़ेंगी

लियोनी मुलर के खिलाफ अपनी जीत के बाद, अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) फाइनल में उज्बेकिस्तान की अजीजा ज़ोकिरोवा से भिड़ेंगी, जो 2022 एशियाई युवा चैंपियन और 2024 एशियाई रजत पदक विजेता हैं। नूपुर (80 किग्रा) का मुकाबला उज्बेकिस्तान की सोतिम्बोएवा ओल्टिनोय से होगा, जबकि पूजा (80 किग्रा) को पोलैंड की अगाता काजमारस्का, जो 80 किग्रा वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं, के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पुरुषों की लाइनअप में, अंकुश फंगल (80 किग्रा) 2024 विश्व मुक्केबाजी कप चैंपियन, इंग्लैंड के शिट्टू ओलादिमेजी के खिलाफ फाइनल में प्रवेश करेंगे।

# स्पेन, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड और स्कॉटलैंड ने विश्व कप में जगह बनाई

ग्लास्गो, एजेंसी

स्कॉटलैंड ने डेनमार्क को हराकर 28 साल के इंतजार के बाद विश्व कप फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित की जबकि ऑस्ट्रिया भी 1998 के बाद पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा।

स्पेन ने यूरोप में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में 31 मैच तक अजेय रहने के इटली के रिकॉर्ड की बराबरी करके अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित की। मंगलवार को यूरोपीय क्वालीफाइंग समाप्त होने के साथ ही बेल्जियम और स्विट्ज़रलैंड ने भी विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। इस तरह यूरोप से 12 टीमों ने अपने ग्रुप में विजेता बनकर क्वालीफाई कर लिया है।

विश्व कप फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित करने के बाद बेल्जियम के खिलाड़ी।

### डेढ़ लाख की आबादी वाले देश कुराकाओ ने विश्व कप में जगह बनाकर रचा इतिहास

**किंग्सटन, जमैका :** कुराकाओ की जनसंख्या लगभग डेढ़ लाख है, लेकिन इसके बावजूद उसने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाकर नया इतिहास रच दिया। कुराकाओ ने जमैका के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। इस तरह से वह फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश बन गया है। कुराकाओ के केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार पिछली जनवरी तक देश की जनसंख्या 156,115 थी। इससे पहले विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश आइसलैंड था। उसने जब 2018 में रूस ने खेले गए विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था तब उसकी जनसंख्या लगभग 350,000 थी।